सेंसेक्स 73,806.15 ▲ +1,305.85
डॉलर 82.849 ▼ -0.061

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 16.0 | 26.0 |
| धनबाद | 28.0 | 18.0 | 28.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 20.0 | 30.0 |
| पलामू | 28.0 | 17.0 | 28.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 04 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 137, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया कि ... 06
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
डोनाल्ड ट्रम्प ने मिसौरी के रिपब्लिकन ...10 देश/विदेश

# शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित हुआ पलामू : वीडी राम

## पलामू से दो बार के सांसद से सीधी बात



**झारखंड के पूर्व डीजीपी और पलामू लोकसभा सीट से दो बार निर्वाचित हुए सांसद विष्णु दयाल राम के अति व्यस्त कार्यक्रम के बीच राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यकारी संपादक सुनील बादल ने डाल्टनगंज में उनके आवास पर सीधी बात की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश : बोले सांसद वीडी राम....**

■ राज्य सरकार की उदासीनता से पिछड़ा है पलामू ■ पलामू के विकास के लिए एयरपोर्ट का होना बहुत जरूरी



वीडी राम के नाम से लोकप्रिय विष्णु दयाल राम न केवल भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहने के दौरान अपराध नियंत्रण और जनता के हित में किए गए अपने कार्यों के लिए जाने जाते हैं, बल्कि पलामू सासंद के रूप में लोकहित, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में किए गए काम के कारण भी लोगों में अपनी पैठ बना चुके हैं। पिछले लगभग 10 सालों की उनकी उपलब्धि पूछने पर सांसद का कहना था कि पलामू संसदीय क्षेत्र पलामू और गढ़वा दो जिलों को मिलाकर बना है और दोनों में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, सेंट्रल स्कूल, नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालयों की स्थापना हुई। अनेक स्कूलों को उच्चतर शिक्षण संस्थानों में अपग्रेड किया गया, जिससे यहां पर पढ़ाई का एक माहौल विकसित हुआ है। बच्चों में 'नीड फॉर एचिवमेंट' की बेहतर प्रवृत्ति विकसित हुई है। आने वाले समय में इस क्षेत्र के छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों फलक पर चमकेंगे।

### 22 सिंचाई परियोजनाएं कार्यान्वित

उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में 22 सिंचाई परियोजनाएं स्वीकृत हुईं और कार्यान्वित भी हुईं। सोन और कनहर नदी के पानी को अपलिफ्ट करके किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की योजना लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है और उम्मीद है कि 2024 में यह पूर्ण हो जाएगी। इससे किसानों को लाभ पहुंचेगा और पैदावार बढ़ेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि, जो पलामू की बड़ी समस्या है, उससे मुक्ति मिलेगी।

सांसद ने कहा कि कोयल और कनहर के अलावा सोन नदी से पानी लिफ्ट करने की योजना का शिलान्यास भी किया गया है। इन योजनाओं में पाइप से पानी पहुंचाने की योजना पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन यह राज्य सरकार की अनमनस्यकता के कारण चार साल से लंबित है। यह और गढ़वा की योजना साथ-साथ पूरी होने वाली थी। पर, गढ़वा की योजना लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है, जबकि दूसरी योजना अभी तक लटकी हुई है। उनका कहना है कि योजना कैबिनेट से स्वीकृत नहीं हुई थी, जबकि गढ़वा वाली योजना स्वीकृत हुई थी। प्रधानमंत्री जब पलामू आए थे, तो उन्होंने इसका शिलान्यास भी किया था।

### तीन बार मंडल डैम का शिलान्यास

यह पूछने पर कि मंडल डैम का भी तीन बार शिलान्यास हुआ, लेकिन उसके बाद भी लटका हुआ है, तो उनका कहना था कि यह उनके संसदीय क्षेत्र में पूरी तरह नहीं आता। मंडल के दो भाग हैं- पहला लातेहार और दूसरा पलामू। दूसरे भाग यानी पलामू वाले भाग में 60 प्रतिशत काम हो चुका है। यह 40 प्रतिशत बाकी है और वह भी जल्द ही पूरा हो जाएगा। काम क्यों लटका हुआ है, उसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लीक से हटकर 15000 प्रति परिवार घर का मुआवजा भुगतान करने के लिए राशि 6 महीने पहले भेज चुकी है। अब राज्य सरकार को फैसला करना है कि मुआवजा एक बार में देना है या किस्तों में। यह फैसला नहीं ले पाने के कारण यह लंबित है। समस्या यह भी है कि रैयतों की एक नई मांग जुड़ गई है कि पैसे भी दीजिए और मकान भी बनवाकर दीजिए, जबकि 15000 मकान के लिए केंद्र सरकार पहले ही राशि दे चुकी है। इस प्रकार केवल 72 परिवारों को ही मुआवजा देना है, जो एक बहुत बड़ा कार्य नहीं है। लेकिन, राज्य सरकार के स्तर पर मामला रुका हुआ है। मंडल डैम के 13 में 12 फाटक बनकर तैयार हैं, जो बहुत जल्द पूर्ण हो जाएंगे और काम शुरू हो जाएगा।

राज्य सरकार का सहयोग क्यों नहीं मिल रहा है, यह पूछने पर उनका कहना है कि कारण राजनीतिक भी हो सकता है, उदासीनता भी हो सकती है और प्रशासनिक अक्षमता भी, या तीनों ही कारण हो सकते हैं। जल संसाधन राज्य सरकार के अधीन है और केंद्र सरकार सिर्फ गाइडलाइन जारी कर सकती है। इस कारण जो भी देर हो रही है, उसके लिए सीधे-सीधे राज्य सरकार और मुआवजे को लेकर ढुलमुल नीति जिम्मेदार है।

### भटके लोग और हिंसा

यह पूछने पर कि बहुत सारे लोग मुख्य धारा से भटक कर जंगलों की तरफ चले गए थे,हिंसा हुई और इस कारण पलामू की बहुत बदनामी हुई, वह स्वयं पुलिस के सबसे बड़े अधिकारी रहे हैं, आज वे भटके लोग कहां पर हैं और इसका क्या समाधान हो सकता है, तो उनका कहना है कि वामपंथी उग्रवाद अब समाप्ति की ओर है। वे अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। यही वक्त है और सही वक्त है, जब सबसे अधिक दबाव बनाकर वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाए, न कि यह मानकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा जाए कि उग्रवाद समाप्त हो गया। केंद्र सरकार की ओर से हर मुमकिन मदद राज्य सरकार को दी जा रही है और भविष्य में भी दी जाती रहेगी। दुर्गम स्थानों में संपर्क के लिए आधुनिक संचार उपकरण, आधुनिकीकरण के उपकरण और एसआरइ के लिए 33 करोड़ रुपये राज्य सरकार को उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, आकांक्षी जिलों में जिस प्रकार की उपलब्धि होती है, उसके अनुरूप भी खुले हाथों से राज्य सरकार को केंद्र सरकार पैसे देती रही है। केंद्र सरकार के स्तर पर पैसे देने में कमी नहीं की गई है।

### पुलिस महकमे को अब सलाह नहीं देते

श्री राम से जब यह पूछा गया कि वे खुद डीजीपी रहे हैं और स्कॉटलैंड यार्ड से प्रशिक्षित हैं, उनके जमाने में उग्रवाद की लड़ाई चरम पर थी, जो धीरे-धीरे शांत हुई, आज क्या वे पुलिस अधिकारियों या पुलिस महकमे को कोई सलाह देंगे, तो उनका कहना था कि उनके रिटायर हुए 12 साल हो गए और अब वे सुझाव नहीं देते। यह पूछने पर कि समस्या का मूल कारण क्या है, पलामू में मुख्य रूप से यह कहा जाता है कि पुलिस की संवेदनशीलता जितनी होनी चाहिए, उतनी नहीं है और इस कारण कंगारू कोर्ट या माओवादियों के पास लोग न्याय के लिए जाते हैं, तो उनका कहना था कि यह बात सच है कि जहां न्याय नहीं मिलता, वहां प्रशासन से दुराव बढ़ता है और लोग आत्महत्या तक कर लेते हैं। उग्रवाद रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों सहित प्रशासन और समाज को संवेदनशील बनना चाहिए। उनके कार्यकाल में उन्होंने एक प्रयोग किया था और उसका लाभ भी मिला था। हाल में सीआरपीसी समेत अपराध से जुड़े कानूनों में जो परिवर्तन गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के स्तर पर हुई, उससे भारतीय न्याय व्यवस्था में एक बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। अंग्रेजों के समय दंडित करने का प्रावधान था, और अब नई प्रणाली में न्याय दिलाने की प्रक्रिया सन्निहित है।

यह पूछने पर कि कोई उनकी अधूरी इच्छा हो, जो अवसर मिले तो वे पूरी करना चाहेंगे, तो उनका कहना है कि पलामू की बड़ी समस्या बेरोजगारी है। यहां पर कल-कारखाने लगें, फैक्ट्रियां लगें, तो रोजगार की समस्या और पलायनवाद की समस्या पर रोक लग सकती है और सभी जनप्रतिनिधियों को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। उनकी इच्छा यह भी है कि पलामू के लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए जो प्रयास हो रहे हैं, जो आर्थिक रूप से मदद मिल रही है, हुनर के विकास के लिए जो प्रयास हो रहे हैं, उन योजनाओं का लाभ आम जनता को उठाना चाहिए। जनता के स्तर पर जागरूकता में कमी है। लोग योजनाओं का लाभ लेने के लिए 'सरकार आपके द्वार' जैसे कार्यक्रम में बढ़-कर कर भाग लें। फॉर्म भर कर अधिकारियों के पास जाएं। यह पूछने पर की बिचौलिया संस्कृति के बीच एक कम पढ़ा लिखा या मामूली व्यक्ति कैसे योजनाओं की स्वीकृति लेगा, उनका कहना था कि उसके लिए उन्हें अधिकारियों से सीधे मिलना चाहिए और न्याय नहीं मिलने पर ऊपर के अधिकारियों के पास शिकायत करनी चाहिए। इसी से बिचौलिया संस्कृति पर रोक लग सकती है।



### अगली पारी की क्या है तैयारी ?

यह पूछने पर कि अगली पारी की क्या तैयारी है, तो उनका कहना था कि भाजपा एक सिस्टम से काम करती है। राज्य स्तर पर संसदीय बोर्ड से नाम अनुशंसित होते हैं और केंद्र के संसदीय बोर्ड पार्टी एवं हाई कमान के स्तर पर यह निर्णय लिया जाता है कि किसको टिकट मिलना चाहिए या नहीं मिलना चाहिए। भाजपा चुनाव लड़ने या जीतने के लिए नहीं, जनता की सेवा करने के लिए मेकैनिज्म बनाती है। उन्हें जो निर्देश प्राप्त हुआ है, वह उसी अनुसार काम करेंगे।

यह पूछने पर कि बहुत सारे लोग जिनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है या जो समस्याएं लेकर आते हैं, उनकी समस्याओं पर सुनवाई के लिए क्या मेकैनिज्म उन्होंने अपनाया था, उनका कहना था कि 'पलामू संवाद' नाम से उन्होंने जनता की समस्याओं पर उनसे सीधी बातचीत की। जनता सीधे उनके पास आती है। इसके अलावा, जो पार्टी स्तर पर मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष के माध्यम से जो लोग आते हैं, उनकी समस्याओं का विधिवत समाधान होता है। यह पूछने पर कि क्या उसका रिकॉर्ड रखा जाता है?, उनका कहना है कि एक-एक व्यक्ति का रिकॉर्ड उनके पास मौजूद है। राज्य सरकार की गतिविधियों और वर्तमान मुख्यमंत्री पर टिप्पणी के संबंध में पूछने पर उनका कहना है कि कोई परिवर्तन नहीं दिख रहा है। कोई नया आइडिया सरकार के पास नहीं है। राज्य सरकार कुछ भी नया नहीं कर रही है। यहां तो यह भी अभाव है कि कौन सी योजना लंबित है, किस क्षेत्र के लिए क्या काम अधूरा पड़ा है, इसकी मॉनीटरिंग करने वाला, इसको देखने वाला भी कोई नहीं है। इस कारण पलामू सहित पूरे झारखंड में पिछड़ापन है।

### घटता जलस्तर

यह पूछने पर की पलामू की सबसे बड़ी समस्या सिंचाई से लेकर पेयजल की है और जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है, उनका कहना था कि मंडल डैम बहुत जल्द चालू हो जाएगा। पियर डैम का सर्वे किया गया है। कुछ सप्ताह पहले जल संसाधन विभाग के सचिव से उनकी बात हुई है पूर्व के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से भी उनकी चर्चा हुई थी, पर अचानक उनका स्थानांतरण हो गया, जिस कारण मामला आगे नहीं बढ़ा। उनका कहना है कि पलामू के विकास के लिए पलामू में एयरपोर्ट का होना बहुत जरूरी है, ताकि बाहर से निवेशक यहां आ सके। केंद्र सरकार 83 करोड़ रुपये मुआवजा के रूप में दे चुकी है, जिससे मुआवजे का भुगतान किया जा सके। चियांकी में हवाई अड्डा के लिए चार-चार बार टेंडर आमंत्रित किया गया, लेकिन राज्य सरकार की लापरवाही के कारण हवाई अड्डा अभी भी भू-अर्जन की समस्याओं के कारण अधूरा है।

### कब बनेगा पहला फोर लेन?

यह पूछने पर कि कुडू से डाल्टनगंज के रास्ते में सदियों से सड़क खराब है, हिचकोले खाते लोग आज भी डाल्टनगंज, जो कि कमिश्नरी का मुख्यालय है, वहां जाते हैं, उनका कहना था कि रांची-डाल्टनगंज फोरलेन राज्य सरकार की लापरवाही और भू-अर्जन की समस्याओं के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण कई बार प्रयास कर चुका है। भारतमाला सड़क परियोजना के तहत सुल्तानी घाटी के पास तक सड़क बन गई है और धीरे-धीरे सड़क आगे भी बन रही है। अगर भू अर्जन की समस्या नहीं हो, तो बनारस से लेकर रांची तक फोरलेन की बहुत ही सुव्यस्थित सड़क होगी। इससे आवागमन न सिर्फ रांची से यूपी तक सुव्यवस्थित हो जाएगा, बल्कि पलामू के लोगों को भी सुविधा होगी। आवागमन बेहतर होने से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा।




विष्णु दयाल राम
पलामू लोकसभा सांसद

## एक नजर

### गांधीपुर शिवरात्रि मेला स्थल की हुई साफ-सफाई



**मेदिनीनगर।** शिव मंदिर मेला समिति के तत्वावधान में बबलू पाण्डेय के नेतृत्व में चैनपुर प्रखंड अंतर्गत गांधीपुर शिवघाट स्थित मेला स्थल की साफ सफाई कराई गई। महुगावां निवासी बबलू पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा धार्मिक आयोजन होना गर्व की बात है। जेसीबी मशीन लगाकर पूरे मेला स्थल की साफ सफाई का कार्य किया गया है। मेला स्थल पर सुबह से ही समिति के सदस्य पूरी तत्परता के साथ डटे रहे। सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष 8 मार्च को आयोजित महाशिवरात्रि मेला ऐतिहासिक होगा। मौके पर भोजपुरी गायिका दीपिका ओझा व गायक धनंजय शर्मा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी। आयोजन को लेकर मेला समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें मुख्य संरक्षक मंगल सिंह, सुनील सिंह, रामलाल चौरसिया व प्रदीप दुबे, योगेंद्र सिंह को अध्यक्ष, श्यामलाल चौरसिया व संजय पासवान को उपाध्यक्ष, पं. विकास दुबे व मनोज सिंह को महामंत्री, राहुल चौरसिया को कोषाध्यक्ष, दिवाकर दुबे अधिवक्ता, संजीव सिंह व कृष्णा चौरसिया को स्वागताध्यक्ष, अशोक द्विवेदी एवं पंकज दुबे मंच उद्घोषक, संदीप चौरसिया को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। स्थल के साफ सफाई कार्य में श्यामलाल चौरसिया, मंटू चौरसिया, प्रदुम्न, अनुज, विफन चौरसिया एवं विकास दुबे का सक्रिय योगदान रहा।

### गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की छापेमारी, दुकानदार गिरफ्तार

# बरेवा में किराना दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा गांव में एक किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने 42 बोतल रॉयल स्टेज व छह बोतल बियर जब्त किया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की बरेवा गांव के एक किराना दुकान में अंग्रेजी शराब की बिक्री अवैध ढंग से की जा रही है। वरीय अधिकारियों के निर्देशन में



तत्काल पुलिस बल के साथ बरेवा गांव की किराना दुकान में शनिवार की देर शाम छापेमारी की गयी। इस दौरान अवैध ढंग से बेची जा रही शराब के साथ दुकानदार बिट्टू मेहता को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि किराना दुकानदार से पूछताछ के आधार पर वह शराब कहां से लाता था, इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किराना दुकान से बरामद शराब झारखंड सरकार की दुकानों से लाया गया प्रतीत होता है। किस दुकान से शराब की कालाबाजारी की का रही है। पुलिस इसकी जांच-पड़ताल कर रही है। पुलिस की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त हैं।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आगाज

# कलश शोभा यात्रा से वातावरण भक्तिमय



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के मुरमाकला स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा शिव मन्दिर से चलकर पांडेपुर, मलवारिया होते हुए बांकी नदी संगम तट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद कलश में जल भर कर श्रद्धालु वापस शिव मंदिर पहुंचे। वहां विधि-विधान पूर्वक कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे जयकारे व वाद्ययंत्रों पर बज रहे भक्ति गीतों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष, मंदिर निर्माता सह पूर्व डीएसपी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महायज्ञ का समापन आठ मार्च तक चलेगा। यह यज्ञ 108 श्रीगरुड़ध्वज स्वामी की देखरेख में हो रहा है। कलश शोभा यात्रा में जिला परिषद सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी, आचार्य रमाकांत पाठक, बसंत सिंह, अरुण वर्मा, साकेत पासवान, पवन पासवान, राजा कुमार मौजूद थे।

# चबूतरा निर्माण का किया ऑनलाइन शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अंबा मोहल्ला स्थित शंकर स्थान समीप विधायक मद की राशि से चबूतरा निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर हरिहरगंज एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर निर्माण का उद्घाटन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। चबूतरा निर्माण होने से गांव के लोगों को पूजा-पाठ में सहूलियत होगी। इस अवसर पर रविंद्र मेहता, मुनरिक मेहता, सुखदेव मेहता, रामकिशन यादव, प्रसाद मेहता, केदार मेहता, विनोद पासवान, लखन पासवान, मनोज मेहता, लल्लू मेहता उपस्थित थे।

### ओलावृष्टि से बची रबी की फसल भी नष्ट

# झमाझम बरसात, किसानों की टूटी आस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को जिले में हुई झमाझम बरसात से किसानों की बची-खुची आस भी टूट गयी है। ओलावृष्टि के बाद बच गई रबी की फसलें भी बरसात की भेंट चढ़ जाने से किसान हतप्रभ हैं। एक पखवारे के अंतराल में दो बार आंधी-पानी के साथ हुई ओलावृष्टि से रबी की दो-तिहाई फसलें पहले ही नष्ट हो चुकी हैं। खेतों में पकी अरहर, चना, मसूर आदि फसलों को



किसान अभी समेटने की तैयारी ही कर रहे थे कि रविवार भोर से हो रही बरसात ने उनकी कमर पूरी तरह तोड़ दी है। हसुआ लेकर फसल काटने के लिये खेतों में जाने को तैयार किसान घर से बाहर नहीं निकल पाये। किसानों का कहना है कि प्रतीत होता है। इंद्रदेव पूरी तरह से उनसे कूपित हैं। तभी तो खरीफ की फसल को बरसात के बिना तो रबी की पानी-पानी करके तहस-नहस कर दे रहे हैं।

# महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महाशिवरात्रि का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी श्री तिवारी का थाने में बतौर थाना प्रभारी योगदान देने के बाद पहली बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम परिचय का आदान-प्रदान हुआ। मौके पर एएसआई विपिन ठाकुर,मनोज टोप्पो,मुखिया अनिता देवी,पंसस ममता देवी के अलावा उदय सिंह, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, कामेश्वर सिंह, सीबी रमण सिंह, परशुराम सिंह, पंचम खान उपस्थित थे।

# कब मिलेगा मेदिनीनगर को पेयजल की समस्या से निजात : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देखते हुए विधायक आलोक चौरसिया ने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।कहा जल ही जीवन है यह तो आप जान ही रहे होंगे, परंतु मेदनीनगर नगर निगम में अप्रैल मई,जूनव जुलाई के महीने में पीने के पानी की समस्या लगातार बढ़ जाती है। जिसके कारण वहां के निवासी खासकर आबादगंज, बैरिया, सुदना,हमीदगंज आदि जगहों पर रहने वाले लोग या तो अपना घर छोड़कर कहीं और चले जाते हैं,नहीं तो पानी के टैंकर पर ही अपना जीवन यापन करने पर विवश हैं । इस बात को वर्तमान झारखंड सरकार बखूबी जानती है, परंतु नगर निगम क्षेत्र के पेयजल आपूर्ति का सेकंड फेज का काम अभी तक चालू नहीं हुआ है। श्री चौरसिया ने कहा कि यह दूसरी बार है जब हम आवाज उठा रहे हैं पिछली बार भी हमें सत्यानंद भोक्ता के द्वारा सिर्फ आश्वासन मिला था कि जल्द काम होगा और इस बार मंत्री बसंत सोरेन द्वारा आश्वासन मिला कि जल्द ही इस पर कार्रवाई कर मैं निजी तौर पर इसे देखूंगा। श्री चौरसिया ने मेदिनीनगर नगर निगम में पेयजल की समस्या के निदान हेतु कोयल नदी पर बराज, बियर बांध बनाकर जलस्तर को बढ़ाने की बात कही। सदन के माध्यम से श्री चौरसिया को आश्वासन मिला कि बहुत जल्द इस पर काम करेंगे।

### रायसुमारी महासम्मेलन में लोगों ने स्थानीय प्रतिनिधि की बुलंद की आवाज

# पांकी में गूंजा बाहरी हटाओ, चतरा बचाओ का नारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** स्थानीय सिंचाई विभाग के मैदान पर रविवार को आयोजित रायशुमारी महासम्मेलन में बाहरी हटाओ,चतरा बचाओ का नारा गूंजा। स्थानीय उम्मीदवार को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक पांकी विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे लाल सूरज ने कहा कि आजादी के बाद से चतरा संसदीय क्षेत्र को स्थानीय उम्मीदवारों से वंचित रखा गया है। देश के बड़े राजनीतिक दलों ने अब तक स्थानीय उम्मीदवार की घोषणा चतरा लोकसभा से नहीं की है। ऐसे में चतरा संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध है। स्थानीय सांसद होने से चतरा की दशा और दिशा तय हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस बार चतरा संसदीय क्षेत्र से बाहरी को हटाना है और स्थानीय को सांसद बनना है। आंदोलन की शुरूआत की गई है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रीय पार्टियों को जागृत किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में चतरा लोकसभा क्षेत्र से इस बार स्थानीय प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, कांग्रेस के नेता निरंजन यादव, पूर्व मुखिया कामाख्या सिंह, ताल मुखिया नेता लोहारा, मिंटी वर्मा, अरविंद सिंह, सिंधु सिंह, प्रसीद्ध सिंह, सौदागर सिंह उपस्थित थे।

# मानदेय भुगतान में अनदेखी से वार्ड सदस्य खफा

**- वार्ड संघ अध्यक्ष सरस्वती देवी ने कम भुगतान करने पर जताया रोष**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड की वार्ड सदस्य संघ अध्यक्ष सरस्वती देवी ने वार्ड सदस्यों के मानदेय भुगतान में अनदेखी का आरोप लगाते हुये गहरा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों का गठन हुये 18 महीने का समय व्यतीत हो चुका है। इसके बाद भी उन्हें सिर्फ दो माह के मानदेय का ही भुगतान किया जा रहा है। जबकि इससे पूर्व प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, उपमुखिया एवं पंचायत समिति के सदस्यों को नौ माह के मानदेय का भुगतान किया गया है। उन्होंने आक्रोश जताते हुये कहा कि यदि वार्ड सदस्यों को सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय का ही भुगतान नहीं किया जायेगा तो वे अपने दायित्व का निर्वहन कैसे करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन व जन प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि तत्काल पहल नहीं की गयी तो वार्ड सदस्य आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। उन्होंने प्रखंड नाजिर से इस संबंध में वार्ता भी की है।

### तीन वर्षों से बंद जल सहियाओं का मानदेय, जल्द होगा भुगतान

# जल सहियाओं ने मानदेय को लेकर जमा किये आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर में क्षेत्र की जलसहियाओं ने मानदेय भुगतान की मांग को लेकर आवेदन पत्र जमा किया। यह आवेदन विभाग के निर्देश पर जमा किया गया। विदित हो कि क्षेत्र में 146 जल सहिया अपनी सेवा दे रहे हैं। पिछले तीन वर्षों से सभी का मानदेय बंद है। इस संबंध में प्रखंड वाश कोआर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी जल



सहियाओं का मानदेय भुगतान के लिये आवेदन पत्र लिया गया है। उनके मानदेय भुगतान के लिये विभाग द्वारा राशि उपलब्ध करा दी गयी है। शीघ्र ही सभी का मानदेय भुगतान किया जायेगा। विभाग द्वारा इस दिशा में की गयी पहल पर जल सहियाओं ने खुशी का इजहार करते हुए विभाग के पदाधिकारियों को बधाई दी है। इस मौके पर मुख्य रूप से सविता देवी, मालती देवी, शांति देवी, संजू देवी, बबीता देवी, शाहजहां मौजूद थे।

# वीडी राम को टिकट मिलने से हर्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार टिकट मिलने से सतबरवा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि हम लोग सांसद का स्वागत करते हैं। संसदीय क्षेत्र के लिए वे हमेशा आवाज उठाते रहे हैं और हर समय समस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने सांसद को टिकट देने के



लिये पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई दी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह मौजूद रहे।

# जल सहियाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देश पर प्रखंड के पथरा पंचायत भवन में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत जलसहियाओं का दो दिवसीय केआरसी लेवल तीन प्रशिक्षण संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण योजनाओं को क्रियान्वयन के लिये दिया गया। इस संबंध में मास्टर ट्रेनर प्रभात कुमार ने आयोजन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। साथ साथ पोषक क्षेत्रों में कार्य करने की भी तकनीक भी बतायी। इस दौरान जलसाहियाओं के बीच संबंधित किट का वितरण कर उन्हें प्रेरित किया गया। पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि प्रशिक्षण में दी गयी जानकारी का सभी ग्रामीणों को लाभ देने का काम करें। मौके पर उपमुखिया कुसुम देवी, रीना देवी, गुड़िया देवी, धर्मेंद्र रविदास, संजय कुमार, विजय पासवान मौजूद थे।

### परेशानी — हाल रेल खंड पर संचालित हो रहीं पैसेंजर ट्रेनों का

# भाड़ा एक्सप्रेस का, सुविधायें नगण्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पं. दीनदयाल रेल मंडल अंतर्गत बीडी रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेनों का विलंबित परिचालन आम बात है। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रविवार को स्पेशल ट्रेन नं. 03364 और 03341 काफी लेट चली है। यात्री योगेंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह, अनूप कुमार सिंह, राजेंद्र मेहता सहित कई यात्रियों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस रेलखंड को तीसरी रेल लाइन की सौगात दे दी है। यात्रियों से पैसेंजर ट्रेनों में कोरोना काल से स्पेशल का दर्जा देकर एक्सप्रेस का भाड़ा वसूला जा रहा है। इसके बावजूद समय पर सुगम व सुलभ यात्रा यात्रियों को नसीब नहीं हो रहा है। जबकि आये दिन रेल प्रशासन दावा करती है कि अब तीसरी लाइन चालू होने से रेल परिचालन सुगम और यात्रा सुलभ होगी। उन्होंने बताया कि यह समस्या अत्यंत दुखद



फाइल फोटो

और असहनीय है। रविवार को ट्रेन नं. 03364 डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह स्पेशल पैसेंजर ट्रेन हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर 34 मिनट और कोसीआरा रेलवे स्टेशन पर 20 मिनट तक रुकी रही। इस दौरान यात्री मानसिक परेशानी झेलते रहे। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन को मात्र 150 किलोमीटर की दूरी तय करने में कुल दो से तीन घंटे विलंब हो जाता है। ट्रेन नं. 03341 बरकाकाना से डेहरी ऑन सोन करीब तीन घंटे विलंबित है। उन्होंने इस संबंध में अपने टिकट के साथ रेलवे को ऑनलाइन शिकायत भी की है।

### अमेरिका में कार्यरत भारतीय डॉक्टर ने रजवाडीह स्कूल के बच्चों के लिए भेजे जूते

# सकारात्मक पहल से समाज बनता है जीवंत : डीएसई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कहा गया है कि कई नकारात्मक चीजों पर एक सकारात्मक सोंच भारी पड़ जाती है। एक किरण अंधेरे को चीरकर रख देती है। दरअसल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के ट्यूटर डॉ तुषार आर्या बतौर मुख्य अतिथि रजवाडीह मध्य विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। वे उक्त विद्यालय की शिक्षिका निशा के रिश्तेदार हैं। फिर यह खबर अमेरिका के ओहियो में कार्यरत डॉ आर्या के रिश्तेदार दम्पत्ति डॉ राजीव गुप्ता व रूचि गुप्ता तक पहुंचती है। इस पर उनकी अद्भुत प्रतिक्रिया सामने आती है। उनके मन में संवेदना व सद्भावना का ज्वार उठता है और वे अपने माता-पिता आशा गुप्ता व मधुसूदन गुप्ता के सम्मान में रजवाडीह मध्य विद्यालय के सभी 120 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कम्पनी के जूते भेंट करने का संदेश भेज देते हैं। लिहाजा इस घटनाक्रम के सूत्रधार डॉ तुषार आर्या जूते लेकर विद्यालय पहुंच जाते हैं। इस विशेष मौके पर पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजूर, सदर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सुश्री अमृता सिंह व एसएमसी अध्यक्ष कुंती देवी समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका श्रीमती निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने इस कार्यक्रम को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। डीएसई श्री




कुजूर ने दम्पत्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरण समाज को जीवंत बनाते हैं। बेशक यह विशेष व प्रेरक है। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह ने कहा कि बच्चों के प्रति यह भावना उच्च कोटि की है। कपड़ा व अन्य सामग्री देने के बारे में अनेक लोग सोचते हैं, किन्तु जूते के बारे में सोचना बहुत खास है। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि इनके अनूठे पहल व दिलेरी ने विद्यालय परिवार का दिल जीत लिया है। जूते प्रदान करने के अंतर्निहित संदेश मर्मस्पर्शी है। डीएसई की अगुवाई में विद्यालय परिवार ने डॉ आर्या को बुके व शाल प्रदान कर सम्मानित किया। प्रसन्न बच्चों ने अपनी भावुक टिप्पणी से उनके प्रति आभार प्रकट किया। डॉ आर्या ने कहा कि इसकी अगली कड़ी में वे शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा आर्या (पत्नी) के साथ विद्यालय आकर मेडिकल कैम्प लगायेंगे।

सेंसेक्स 73,806.15 ▲ +1,305.85
डॉलर 82.849 ▼ -0.061

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 16.0 | 26.0 |
| धनबाद | 28.0 | 18.0 | 28.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 20.0 | 30.0 |
| पलामू | 28.0 | 17.0 | 28.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 04 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 137, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया कि ... 06


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


डोनाल्ड ट्रम्प ने मिसौरी के रिपब्लिकन ...10 देश/विदेश



## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


कुमुद सहाय जामताड़ा और घोलप रमेश गोरख बने चतरा डीसी

## सात आईएएस अधिकारियों का तबादला वंदना दादेल फिर बनी कैबिनेट सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने सात आईएएस अफसरों का तबादला किया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने शनिवार देर रात अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना के अनुसार वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को एक बार फिर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग का प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि कोल्हान प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। चतरा के उपायुक्त अबु इमरान स्थानांतरित करते हुए झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इमरान को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ झारखंड राज्य आरोग्य समिति रांची काकार्यपालक निदेशक काअतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। इसी प्रकार जामताड़ा के उपायुक्त शशि भूषण मेहरा को वित्त विभाग का अपर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव कुमुद सहाय को जामताड़ा का उपायुक्त, वित्त विभाग ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर




रांची के पल्स अस्पताल में निगरानी में हैं रॉबिन मिंज

## गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन दुर्घटना में घायल

### उनकी बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**रांची/नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज 21 वर्षीय रॉबिन मिंज की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई है जिससे उन्हें हल्की चोट आई है। फिलहाल वह रांची के पल्स अस्पताल में निगरानी में हैं। मिंज आईपीएल का हिस्सा बनने वाले आदिवासी समुदाय के पहले खिलाड़ी हैं। टाइटंस ने उन्हें नीलामी में 3.6 करोड़ रुपये में खरीदा था। मालूम हो कि इससे पूर्व एक और युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत भी कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होकर दो साल से क्रिकेट से दूर हैं।



रोबिन के पिता फ्रांसिस मिंज ने बताया कि वह शनिवार को अपनी कावासाकी सुपरबाइक चला रहे थे, तभी वह एक अन्य बाइक के संपर्क में आ गए और इससे उन्होंने अपनी बाइक पर नियंत्रण खो दिया, जिससे उनके दाहिने घुटने पर चोट लग गई। बताया जा रहा है कि चोट खास नहीं है उन्हें साधारण खरोंच आई है। वहीं उनकी बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। फ्रांसिस ने बताया फिलहाल कोई गंभीर बात नहीं है लेकिन वह निगरानी में हैं। मालूम हो कि रोबिन मिंज हाल ही में कर्नाटक के खिलाफ अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में झारखंड के लिए खेलने के बाद घर आए हैं। फाइनल में उन्होंने शानदार 137 रन बनाए थे। अभी यह ज्ञात नहीं है कि आईपीएल 2024 से पहले टाइटंस के प्री-सीजन कैंप में शामिल होने में उन्हें देरी हुई है या नहीं। मिंज झारखंड के गुमला जिले के शिमल गांव के रहने वाले हैं, जबकि उनके पिता फ्रांसिस एक सेवानिवृत्त सेना कर्मी हैं, जो अब रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं। हाल ही में, चौथे टेस्ट में इंग्लैंड पर पांच विकेट से जीत दर्ज करने के बाद, भारत के बल्लेबाज, गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और राष्ट्रीय टीम के अन्य सदस्यों ने हवाई अड्डे पर फ्रांसिस से मुलाकात की थी।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,690
चांदी (किलो) 72,220

## एक नजर

### झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 को

**रांची।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा 10 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने रविवार को बताया कि 10 मार्च को धुर्वा गोलचक्कर स्थिति मैदान में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों की आम सभा बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी होमगार्ड जवानों से यह अपील की है कि 10 मार्च को समय 10 बजे धुर्वा गोल चक्कर स्थित मैदान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।

### पीएम मोदी आज तेलंगाना को देंगे 62 हजार करोड़ की सौगात



**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 और 5 मार्च को तेलंगाना दौरे पर होंगे जहां वह 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री आदिलाबाद और संगारेड्डी जिलों में बिजली, रेल तथा सड़क क्षेत्र से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास करेंगे। आदिलाबाद में एक सार्वजनिक बैठक में 56 हजार करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लॉन्च की जाएंगी। वहीं, संगारेड्डी में लॉन्च की जाने वाली परियोजनाएं 6,800 करोड़ रुपये की हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आदिलाबाद में शुरू की जाने वाली परियोजनाओं का मुख्य फोकस बिजली क्षेत्र पर होगा। वह तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एनटीपीसी की 800 मेगावाट की तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना (यूनिट-2) राष्ट्र को समर्पित करेंगे। अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित, यह परियोजना तेलंगाना को ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

93 करोड़ की लागत वालीं पांच अहम परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# मुख्यमंत्री ने गढ़वा को दी ऐतिहासिक सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को जिला मुख्यालय गढ़वा को ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने 93 करोड़ की लागत वालीं पांच अहम व बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण कर शहीदों को सम्मान दिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद दूसरी बार गढ़वा आगमन पर पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री श्री सोरेन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नए समाहरणालय भवन में एवं बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में पूजा अर्चना करने के बाद सीएम ने अन्तर्राज्यीय बस स्टैंड, फुटबॉल स्टेडियम एवं नवनिर्मित टाउन हॉल का उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने बहुद्देशीय नीलाम्बर-पीताम्बर सांस्कृतिक भवन को आमजन को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाहरणालय भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बिरसा मुंडा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा और नीलांबर- पीतांबर सांस्कृतिक भवन के प्रांगण में अमर शहीद नीलाम्बर- पीताम्बर की नव स्थापित प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने रंका मोड़ पर बाबा साहब डॉ .भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।





### खराब मौसम के कारण सड़क मार्ग से गढ़वा पहुंचे सीएम

मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से गढ़वा नहीं पहुंच सके। अंततः सड़क मार्ग से सीएम का काफिला शाम को 4.30 बजे गढ़वा पहुंचा। इसके बाद उन्होंने सभी योजनाओं का उद्घाटन किया। देर हो जाने के कारण मुख्यमंत्री स्टेडियम नहीं पहुंच सके। उन्होंने जनसभा को भी संबोधित नहीं किया तथा वहां से सड़क मार्ग से पलामू आकर हवाई मार्ग से वापस रांची चले गये।

### शहीद नीलांबर-पीतांबर के परिजनों को किया सम्मानित

मुख्य कार्यक्रम स्थल स्थानीय टाउन हॉल के मंच पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर सीएम चंपाई सोरेन ने कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने शहीद नीलांबर-पीताम्बर के परिजन हरिचरण सिंह व हरिहर सिंह को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

# 'विकसित भारत 2047' योजना तैयार, विकास पर फोकस

- पीएम मोदी के नेतृत्व में 8 घंटे चली मंत्री परिषद की बैठक
- अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से बैठक महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली।** भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। आठ घंटों तक चली इस बैठक में कई मंत्रालयों के अपने भविष्य के एजेंडे पर प्रजेंटेशन दिया। इसे प्रधानमंत्री मोदी के दूसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद के साथ अंतिम बैठक माना जा रहा है। अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर आत्मविश्वास से लबरेज दिखे प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रियों को करीब एक घंटे तक संबोधित किया। कहा कि विकसित भारत की झलक आगामी पूर्ण बजट में दिखनी चाहिए जो इस बार जून में पेश होगा। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनी सरकार की 10 साल की सफलताओं और भविष्य की प्राथमिकताओं, विशेष रूप से 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। रविवार को हुई बैठक को अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### दो साल में 2700 सेमिनार, 20 लाख युवाओं के सुझाव से तैयार हुआ विजन डॉक्यूमेंट

बैठक में मई, 2024 में नई सरकार के गठन के बाद त्वरित कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदमों के 100-दिवसीय एजेंडे पर भी चर्चा हुई। मंत्रिपरिषद ने विकसित भारत 2047 के लिए विजन डॉक्यूमेंट और अगले 5 वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया। विकसित भारत का रोडमैप 2 साल से अधिक की गहन तैयारी के बाद तैयार किया गया है। इसे सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के बाद तैयार किया गया है। इसमें युवाओं के विचारों व सुझावों को भी शामिल किया गया। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर 2700 से ज्या दा बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से ज्यादा युवाओं से सुझाव मिले।

### डीपफेक का चलन, बोलने में संयम रखें

मंत्रिपरिषद की बैठक में पीएम मोदी ने पीएम ने उन्हें आगाह किया कि बोलने में संयम बरतें। जो भी बयान दें, सोच समझ कर दें। आजकल डीप फेक का चलन है जिसमें आवाज बदलने की कोशिश की जाती है, इससे सतर्क रहें। जो भी बोलना है योजनाओं पर बोलें, विवादित बयानों से बचें। मैंने राज्यसभा के सांसदों को चुनाव लड़ने को कहा था। 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन में आसानी, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा, सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## कल्पना सोरेन गिरिडीह में पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में होंगी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अब सक्रिय रूप से सार्वजनिक राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। कल्पना सोरेन सोमवार को गिरिडीह में पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत करती नजर आएंगी। वहीं गिरिडीह के बाद 10 मार्च को कल्पना सोरेन बरहेट का भी दौरा करेंगीं। कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर खुद पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। कल्पना सोरेन ने रविवार को अपने पोस्ट में लिखा- आज अपने जन्मदिन और सोमवार को गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने से पहले आज झारखंड राज्य के निमार्ता और झामुमो के अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरुजी और मां से आशीर्वाद लिया। आज ही सुबह हेमन्त जी से भी मुलाकात की। मेरे



पिता भारतीय सेना में थे। वह सेना से रिटायर हो चुके हैं। पिताजी ने सेना में रहकर देश के दुश्मनों का डटकर सामना किया। बचपन से ही उन्होंने मुझमें बिना डरे सच के लिए संघर्ष करना और लड़ना भी सिखाया। झारखंड वासियों और झामुमो परिवार के असंख्य कर्मठ कार्यकर्ताओं की मांग पर सोमवार से मैं सार्वजनिक जीवन की शुरूआत कर रही हूं। जब तक हेमन्त जी हम सभी के बीच नहीं आ जाते तब तक मैं उनकी आवाज बनकर आप सभी के बीच उनके विचारों को ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

## स्पेनिस महिला से गैंगरेप मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपी गए जेल

- पीड़ित दंपति का न्यायालय में 164 का बयान दर्ज
- फरार चार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

**दुमका।** स्पेन के विदेशी टूरिस्ट बाइक राइडर दंपति से मारपीट, लूट और महिला से गैंगरेप मामले में हंसडीहा पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में राजन मरांडी, प्रदीप किस्कू एवं सुखलाल हेम्ब्रम शामिल हैं। सभी की गिरफ्तारी एक ही घर से सोए अवस्था में हुई। पुलिस ने मामले में थाना कांड संख्या 18/24 के तहत भादवी की धारा 395 एवं 376 डी के तहत आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के नेतृत्व में




### ब्राजील और स्पेनिस दूतावास ने साधा संपर्क

ब्राजील के दूतावास ने एक बयान में कहा है कि घटना के तुरंत बाद महिला और स्थानीय प्रशासन से संपर्क साधा गया है। महिला दोहरी नागरिकता रखती है और पति-पत्नी स्पेनिश पासपोर्ट से भारत आए थे। स्पेनिश दूतावास ने स्थानीय प्रशासन और महिला से संपर्क किया है। उन्हें सहायता देने का प्रस्ताव भी दिया लेकिन उन्हें भारतीय आपात सुविधाएं दी जा रही हैं। घटनाक्रम की ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

### बाइक से विश्व भ्रमण पर निकले थे दंपति

पीड़ित दंपति बाइक से विश्व भ्रमण पर निकले हैं। महिला के पास ब्राजील और स्पेन की दोहरी नागरिकता है जबकि पुरुष स्पेनिश है। दोनों स्पेन के पासपोर्ट पर भारत आए हैं। बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने के बाद दुमका के रास्ते नेपाल जा रहे थे। शुक्रवार की शाम हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट में टेंट लगाकर रात्रि विश्राम करने लगे। इसी बीच सात बदमाशों ने टेंट में घुसकर पति ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा के समक्ष पीड़ित दम्पति का 164 ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

## शहबाज शरीफ होंगे पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री



**इस्लामाबाद।** पीएमएल (एन) अध्यक्ष शहबाज शरीफ रविवार को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री चुने गए। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने घोषणा की कि शहबाज शरीफ को 201 वोट मिले हैं। वहीं, पीटीआई उम्मीदवार उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। 72 साल के शहबाज शरीफ दूसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले, इमरान खान सरकार के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद उन्होंने 11 अप्रैल, 2022 से 14 अगस्त, 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में काम किया था। शहबाज शरीफ पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। नवाज शरीफ ने पीएमएल-एन के चुनाव अभियान का नेतृत्व किया था। दक्षिण एशियाई इस देश में आम चुनाव 8 फरवरी को हुए थे, जो धांधली और हिंसा की भेंट चढ़ गए थे। पीटीआई के संस्थापक इमरान खान समर्थित उम्मीदवारों ने अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन पीपीपी और पीएमएल (एन) ने सरकार बनाने के लिए गठबंधन कर लिया जिसके बाद शहबाज शरीफ के पीएम बनने का रास्ता साफ हो गया।

## इंडिया पिछड़ा पलामू जहां विकास नहीं नाच गाने की होड़ मची है!



**सुनील बादल**

132 साल पहले 1 जनवरी 1892 को अस्तित्व में आए पलामू की पहचान देश के सबसे पिछड़े क्षेत्र में से होती रही है और झारखंड बनने के पहले और बाद तक इसे राजनीतिक रूप से सबसे उर्वर क्षेत्र माना जाता है जहां से कई बड़े नेता निकले और राजनीतिक रूप से बिहार से लगी सीमा के कारण यह अधिक सक्रिय प्रमंडल रहा है यहां खरवार उरांव और चेरो ने पहले शासन किया । 2004 में सतबरवा निवासी मनोज कुमार जो कि पलामू से सांसद थे चौखड़ा के चंद्रशेखर दुबे धनबाद के सांसद बने डॉ रामेश्वर उरांव जो चिंयांकी के मूल निवासी हैं लोहरदगा के और पलामू के ही सुबोध कांत सहाय रांची के सांसद बने थे इस प्रकार एक साथ चार-चार सांसद इस क्षेत्र से निकले थे । लगभग 4 दशक पहले उदयगढ़ के चर्चित राजनेता भीष्म नारायण सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई थी इस बार तो पूर्व डीजीपी भाजपा सांसद वीडी राम को फिर से भाजपा ने टिकट दे दिया है । पलामू सदियों से भौगोलिक कारणों से पिछड़ा रहा है और अनेक किस्से कहानियां प्रचलित रही हैं जिसमें स्व राधाकृष्ण का व्यंग्य ललटेनगंज के लोगों का कर्फ़्यू मेला भी था जब लोग रांची कर्फ़्यू देखने गए थे, जो प्रतीक था कि यह सबसे कम सिंचित क्षेत्र विकास में भी सबसे पीछे था । अभी पलामू की सड़क मार्ग से यात्रा हिचकोले भरी और ज्यादातर सिंगल सड़क में आते-जाते पलामू की जो छवि बनती है वह वहाँ के जनप्रतिनिधियों पर एक सवाल भी है है कि अब तक यह बदहाली क्यों है। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यर्थी ने बाल और बंधुआ मजदूरी पर यहीं से काम शुरू किया था जिसका वे अक्सर उल्लेख करते हैं । 27 फरवरी 2019 को पलामू के पहले फोरलेन बाइपास का जब शिलान्यास हुआ था तब कही गई ये पंक्तियां ही पर्याप्त हैं कि आजादी के बाद इस पिछड़े क्षेत्र कितनी उपेक्षा हुई । पलामू के सांसद वीडी राम ने तब कहा था कि 22.7 किमी लंबी फोर लेन वाली सड़क निर्माण पर 537 करोड़ की लागत आएगी और एनएच 75 बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि राज्यों जुड़ाव के लिए बाईपास का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होने तब कहा था कि राजहारा विश्व प्रसिद्ध कोल माइन्स पिछले 10 वर्षों से बंद पड़ी थी। उसे एक बार फिर चालू कराया है। कहा कि पूर्व की सरकारी सर्वे में पलामू पिछड़ेपन में 115 वें स्थान पर था। अब 29 वे पायदान पर आ गया है। हमारी यात्रा में कुडू से डाल्टनगंज होते हुए श्री बंशीधर नगर तक कहीं कहीं पुल तो कहीं बन रही फोर लेन सड़क के बीच उड़ती धूल के पीछे सायरन बजाती बड़ी-बड़ी गाड़ियों में अलग-अलग पार्टियों के झंडे लगे थे और हमलोगों की गाड़ी में लगे रेडियो पर खबर आ रही थी कि किसी भी दिन आचार संहिता लग जाएगी । गाड़ी में कई अखबार पड़े थे जिनकी हेडलाइन है भानु ने खेसारी लाल का कार्यक्रम कराया लाख में भीड़ । एक का अखबार की सुर्खी है कि स्वास्थ्य की सुविधा पलामू के लोगों को मिले ना मिले उनके मनोरंजन का सभी नेता पूरा ध्यान रखते हैं । भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रसिद्ध भोजपुरी लोकगायक खेसारी लाल यादव और नर्तकियों को बुलाकर शानदार कार्यक्रम करवाया उसके बाद गढ़वा में पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में करवाया जिसमें पूर्व संध्या पर महाकाल की झांकी उसके बाद मुकुंद नायक और साथियों से झारखंडी लोग संगीत के अलावा भोजपुरी कलाकार सोनी पांडे जैसे कलाकारों को भी मंच दिया गया कुल मिलाकर कह सकते हैं कि विकास हो ना हो संगीत का मलहम चुनाव के पूर्व पलामू में लगाया जा रहा है। पलामू के अनेक प्रबुद्ध और आम लोगों का यह कहना था कि पलामू को मुख्य मुद्दों से भटकाया जा रहा है । सिंचाई की छोटी बड़ी अनेक परियोजनाएं और वाराणसी रांची फोरलेन सड़क जिससे पलामू की किस्मत बदल सकती थी भू अर्जन की समस्याओं के कारण लगभग छः वर्षों से लंबित पड़ी हैं।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

अबकी बार, 80 पार मतदान प्रतिशत का संकल्प जन सहयोग से ही साकार होगा। बेहतर सरकार के गठन के लिए प्रत्येक मतदाता को सब काम छोड़ कर मतदान करना चाहिये।

**कुंदन कुमार, अपर समाहर्ता पलामू।**

## कारगिल शहीद के पुत्र के तिलकोत्सव में किया सहभाग



**मेदिनीनगर।** जीवन में सुख-दुख कुछ भी स्थाई नहीं होता। परिवर्तन का नाम ही जीवन है। परिस्थितियां हर पल बदलती रहती हैं। 1999 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए पलामू के वीर सैनिक युगांबर दीक्षित के सुपुत्र के तिलकोत्सव समारोह में शिरकत करते हुये परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने यह बातें कहीं। विदित हो कि शहीद के पुत्र युद्धजय दीक्षित की शादी गया निवासी बबलू पांडेय की पुत्री आकांक्षा के साथ तय हुई है। सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने समारोह में शिरकत कर उपहार देकर परिजनों का मनोबल बढ़ाया। मौके पर कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, सदस्य संजय कुमार शर्मा, अशोक कुमार मेहता, रमन श्रीवास्तव, ओम प्रकाश दुबे, प्रदीप सिंह मौजूद रहे।

## उत्तम स्वास्थ्य के लिये योगाभ्यास जरूरी

लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर ने किया शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा शरीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। रविवार से स्थानीय पुलिस लाइन रोड़ स्थित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में आयोजित शिविर में क्लब के सदस्यों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया। शिविर के पहले दिन पतंजलि परिवार के सदस्यों और ट्रेनर ने सभी को योग की विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार से बताते हुये योगाभ्यास कराया। इस दौरान सभी को ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति और सूर्य नमस्कार आदि के लाभों की विधिवत जानकारी दी गयी। क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये नियमित योगाभ्यास जरूरी है। मौके पर डॉ. गौरव विशाल, डॉ.अमित कुमार, डॉ. अभय कुमार, राघवेंद्र नारायण सिंह , सुमित कुमार पाठक, नवीन पांडे, ऋषिकेश दुबे, संतोष नारायण, टिल्लू बाबू , अनुराधा कुमारी, श्वेता सिंहा, रणजीत मिश्रा, राजीव शरण आदि



## तस्वीर झूठ ना बोले




बे मौसम बरसात में ही शहर के प्रमुख चौराहा छह मुहान पर भीषण जल-जमाव नगर में जल निकासी के प्रबंध की कलई खोल रहा है। (छाया- उपेन्द्र कुमार)

## एक नजर

### रेड़मा ठाकुरबाड़ी में श्रीरामचरित मानस महायज्ञ नौ से

**मेदिनीनगर।** रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में श्रीरामचरित मानस नवाह्परायण पाठ महायज्ञ का 57वां अधिवेशन का भव्य शुभारंभ नौ मार्च से किया जायेगा। महायज्ञ में श्रीरामचरित मानस का पाठ प्रख्यात पाठकर्ता मथुरा के मथुरानंद चतुर्वेदी के द्वारा सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक किया जायेगा। इसके साथ ही रात्रि कालीन प्रवचन के कार्यक्रम में प्रयागराज के विद्वान प्रवचनकर्ता जय प्रकाश मिश्र द्वारा रात्रि 8.30 बजे से 10 बजे तक एवं वाराणसी के विद्वान प्रवचनकर्ता डॉक्टर मदन मोहन मिश्र के द्वारा रात्रि 10 बजे से लेकर 11.30 बजे तक मानस, भक्ति और आध्यात्म पर दिव्य चर्चा की जायेगी। इस के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा । यह जानकारी मीडिया प्रभारी आलोक तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी ने दी है।

### मिशन समृद्धि ने की जरूरतमंदों की मदद

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के सदस्यों द्वारा जरूरतमंदों की सेवा का कार्य निर्बाध रूप से जारी है। सदस्यों द्वारा दोना, पत्तल, दातून बेचकर जीविका चलाने वाले गरीबों में जहां खिंचड़ी का वितरण किया गया। वहीं ठंड से राहत के लिये व्यापक पैमाने पर गर्म वस्त्रों का वितरण भी किया जा चुका है। अंबेडकर पार्क के सामने सहित अन्य स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों में भोजन वितरित किया गया। मौके पर बैजन्ती गुप्ता शिल्पा गोस्वामी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, ऋषि कुमार मौजूद रहे।

## अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर की नारेबाजी, जताया आक्रोश

# श्याम सुंदर की हत्या के विरोध में सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला में शनिवार की रात अपराधियों द्वारा गोली मारकर श्याम सुंदर साव उम्र (50) वर्ष की गोली मार कर हत्या करने के विरोध में नागरिकों ने रविवार की सुबह कांदू मोहल्ला चौक काली मंदिर के पास शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान शहर में बढ़ते अपराध पर नाराजगी जताते हुये लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी, परिवार के लोगों को सुरक्षा,नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर बारिश के बीच भी लोग जाम स्थल पर डटे रहे। शहर थाना की पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर पहुंचे सदर अंचलाधिकारी अमरजीत बलहोत्रा ने सरकारी प्रावधान के मुताबिक पारिवारिक लाभ और सुरक्षा का भरोसा दिया, तब जाकर जाम समाप्त हुआ। मामले में मृतक के बेटे ने पुलिस को पांच अपराधियों के नाम बताएं हैं। सभी फरार बताये जा रहे हैं। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

**सूचना पर पहुंचे सदर अंचलाधिकारी अमरजीत बलहोत्रा ने सरकारी प्रावधान के मुताबिक पारिवारिक लाभ और सुरक्षा का भरोसा दिया, तब जाकर जाम समाप्त हुआ**

### तीन दिन पूर्व हुआ था विवाद

सदर एसडीपीओ शशिभूषण प्रसाद ने कहा कि तीन दिन पहले अपराधियों और श्याम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मृतक श्याम साव का अपराधिक इतिहास रहा है। वह हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में जेल भी जा चुका है। नक्सलियों को भी हथियार सप्लाई करने में शामिल रहा था। वह जमीन कारोबार से भी जुड़ा था। जमीन विवाद में ही हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है।

## बच्चों को खूब भा रही थाना प्रभारी की केमिस्ट्री

बूथों का जायजा लेने के दौरान मनातू निरीक्षक निर्मल दे रहे ज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नक्सलियों के गढ़ में थाना प्रभारी बच्चों को रसायन शास्त्र का पाठ पढ़ा रहे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन के क्रम में पुलिस अधिकारी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव बूथों के भौतिक सत्यापन के बीच स्कूली बच्चों का क्लास भी ले रहे हैं। मतदान केंद्र और क्लस्टर स्कूल भवनों को बनाया गया है। थाना प्रभारी इलाके की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा ले रहे हैं। शनिवार को थाना प्रभारी चौका हाई स्कूल में बच्चों को केमिस्ट्री विषय पढ़ाया। यह वही स्कूल है जिसे माओवादियों ने वर्ष 2008-09 में विस्फोट कर उड़ा दिया था। गुमला के आंजन के मूल निवासी श्री उरांत रांची यूनिवर्सिटी से रसायन शास्त्र में ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने बीएड की भी पढ़ाई की है। यही कारण है कि पुलिस में रहते हुये भी बच्चों को देखते ही उनका अंदर छिपा शिक्षक हुनर उबाल मारने लगता है। बच्चों को थाना प्रभारी का क्लास खूब भा रहा है।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग का लोकतंत्र बचाओ अभियान कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय कचहरी परिसर में रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन श्याम नारायण सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार लगातार भ्रामक और भावनात्मक बातों कर सत्ता पर बनी हुई है। जबकि हकीकत यह है कि देश में महंगाई और भ्रष्टाचार के कारण देश की आम जनता त्रस्त है। देश का पढ़ा-लिखा युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। दूसरी तरफ देश में सरकारी सेवा क्षेत्र में करोड़ों पद खाली पड़े हैं। आउटसोर्सिंग की बहाली सरकारी नौकरियों में आरक्षण से मिलने वाले लाभ से युवाओं को वंचित कर रही है। कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेता केडी सिंह ने कहा लोकतंत्र और संविधान को सबसे अधिक खतरा पूंजीवाद से है। केंद्र सरकार चुनावी प्रक्रिया को ध्वस्त करने में लगी है। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में हुई गड़बड़ी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदकिशोर पाठक ने की।

## शिवाजी मैदान में साथ में लगेगी शहीद नीलांबर-पीतांबर की भी प्रतिमा

# राजा मेदिनी की प्रतिमा लगाने के लिये शिलापट का अनावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संविधान बचाओ मोर्चा द्वारा शहीद नीलांबर-पीताम्बर और राजा मेदनीराय की प्रतिमा लगाने की बहुप्रतीक्षित मांग रविवार को पूरी हुई। स्थानीय शिवाजी मैदान में पारंपरिक तौर तरीके से पूजा कर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने शिलापट का अनावरण करने के साथ ही ईंट दान कर शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि शहर में राजा मेदिनी के साथ शहीद भाईयों की प्रतिमा स्थापित करने के लिये संविधान बचाओ संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने साठ दिनों तक अनशन किया था। जिसके बाद झामुमो अध्यक्ष श्री सिन्हा के भागीरथी प्रयास से प्रशासन ने शिवाजी मैदान में प्रतिमा स्थापित करने में सहमति दी थी। श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि झामुमो आंदोलनकारियों और शहीदों की पार्टी है, । झामुमो अपने पूर्वजों और शहीदों का सम्मान करना जानती है। हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज भी झारखंड के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संविधान बचाओ संघर्ष मोर्चा के अजय सिंह चेरो, सुनील सिंह आदि ने संघर्ष में साथ देने के लिये झामुमो अध्यक्ष के प्रति आभार जताया। मौके पर जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, सचिव सन्नू सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता हाजी ललन, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, युवा उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, छात्र मोर्चा के सचिव सैयद फैजल उपस्थित थे।



## विकास में बाधक है भ्रष्टाचार :भाजमो



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय पलामू क्लब में रविवार को आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा के उम्मीदवारों के चयन में स्वच्छ छवि के व्यक्ति को प्रमुखता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के खनिज संपदाओं का व्यापक पैमाने पर दोहन हो रहा है। महिला सशक्तिकरण के नाम पर सुनहरे सपने दिखाकर महिलाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। किसानों को उनका उचित हक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण युवाओं का हक मारा जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा के क्वेश्चन पेपर बेच दिए जाते हैं। जिसके चलते योग्य व्यक्ति पीछे रह जाते हैं व अयोग्य उम्मीदवार का चयन हो जाता है। यह बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण बालू का टेंडर नहीं हो पा रहा है। बालू के अभाव में 70 प्रतिशत व्यावसाय प्रभावित है। योग्य लाभुक से भी अबुआ आवास में मनमानी उगाही कर रहे हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए भारतीय जनतंत्र मोर्चा को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण प्रजापति व धन्यवाद ज्ञापन रोहित मेहता ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे,मिथिलेश कुमार, जिला मंत्री अभिषेक पांडे, ओम प्रकाश सिंह, दीप नारायण दुबे, छोटू पांडे, सूरज राम, विवेक कुमार, अनीश कुमार, महेंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।

### भाकपा नेताओं ने भ्रमण कर जनसमस्याओं की ली जानकारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह,अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष रामराज तिवारी व नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी आदि ने नगर निगम के बारालोटा, सूदना,अबादगंज आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जन समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान आबादगंज मिशन स्कूल के बगल में तालाब के अतिक्रमण पर चिंता जताते हुये पदाधिकारियों ने कहा कि एक तरफ खिसकते भू-गर्भ जल स्रोत के कारण शहर में अभूतपूर्व जल संकट की स्थिति है। दूसरी तरफ जल स्रोतों के अतिक्रमण पर जन प्रतिनिधियों व संबंधित निकायों की चुप्पी समझ से परे है। आबादगंज इलाका पहले से ही ड्राई जोन रहा है। ऐसे में यदि तालाब का अस्तित्व समाप्त हुआ तो स्थिति और भयावह हो जायेगी। पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर



**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के रामसागर गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में विक्रम कुमार उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। जबकि अरुण कुमार उम्र 32 वर्ष की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात में दोनों युवक बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अज्ञात बाराती वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। सूचना पर लेस्लीगंज थाने की पुलिस अज्ञात वाहन की खोजबीन में जुट गई है।

## शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ शुरू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के करार गांव में योगियादह शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ का पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता की धर्मपत्नी सह समाजसेवी किरण मेहता व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने फीता काटकर, पूजा-अर्चना व पूजित कलश को लेकर सोनरे नदी का पावन जल भर कर शुभारंभ किया। किरण मेहता ने कहा कि भगवान शिव की पूजा से समस्त मनोकामनायें पूर्ण होती है। वहीं मां पार्वती की पूजा से सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने महायज्ञ के निमित्त 51000 हजार रुपए का सहयोग भी दिया। लवली गुप्ता ने कहा कि शिव शक्ति से ही संपूर्ण हैं। शिव ही शक्ति है ,शिव ही भक्ति है ,शिव ही नियति है, शिव बैरागी हैं ,शिव आदि शक्ति हैं । शिव से ही संपूर्ण ब्रह्मांड है। मौके पर समाजसेवी कमेश यादव, गोपाल यादव, अखलेश ठाकुर, मुखिया मीना देवी उपमुखिया संतोष गुप्ता, उत्तम गुप्ता, राकेश गुप्ता, बैजनाथ गुप्ता, रितेश गुप्ता बसंत सिंह ,अनिल गुप्ता उपस्थित थे। पूजा अवध बिहारी मिश्रा, महावीर मिश्रा व जयशंकर मिश्रा के हाथों संपन्न हुआ।

## कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप



**पाटन।** प्रखंड के नवादा जीजोई नदी पर करोड़ों की लागत से पुल निर्माण में कब्रिस्तान मे जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुये मुसिलम समाज के लोगों ने डीसी से कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस मामले में शिकायत के बाद भी प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इससे तनाव की स्थिति बनी हुई है। मौके पर रमजान अंसारी, सोहेल आलम, महबूब आलम एजाज अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, नौशाद अंसारी मौजूद रहे।

## व्यवस्था

## राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार ने दी अनुमति, संरक्षण में मिलेगी सुविधा

# पीटीआर की 10 वर्ष की कार्य योजना स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार ने पलामू टाइगर रिजर्व के 10 वर्ष की कार्ययोजना को स्वीकृति दे दी है। यह 10 वर्षीय कार्ययोजना वर्ष 2023 से 2033 के लिए बनाई गई है। इस कार्ययोजना के मुख्य अधिकारी क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में 10वर्षीय संरक्षण योजना राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार दिल्ली को भेजा गया था। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मार्च महीने में प्राधिकार की मंजूरी का पत्र प्राप्त हो जाएगा। कुमार आशुतोष ने बताया कि 1300 से 1400 पृष्ठों की योजना में बहुत सारे दुर्लभ तस्वीर, मैप, ग्राफ और चार्ट बनाए गए हैं। इसके निर्माण में डेढ़ साल का समय लगा है। वर्ष 2013 में 10 वर्षीय बाघ संरक्षण योजना तात्कालीन क्षेत्र निदेशक अरुण सिंह रावत द्वारा बनाया गया था। वर्ष 2013 से 2022 तक की कार्ययोजना 423 पृष्ठों की थी।

**इस कार्ययोजना के मुख्य अधिकारी क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष हैं। उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में 10वर्षीय संरक्षण योजना राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार दिल्ली को भेजा गया था। उन्होंने उम्मीद जतायी कि मार्च महीने में प्राधिकार की मंजूरी का पत्र प्राप्त हो जाएगा। कुमार आशुतोष ने बताया कि 1300 से 1400 पृष्ठों की योजना में बहुत सारे दुर्लभ तस्वीर, मैप, ग्राफ और चार्ट बनाए गए हैं।**

### पीटीआर के साथ दो अन्य रिजर्व को भी मिली मंजूरी



पीटीआर के साथ दो अन्य टाइगर रिजर्व को भी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकार ने योजनाओं की स्वीकृति दी है। प्राधिकार द्वारा सिमलीपाल टाइगर रिजर्व उड़ीसा और पन्ना टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश को भी 10 वर्षीय बाघ संरक्षण योजना की स्वीकृति प्रदान की है।

### 2017 के बाद कम होने लगी बाघों की संख्या

विदित हो कि 1974 में गठन के समय पीटीआर में बाघों की संख्या 22 थी । उसके एक वर्ष बाद 1984 में यह संख्या बढ़कर 62 पहुंच गयी थी, किंतु वर्ष 2017 के बाद बाघों की संख्या में निरंतर गिरावट आती रही। साल 2020, 2021 और 2022 में तो पीटीआर में बाघों की संख्या नगण्य थी। उसके बाद मार्च 2023 से बाघों के आने का सिलसिला शुरू हुआ है। पिछले वर्ष नवंबर महीने में ही तीन बाघ पीटीआर में आये हैं। उनके पद चिन्ह भी मिले हैं।

## एक नजर

### मां गायत्री शक्तिपीठ के प्रथम वर्षगांठ पर स्वास्थ्य शिविर

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ के प्रथम वर्षगांठ पर जहां मुख्य द्वार पर लगाने के लिये भव्य सुशोभित स्टील का गेट नगर पंचायत क्षेत्र निवासी रामजन्म सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी ललिता देवी के द्वारा दान स्वरूप स्थापित किया गया। राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्रीश्री 108 बाबा केशव नारायण दास के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गेट का उद्घाटन किया गया। वहीं परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि संजय कमलापुरी ,महिला सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल एवं डॉक्टर अन्नपूर्णा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह, विरेंद्र सोनी, अशोक चौरसिया, देव मुनि विश्वकर्मा, अनील कमलापुरी, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया,बबीता देवी,संजू देवी उपस्थित रहीं।

### वीडी राम को तीसरी बार टिकट मिलने पर जश्न

**कांडी।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र से वीडी राम को तीसरी बार मौका देने से भाजपाइयों में जश्न का माहौल है। भाजपा के मंडल कार्यालय लमारी कला में रविवार को संतोष सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामजन्म प्रसाद गुप्ता,किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह,लमारी कला पंचायत अध्यक्ष रविंद्र चंद्रवंशी,कार्यालय प्रभारी कौशल सिंह व करमू साह, बबलू सिंह, शंकर चंद्रवंशी, दिलीप प्रजापति, लालमेंद्र पासवान, सुरेंद्र साह, नरेश चंद्रवंशी, रामू सिंह मौजूद थे।

### महाशिवरात्रि मेले की तैयारी जोरों पर

**सगमा।** प्रखण्ड क्षेत्र के बीरबल गांव स्थित मालिया नदी के तट पर महाशिवरात्रि के अवसर पर वृहद मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर बीरबल देवीधाम पर ग्रामीणों द्वारा बैठक कर विस्तृत चर्चा की गयी । प्रखण्ड प्रमुख अजय साह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि सूर्य मंदिर के साथ बिराजे भगवान नर्मदेश्वर धाम पर लगने वाले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जायेगा। इस दौरान मेले में लगने वाली दुकानों को उचित स्थान देने पर विचार-विमर्श किया गया । तय किया गया कि भीड़-भाड़ को देखते हुए निगरानी के लिए ग्रामीणों के साथ श्रीराम सेवा समिति के स्वयंसेवकों की तैनाती की जायेगी। भगवान नर्मदेश्वर महादेव पर जलाभिषेक के बाद भजन संध्या का आयोजन स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष देवराज प्रजापति, उदय राम,शिवचंद यादव,रामजन्म गुप्ता,रमोद श्रीवास्तव,सुरेन्द्र रवानी,महेश्वर विश्वकर्मा मौजूद थे।

### बस स्टैंड, फुटबाल स्टेडियम व टाउन हाल का शिद्दत से था इंतजार, मिलेगी राहत

# सीएम के सौगात से गढ़वावासी गदगद, शहर की बदलेगी सूरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गढ़वा आगमण के दौरान 93 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में सात करोड़ रुपए की लागत से कल्याणपुर में निर्मित नया समाहरणालय भवन, 15 करोड़ रुपए की लागत से बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, चार करोड़ रुपए की लागत से सोनपुरवा में निर्मित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रुपए की लागत से निर्मित फुटबॉल स्टेडियम तथा गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर टाउन हॉल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास गढ़वा एवं पलामू प्रमंडल के लिए विशेष सोच थी। सरकार बनते ही उन्हांने गढ़वा को 20 से 22 घंटा बिजली उपलब्ध कराया। आज उन्हीं की देन है कि गढ़वा में 93 करोड़ रुपए की लागत से बनी पांच बड़ी योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी खराब मौसम के बावजूद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सड़क मार्ग से गढ़वा पहुंचकर जनता की उम्मीदों को पूरा किया। जनसभा को संबोधित न कर पाने का उन्हें काफी अफसोस रहा। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ विजय कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, दीपमाला, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, दिलीप गुप्ता, चंदन पासवान, आशीष अग्रवाल उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सुबह से जारी रिमझिम बारिश ने रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन मिथिलेश बाबू के आग्रह और गढ़वा की जनता के प्यार ने उसे विफल कर दिया**







**गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर टाउन हॉल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया।**

#### मुख्यमंत्री चंपाई ने किया ट्वीट

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समयाभाव के कारण गढ़वा में जनसभा को संबोधित नहीं कर सके। इसका उन्हें काफी अफसोस है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सुबह से जारी रिमझिम बारिश ने रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन मिथिलेश बाबू के आग्रह और गढ़वा की जनता के प्यार ने उसे विफल कर दिया। यह दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक है। हमारी सरकार ने इस जिले में विकास की जो लकीर खिंची है, आने वाली पीढ़ियां उस पर गर्व करेंगी।

### बादल हमेशा के लिये सूरज को नहीं ढंक सकता

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा के विकास का नमूना पेश किया है। उन्होंने कहा कि बादल चाहे कितना भी घना हो सूर्य को हमेशा के लिए नहीं ढंक सकता है। एक दिन सच्चाई सामने आयेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुत जल्द सलाखों से बाहर आएंगे। लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य में विकास की लंबी लकीर खींची है। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा में ऐतिहासिक विकास किया है।

#### जेएमएम नेताओं को वीआईपी गैलरी से जाने से रोका

गढ़वा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान वीआईपी गैलरी से कई झामुमो नेताओं ने प्रवेश करने का प्रयास किया, किंतु उन्हें मुख्य गेट पर ही रोक दिया गया। यहां तक कि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह को भी सुरक्षा कर्मियों ने स्टेज पर जाने से रोक दिया। वहीं जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे को भी प्रवेश नहीं दिया गया। इससे झामुमो नेताओं में नाराजगी देखी गयी।

## सीआरपी-बीआरपी एसएस संघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बीआरपी-सीआरपी एसएस संघ द्वारा अपनी लंबित मांगों एवं सेवाशर्त नियमावली को लागू करने से संबंधित मोग पत्र से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष मनदीप राम ने कहा कि विगत दो सालों से नियमावली बन कर तैयार है, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। जिससे बीआरपी-सीआरपी का मनोबल गिर रहा है। उन्हें पारा शिक्षक और चपरासी से भी कम मानदेय पर काम करने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार चौबे, मनोहर कुमार चौबे, संतोष कुमार पाठक, चंद्रशेखर दुबे, दिलीप कुमार यादव, ओम प्रकाश चौधरी, पवन कुमार गिरी,संजय कुमार पाठक मौजूद थे।

### जिला परिषद सदस्य ने की बीडीओ की शिकायत

भवनाथपुर। जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा व समाज कल्याण सेवा संस्थान के केन्द्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार ठाकुर ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गढ़वा आगमन पर भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम के खिलाफ अपमानित करने का आरोप लगाते हुये शिकायत दर्ज करायी है। जिला पार्षद ने अवगत कराया कि अबुआ आवास में अनियमितता सहित अन्य जन समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय जाने पर पदाधिकारी द्वारा सही तरीके से बर्ताव नहीं किया जाता है। साथ ही समस्याओं के निराकरण में भी दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। उन्होंने तत्काल कार्रवाई की मांग की।

### भाजपा मंडल ईकाई ने सांसद को दी बधाई



**खरौंधी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल ईकाई खरौंधी के द्वारा पार्टी कार्यालय पर बैठक कर सांसद वीडी राम को तीसरी बार लोस का टिकट दिये जाने पर बधाई दी गयी। साथ ही पीएम मोदी सहित राष्ट्रीय पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि राम खेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र प्रसाद यादव, उपेंद्र कुमार,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ राम,पूर्व अध्यक्ष सुशील यादव,पूर्व उप प्रमुख विवेकानंद यादव, अनिरुद्ध चौधरी, बुधनाथ गुप्ता,बूटन राम, शिवमंगल गुप्ता, रामनाथ बैठा, राजेश गुप्ता, इमामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

### सभी पंचायतों में लगेगा हाई मास्ट लाइट



**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विधायक निधि से 80 हाई मास्ट लाईटें लगायी जाएंगी। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को टाउन हॉल के मैदान में प्रातः 11 बजे इस योजना का शिलान्यास करेंगे। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि विधायक मद से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों में चौक, चौराहों, हाट, बाजार आदि सार्वजनिक स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों को भी पुरी तरह से रोशन करने की योजना है। इस पर काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के बोकया गांव निवासी स्वर्गीय महेश विश्वकर्मा का पुत्र अशोक विश्वकर्मा 55 वर्ष की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अशोक विश्वकर्मा अटोला गांव से पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया । घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उन्हें गंभीर स्थिति में इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल ले गये। जहां ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

### दक्षिण भारत शैली में होगा देवी मंदिर का पुनर्निर्माण

**कांडी।** प्रखण्ड के सरकोनी गांव में रविवार को देवी मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व पंडित सौरभ भारद्वाज ने किया। इस दौरान ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि गांव स्थित इस देवी मंदिर का भव्य पुनर्निर्माण किया जाएगा। इस देवी मंदिर का पुनर्निर्माण दक्षिण भारत शैली में किया जाएगा। बाहर से कारीगर बुलाकर इस मंदिर का निर्माण कार्य होगा। बैठक की अध्यक्षता प्रवीण कुमार सिंह ने की। इस दौरान पूर्व मुखिया मीना देवी ने मंदिर को पीतल का कलश व देवी की पिंडी देने की घोषणा की। साथ ही अन्य कई लोगों ने भी सहयोग प्रदान किया। मौके पर दुर्गावती देवी,लालमुनि राम,चंचल राम,राजेन्द्र पासवान,सुशीला कुंवर उपस्थित रहीं।

## श्रीकृष्ण गोशाला के सचिव हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस ने श्रीकृष्ण गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक को रविवार की सुबह हिरासत में ले लिया। सुबह 7.30 बजे जब श्री दीपक गोशाला में थे, अचानक पुलिस पहुंची और उन्हें हिरासत में लेते हुये गढ़वा थाना ले गयी। इसके बाद देर शाम तक उन्हें थाने में ही रखा गया था। विदित हो कि पिछले दिन नगरपालिका प्रशासन द्वारा गोशाला समिति के गेट को लेकर विरोध करने पर भी श्री दीपक को हिरासत में लिया गया था। अनुमान लगाया गया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर उन्हें हिरासत में लिया गया है। यद्यपि प्रशासन की ओर से इस संबंध में कुछ भी प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है।

### दिनभर उपवास किया

इस संबंध में रमेश दीपक से पूछने पर बताया कि सुबह जब वे गोशाला में गायों की सेवा में लगे हुये थे। गायों का दूध निकाला जा रहा था। इसी बीच पुलिस पहुंची और उन्हें बिना कुछ कहे पकड़कर थाने में ले आयी। उन्होंने बताया कि वे सुबह में ब्रश भी नहीं किये थे। उन्हें शाम तक थाने में ही रखा गया है। वे बिना कुछ खाये शाम तक भूखे थाने में पुलिस की हिरासत में रहे। उन्होंने जब पुलिस से हिरासत में लेने की वजह पूछी तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रशासन किसी के दबाव में गोशाला के विरूद्ध प्रतिशोधात्मक कार्रवाई कर रही है।

### चक्कर आने से बाइक से गिरी महिला

**रंका।** थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी हुसैनी अंसारी की पत्नी असरुन बीवी मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि असरुन बेटी को इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर गई थी। वापस लौटते समय अचानक उन्हें करसों गांव के समीप चक्कर आ गया तथा वे बाइक से गिर गई। घायल महिला को परिजनों ने गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पचफेड़ी गांव निवासी सद्दाम अंसारी की पत्नी सफीना बीबी 25 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के ससुर कमरूद्दीन अंसारी ने बताया कि रविवार को दोपहर करीब 3.30 बजे सफीना बीबी ने अपने घर में ही मोबाइल को चार्जिंग कर रही थी। इस दौरान विद्युत करंट की चपेट में आ गई। इसके बाद उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सदर अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सक ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के मायके डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव से उसकी चाची सदर अस्पताल पहुंच चुकी थी। उसने बताया कि सफीना के मायके के लोग सदर अस्पताल आ रहे हैं। इसके बाद ही उसकी मौत को लेकर कुछ बता पाएंगे। इधर, मृतका के मायके वालों के नहीं आने के कारण सफीना बीबी के शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका और समाचार लिखे जाने तक सदर अस्पताल में ही शव पड़ा हुआ है।

### पुण्य फल का आधार है सत्संग



**श्रीबंशीधर नगर।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्दे पुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम जप,सत्यानु शरण ग्रंथ,नारी नीति ग्रंथ,व शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया। धृतिसुन्दर लाल,गीता देवी,दीपमाला अम्बष्ट,अनिता सिन्हा व वृंदा देवी द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर ने सात्वति पत्रिका का पाठ करते हुये कहा कि इस पत्रिका में ठाकुर जी की जीवनी वर्णित है। ऋत्विक विजय नन्दन सिन्हा ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि मनुष्य को अध्यात्म के क्षेत्र में समय देना चाहिये। सत्संग में उपस्थित होने से कई गुणा अधिक फल की प्राप्ति होती है। मौके पर संजय दा,शक्तिदास सिन्हा,श्रीकांत,धृतिदीप्त अम्बष्ट,मधु,सुजन्ती, प्रभा देवी,सृष्टि कुमारी,प्रमिला देवी,तनु प्रिया उपस्थित रहीं।

**परेशानी**

### समय पर नहीं होता निरीक्षण, कई केन्द्रों के बंद रहने से नौनिहालों का विकास बाधित

# दो पयर्वेक्षिका के भरोसे तीन प्रखंड के 165 आंगनबाड़ी केंद्र




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनाथपुर के अधीन केतार ,खरौंधी व भवनाथपुर प्रखंड में कुल 165 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनके संचालन पर सरकार प्रति माह लाखों रुपए खर्च करती है, पर इन केन्द्रों पर बच्चों का समेकित विकास नहीं हो पा रहा है। तीनों प्रखंडों के कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को छोड़कर बाकी केन्द्रों पर खानापूर्ति की जा रही है। एक आंगनबाड़ी केंद्र पर 30 बच्चे नामांकित होते हैं, लेकिन अधिकांश केन्द्रों पर महज 10-12 बच्चे ही हैं। जबकि कई केंद्र महीनों बंद रहते है। इसके पीछे का मुख्य कारण आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों की मॉनिटरिग सही तरीके से नहीं होना बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि तीनों प्रखंडों के 165 आंगनबाड़ी केंद्रो का सुचारू रूप से देखभाल करने के लिए सात सृजित पदों के विरुद्ध यहां मात्र दो महिला पयर्वेक्षिका ही हैं। ये दोनों भवनाथपुर के 66 आंगनबाड़ी केन्द्र, खरौंधी के 49 और केतार प्रखंड के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कैसे करती होंगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। केन्द्र पर बच्चों को सुबह में नाश्ते में सूजी का हलवा, दोपहर में दाल-भात या खिचड़ी खिलाना है। लेकिन कुछ केन्द्रों को छोड़कर अन्य केन्द्रों पर पोषाहार देकर ही खानापूर्ति की जाती है।

### आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य

आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं की समुचित देखरेख करना है। साथ ही बच्चों और महिलाओं का टीकाकरण, पोषाहार और सामाजिक विकास की सेवाएं उपलब्ध कराना है। जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को उचित पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करना, इसके साथ- साथ खेल खेल में अनौपचारिक शिक्षा भी देना है। गरीब तबके के बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास तथा उन्हें स्वास्थ्य सम्बन्धी सहायता प्रदान करना है।

### कार्य बल की कमी,समय पर निरीक्षण नहीं

बाल विकास परियोजना के तहत तीन प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्र का देख-रेख के लिए सात महिला पयर्वेक्षिका का पद स्वीकृत हैं। जबकि मात्र दो महिला पयर्वेक्षिका रिंकी कुमारी और सुचिता कुमारी कार्यरत हैं। समेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) का पद भी प्रभार में बीडीओ के सहारे चल रहा है। कार्यालय में निजी आपरेटर से काम लिया जा रहा है। सुचित्रा ने बताया की केंद्र अधिक होने की वजह से आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने में परेशानी होती है।

### वर्जन

आंगनबाड़ी केंद्र का निरंतर निरीक्षण करने का निर्देश पयर्वेक्षिका को दिया गया है। केन्द्र बंद रहने की शिकायत पर वे स्वयं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। कमियों को तत्काल दूर किया जायेगा।

**नंदजी राम, बीडीओ/सीडीपीओ, भवनाथपुर**

## एक नजर

### घर-घर जाकर बांटा गया नरेंद्र मोदी का पत्र

**भंडरा।** भारतीय जनता पार्टी कि जला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने रविवार को प्रखंड के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र बांटा गया। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबकी प्रेरणा के साथ देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा सरकार देश के गरीब, किसान, मजदूर, महिला जरूरतमंद के लिए काम कर रही है। आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

### नववर्ष विक्रम संवत व होली मिलन पर चर्चा

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत एवं होली मिलन समारोह को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से नव वर्ष को लेकर 6 मार्च को मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिला संरक्षक, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत एवं वार्ड के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा शहर के गण्यमान्य अभिभावक गण के साथ बैठक होगी। भव्य शोभा यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस बार कार्यकर्ता सह- सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह 20 मार्च को एक साथ मनाया जाएगा। साथ ही जिला पदाधिकारी एवं नगर पदाधिकारी की उपस्थिति में नगर कमिटी का विस्तार करते हुए आकाश प्रजापति को नगर उपाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू, जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, बिक्की कसेरा, बजरंग करुवा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत, राहुल कुमार, महामंत्री शुशील पटनायक, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### शिविर का 46 लोगों ने उठाया लाभ

**लोहरदगा।** सेवा भारती की ओर से चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार 90वें सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं आनंद केसरी ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। शिविर में 46 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से परामर्श भी लिए। मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जरूरतमंदों एवं असहायों की सेवा ही परम धर्म है। डॉ कुमुद ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। मौके पर अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, आनंद केशरी, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश कास्यंकार, शिमला देवी, अंजलि सर्राफ, राजीव कुमार सिंह, अतुल सर्राफ, सोनिया पोद्दार, मोतीलाल अग्रवाल, पूजा सिंह, तपेश्वर अग्रवाल, सुबोध महतो, संतोष ग्रवाल, संध्याअग्रवाल, अनूप महतो, राजू ग्रवाल, नीलम देवी, पदम लोचन अग्रवाल, सुरेंद्र महतो, नारायण साहू, डोमन चंद्र कर्मकार, अमित बांका, समर्थ चौधरी, कृष्णा प्रसाद, धनंजय प्रसाद अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने हिंडाल्को कंपनी पर लगाया ट्रक मालिकों व चालकों को परेशान करने का आरोप

# मांगों के समर्थन में बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे ट्रक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक पतरा टोली बिजली ऑफिस के समीप हुई। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह ने की। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए यह कहा गया कि हिंडाल्को कंपनी कहीं ना कहीं ट्रक मालिकों एवं चालकों को लगातार परेशान कर रही है। एग्रीमेंट के मुताबिक 12 ट्रिप भी महीना में नहीं दिया जा रहा है और विभिन्न तरह के नुस्खे निकाल कर ट्रकों को खड़ा कर दिया जा रहा है। कहीं ना कहीं कंपनी की मंशा साफ है कि छह चक्का ट्रकों को किसी भी तरह से हटाया जाए। इस पर एसोसिएशन ने यह तय किया कि एक माह पूर्व ही हम लोग हड़ताल पर जाने वाले थे लेकिन कंपनी ने आश्वस्त किया था कि ट्रिपों में सुधार किया जाएगा एवं ट्रक चालकों एवं मालिकों को परेशान नहीं किया जाएगा। लेकिन एक महीने बीतने के बाद भी कंपनी ट्रक मालिक को एवं चालकों को बुरी तरह से परेशान कर रही है और ट्रिप नहीं देने के कारण ट्रक मालिक कर्ज के बोझ के तले दबते जा रहे हैं।

एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि बुधवार से कुजाम, अमतीपानी, न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) एवं विमरला के ट्रक



अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे और एसोसिएशन कंपनी से यह भी मांग करती है कि चालक, उपचालक, लोडर, अनलोडर के सुरक्षा मानकों के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। दूसरी ओर लोहरदगा हेसल में नए अनलोडिंग स्टेशन से जो बॉक्साइट शिफ्टिंग किया जाएगा या बाहर भेजा जाएगा। वह सभी ट्रक यहां के स्थानीय लोगों के ही चलेंगे और कंपनी अगर मनमानी करेगी तो एसोसिएशन इसका विरोध करेगा और आंदोलन करेगा। एसोसिएशन ने यह भी साफ किया कि अब एसोसिएशन भी नियम के अनुसार ही कार्य करेगी। नियम के अनुसार ही लोडिंग लेगी, तय एग्रीमेंट के मुताबिक ही कंपनी से वार्ता होगी। कंपनी की जो मंशा है कि बड़े ट्रकों से ढुलाई की जाएगी तो एसोसिएशन कंपनी को यह साफ चेतावनी देती है कि यहां लोहरदगा जिले में किसी भी तरह से बड़े ट्रकों को बॉक्साइट में नहीं चलने दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, सह सचिव रहमत अंसारी, गुड्डू अंसारी, राजेश शर्मा, बरज सिंह, संजीव शर्मा, मोहम्मद अमानुल्लाह, समसुल अंसारी, इकबाल कुरैशी, महताब आलम, मोहम्मद बबलू, परमानंद कुमार, मुख्तार आलम, विनोद प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, मो.गुड्डू, मोहम्मद राजू खान, नीरज कुमार, शकील अंसारी, महबूब अंसारी, मनीष केसरी, मोहम्मद मुमताज आलम, गजाधर महतो, जसीम खान, मुदस्सर नजर, शराउल हक, समर हसन आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# शिक्षित होकर ही सरना समाज बनेगा विकसित

### अरकोसा में हुए सरना धर्म महासम्मेलन में बोले डॉ. उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा समिति सह तीन पड़हा समिति अरकोसा द्वारा पड़हा भवन अरकोसा में सरना धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए।

उरांव ने कहा कि सरना समाज को विकसित करने के लिए सबसे पहले हमें शिक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत है। शिक्षा से सरना समाज के युवाओं में जागरूकता आएगी और समाज शिक्षित होगा। शिक्षित समाज ही एक बेहतर समाज का निर्माण करता है। हमारे समाज से नशा को दूर कर शिक्षा को अपनाने की जरूरत है। हमारे द्वारा समाज को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव कार्य किया जा रहा है। समाज के लिए एवं संस्कृति धरोहर को बचाने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा बजट



सत्र में मेरे द्वारा अखड़ा निर्माण एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र का वितरण आदिवासी बहुल क्षेत्रों में किया गया। जिले के सभी प्रखंडों में पड़हा भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन के निर्माण से आदिवासी समाज एकत्रित होकर समाज को विकसित करने का काम करेंगे। मेरे विधायक निधि से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 170 अखड़ा का निर्माण कराया जा रहा है। इससे आदिवासी कला संस्कृति का गांव गांव त्योहार पूर्ण रूप से मना सके। कार्यक्रम में राजेश लिंडा, बिरसा उरांव, जलेश्वर उरांव, नीरज मुंडा, सोमदेव उरांव, बालमुकुंद लोहरा, सुखदेव उरांव, रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, राजमुनि उरांव, सोमे उरांव, संजीव भगत, ठाकुर प्रसाद ,वीरेंद्र उरांव, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, असलम अंसारी, रफीक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## जंगली भालू ने राहगीरों को बनाया निशाना, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रायडीह**
प्रखंड के लसड़ा जंगल के समीप एक जंगली भालू ने रविवार को जमकर उत्पात मचाया। कई राहगीरों को निशाना बनाया, जिसमें दो ग्रामीण जख्मी भी हुए हैं। वहीं बरटोली निवासी संतोष साहू की बाइक की सीट को नोचकर बर्बाद कर दिया। साथ ही बाइक को धकेल कर गिरा दिया। थोड़ी दूर सड़क किनारे खड़े लक्ष्मण सिंह के ऑटो को धकेल कर खाई में गिरा दिया और ऑटो की सीट और

**साथ ही कई वाहनों को भी किया क्षतिग्रस्त**

कवर को फाड़ दिया। वन विभाग व पुलिस मौके पर पहुंची। दिन के करीब 3:00 बजे तक जंगली हाथी आसपास के जंगल में आश्रय लिए हुए था। वहीं ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। हालांकि जंगली भालू ने गांव में प्रवेश नहीं किया है। विभाग भालू को सुरक्षित एरिया की ओर मूव कराने का प्रयास किया जा रहा है।



## स्कूटी से गिरकर दो व्यक्ति घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
थाना क्षेत्र के टोंगो के समीप स्कूटी से गिरकर दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में कातिंग पंचायत के नातापोल गुणाटोली निवासी जोनशन कुजूर, पिता अगुस्टीन कुजूर एवं कुंवर प्रकाश कुजूर के नाम शामिल हैं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों लोग स्कूटी से चैनपुर गैस सिलेंडर लाने गए थे। वापसी के क्रम में टोंगो के पास अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे उनके सिर एवं पैर में चोट लगी है। अस्पताल पंहुचने पर दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें छुट्टी दे दी गई।



## सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे डीपीआरओ और उनके परिजन

**भंडरा।** रांची-लोहरदगा मुख्यमार्ग के भंडरा गांव स्थित राजेंद्र वस्त्रालय के पास रविवार की सुबह डीपीआरओ शिव नंदन बड़ाइक की गाड़ी सड़क में विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन से टकरा गयी। इस दुर्घटना में डीपीआरओ एव उनके परिजन बाल-बाल बच गये। उनकी गाड़ी पर सवार डीपीआरओ के पत्नी व बच्चे भी थे। वे भी बाल -बाल बच गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि करीब साढ़े बारह बजे डीपीआरओ अपने निजी वाहन से परिजनों संग रांची जा रहे थे। इसी बीच भंडरा मुख्य पथ में सवारी टेंपो को बचाने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन से अनियंत्रित होकर टकरा गई। लेकिन किसी तरह गाड़ी बंद होने के कारण अधिकारी व उनके परिजन को चोट नहीं लगी। इसके कारण गाड़ी पर सवार डीपीआरओ व उनके परिजन बाल-बाल बच सके।

## अंजुमन इस्लामियां भंडरा के ओहदेदारों ने ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
अंजुमन इस्लामिया भंडरा प्रखंड के नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी, खजांची, नायब सदर, नायब सेकेट्री विभिन्न गांवों से आए सदस्यों को शपथ दिलाने को लेकर समारोह का आयोजन भंडरा में हुआ। इसमें परंपरागत रूप से जामा मस्जिद के मुफ़्ती जाकिर हुसैन द्वारा नवनिर्वाचित सदर आफताब आलम, सेकेट्री अब्दुल रउफ, खजांची शकील अंसारी, नायब सदर मुमताज अंसारी, नायब सेकेट्री, मोबारक अंसारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि कोई भी देश संविधान और कानून से चलता है। अंजुमन इस्लामिया भी देश के कानून व्यवस्था के साथ कार्य करता है। समाज को बेहतरीन रूप से चलाएं, समाज के लिए बेहतर कार्य करें। पुलिस प्रसाशन का संपूर्ण सहयोग मिलेगा। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न इस्लामिक धर्म के लोग मौजूद थे।

## मतदाता सत्यापन अभियान आज से

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर 4 मार्च की सुबह 10 बजे से मतदाता सत्यापन अभियान प्रारंभ होगा। यह अभियान सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा जहां बीएलओ प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के साथ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगी। इसमें मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन या प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम चेक करना है। अगर नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या त्रुटि है तो अपना नाम पंजीकरण एवं सुधार हेतु आवेदन प्राप्त किये जाने का कार्य किया जाएगा। अगर मतदाता का नाम उस सूची में है तो मतदाता अपने सूची के साथ या वोटर कार्ड के साथ अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे। उक्त बातें उप विकास आयुक्त दिलीप



प्रताप सिंह शेखावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान का औचक निरीक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी करेंगे। मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन भी चेक कर सकते हैं। उप विकास आयुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों से इस अभियान को सफल बनाने हेतु और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ने हेतु मीडिया के माध्यम से प्रेरित किये जाने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## समीर को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर दी गई बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा सीटों के प्रत्याशी की प्रथम सूची जारी की गई। इसमें लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व मंत्री व विधायक सधनू भगत, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, मदनमोहन पाठक, विनोद राय, चंद्रशेखर प्रसाद, परमेश्वर साहू, अजातशत्रु, विश्वजीत शाहदेव, अजय कुमार पंकज, सामेला भगत, नवीन कुमार टींकू, नीरज नलिन,



सूरजमोहन साहू हर्षनाथ महतो, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उरांव, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, सरोज प्रजापति, मीना बाखला, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, संजय चौधरी, कलावती देवी, मनीष शिखर, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, भरत किसान, लखन उरांव, राजकुमार मुंडा, सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, अमरेश भारती, सूरज दसोंधी, मुकेश साहू, नवीन साहू, अमित लोहरा, अमरनाथ भगत, कैलाश महतो, सजल कुमार, बाल्मीकि कुमार, तरूण देवघरिया, अजय पंकज, यदुनंदन पांडेय, विवेक चौहान सुरेश बैठा, टीपू खान, विशेश्वर प्रसाद दीन, मीना बाखला, बिंदिया देवी शामिल हैं।

### निर्णय | छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की हुई बैठक

# कार्यकारी जिलाध्यक्ष बने मनोज साहु

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक जिला अध्यक्ष जयनाथ साहु की अगुवाई में हुई।

इसमें सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष मनोज साहु को मनोनीत किया गया। कमेटी विस्तार करते हुए जिला सचिव कमलेश साहु, संयुक्त सचिव कृष्णा साहु, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू सेन्हा, दिलीप साहु उदरंगी, सरजू साहु कुंडू, मुकेश प्रसाद निंगनी, विदेशी साहु लोहरदगा, जिला संयोजक नंद किशोर साहु मुना, सही संयोजक रामबिलास साहु, प्रवक्ता रवि साहु सीठियो, सलाहकार रिपु सुदन साहु, अजय पंकज, न्याय प्रकोष्ठ दिलीप साहू सुकुमार को मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रिपु सुदन साहु ने कहा कि किसी भी समाज को राजनीतिक भागीदारी तब प्राप्त होगा जब



समाज संगठित होगा। आज तेली समाज पूरे देश में संगठित है।

लोहरदगा जिला का संगठन सशक्त एवं मजबूत है। थोडा धार देने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष समय निकाल कर गांव गांव एवं प्रखंडों में अपनी टीम के साथ निकलें और समाज के लोगों के सुख दुख के सहभागी बनें। पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो शिव दयाल साहु ने कहा कि जिला समिति के सभी पदाधिकारी कार्यों को आगे तक ले जाएं। अजय पंकज ने कहा कि समाज के संगठन को और सशक्त करने की जरूरत है। जिला समिति के साथ मैं कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हूं। बैठक में मनोज साहु, प्रो शिवदयाल साहु, लखपति साहु, दिलीप कुमार साहु, राजु साहु, प्रदीप साहु, श्याम किशोर, संजय साहु, मुना साहु, सचिन साहु, रामबिलास साहु, मुकेश साहु, संदीप, बजरंग आदि उपस्थित थे।

## रामचंद्र भगत लोहरदगा लोकसभा प्रभारी व कयूम अंसारी जिलाध्यक्ष घोषित

**लोहरदगा।** लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि पार्टी जनता को शिक्षा और चिकित्सा पूरी तरह निःशुल्क देना चाहती है ताकि घर घर विद्वान पैदा हो सके।

प्रदेश उपाध्यक्ष मो. अजहर आलम ने कहा कि जब किसी गरीब परिवार का कोई सदस्य किसी बड़ी बीमारी से ग्रसित हो जाता है तो वह खर्चीला इलाज नहीं करा पाने के कारण दुनिया छोड़ने को बाध्य हो जाता है। इसीलिए लोकहित अधिकार पार्टी सभी को चिकित्सा पूरी तरह निःशुल्क देना चाहती है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने सर्वसम्मति से संगठन विस्तार किया। रामचंद्र भगत - प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लोहरदगा लोकसभा प्रभारी, मो. क्यूम अंसारी - जिलाध्यक्ष, बिरेंद्र लोहरा, शमशाद अंसारी एवं गफ्फार अंसारी - जिला उपाध्यक्ष, बिनोद उरांव व मो. फिरोज अंसारी जिला महासचिव, प्रदीप महतो व अवेश राजा - जिला सचिव, दीपक महली एवं सदाम अंसारी - जिला कोषाध्यक्ष, युवराज साहू एवं मो. शाहिद अंसारी - जिला मीडिया प्रभारी घोषित किये गये।

## सदर थाना परिसर में चौकीदार सहाय खलखो को ससम्मान दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सदर थाना परिसर में समारोह का आयोजन कर थाना के चौकीदार सहाय खलखो की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने की, जबकि संचालन झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने किया। मौके पर सहाय खलखो को सेवानिवृत्ति पर अंग वस्त्र एवं अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। खलखो की धर्मपत्नी को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सहाय खलखो और उनकी धर्मपत्नी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर दफादार चौकीदार पंचायत के राज्य अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह, अहतु थाना के थाना प्रभारी जयदीप भगत एवं नव पदस्थापित महिला थाना प्रभारी लोहरदगा समेत जिला सचिव निजावत अंसारी, उपाध्यक्ष दुर्गा महली, कुडू प्रखंड के अध्यक्ष राजू कुमार राम, महिला थाना के सभी पदाधिकारी, एससी एसटी थाना के पदाधिकारी, सदर थाना के पदाधिकारी, चौकीदार अनिल उरांव, छेदू उरांव, शनिचर्या उरांव, प्रति उरांव, युसूफ अंसारी, मुमताज अंसारी, सुजीत गोप विजय उरांव, मंगरा उरांव, अंगनू मुंडा सुखदेव, सुरेश उरांव, अजीमुल अंसारी आदि मौजूद रहे।



# गिरिडीह पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**2 मोबाइल फोन, 17 सिम कार्ड, 16 एटीएम कार्ड, 2 बाइक बरामद**

**8 आधार कार्ड, 6 पैन कार्ड एवं 19000 रुपये नकद भी मिले**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस की साइबर अपराध के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई निरंतर जारी है। पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में से पांच साइबर अपराधी तिसरी थाना क्षेत्र के हैं, जबकि एक हीरोडीह थाना क्षेत्र का है। गिरिडीह पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से गिरिडीह पुलिस अधीक्षक को सुचना मिली कि बिरनी थाना क्षेत्र के बरहमसिया चौक के पास कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। एसपी के निर्देश पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई और अलग-अलग स्थानों से कुल छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, एक को नामजद भी किया गया है, जो तिसरी का ही है। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार साइबर अपराधियों को कोविड व मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर गिरिडीह जेल भेज दिया है।

इस मामले में पुलिस ने साइबर थाना कांड संख्या 11/2024 अंकित किया है। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है, उनमें तिसरी थाना क्षेत्र के गादी निवासी स्व. जागेश्वर तुरी के 24 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार, अर्जुन यादव के 30 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार यादव, शिवनंदन यादव के 21 वर्षीय पुत्र पिंकेश कुमार, लक्ष्मीपुर के राम प्रसाद विश्वकर्मा के 24 वर्षीय पुत्र लोकेश कुमार, भंडारी के सुखदेव यादव के 21 वर्षीय पुत्र जयमंगल यादव शामिल हैं। इसके अलावा, गादी के ही रमन यादव के पुत्र गौतम यादव को भी नामजद अभियुक्त बनाया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में हीरोडीह थाना क्षेत्र के पिंडरसोत के रीतीलाल महतो का 28 वर्षीय पुत्र चंद्रकांत श्रीवास्तव भी शामिल है।

### अब तिसरी में भी पांव पसार रहे साइबर अपराधी

गिरिडीह जिले के गांडेय और बेंगाबाद प्रखंड के बाद तिसरी प्रखंड में भी साइबर अपराधियों ने अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। वैसे, इसकी चर्चा क्षेत्र में दबे जुबान में लंबे समय से चल रही थी। तिसरी प्रखंड से गिरफ्तार ज्यादातर साइबर अपराधी भंडारी पंचायत के ही हैं। भंडारी, गादी, लक्ष्मीपुर और किसुटांड़ से अबतक 8 साइबर कर्मियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं, गादी के ही रहने वाले एक साइबर कर्मी को नामजद अभियुक्त भी बनाया गया है। विदित हो कि गिरिडीह पुलिस भंडारी के मंटू कुमार, सचिन कुमार और किसुटांड़ के निरंजन यादव की पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### छापेमारी टीम में ये पुलिसकर्मी थे शामिल

छापेमारी टीम में डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार, पुलिस निरीक्षक सह साइबर थानाप्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, अवर निरिक्षक गुंजन कुमार, पुनित कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेंद्र कुमार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ सुमन, जितेंद्रनाथ महतो और दामोदर प्रसाद मेहता शामिल हैं।

## एक नजर

### आभूषण दुकान से एक लाख नकद और जेवर की चोरी

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा बाजार स्थित एक जेवर दुकान से एक लाख नकदी के अलावा 750 ग्राम चांदी के पुराने जेवर की चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार खरसान पंचायत के हरिहरपुर निवासी राजेश कुमार शनिवार की रात्रि में अपने दुकान को बंद कर घर आ गये। रविवार को जब दुकान खोला तो दुकान में रखा एक लाख रुपए व चांदी के जेवर गायब थे। चोर द्वारा दुकान के पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। भुक्तभोगी राजेश ने कहा कि दुकान में कमिटी का एक लाख रुपए व 750 ग्राम जेवर था जिसकी चोरी हुई है। मामले को ले गावां थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया है।

### शव के साथ लोगों ने झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग किया जाम



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के तारा बागान नीचे धौड़ा के पास शनिवार को मो. अहमद अली की गला रेत कर हत्या कर दी गयी थी. आक्रोशितों ने दूसरे दिन भी सड़क पर शव रखकर झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. सड़क जाम की सूचना पाकर झरिया पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाने की कोशिश कर रही है. परिजन हत्यारों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं.इससे पहले शनिवार देर शाम भी आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था और कई वाहनों में तोड़फोड़ की थी. पुलिस के काफी समझाने के बाद करीब 11 बजे परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए माने. पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार सुबह जैसे ही शव झरिया पहुंचा, परिजनों ने फिर से ऊपर कुली बैंकड मोड़ में शव रखकर जाम कर दिया. मो. अकबर अली हत्याकांड मामले में पुलिस ने करीब 6 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है. पुलिसिया सूत्रों के अनुसार, पुलिस मामले के तह तक पहुंच चुकी है और बहुत जल्द इसका उद्वेदन करेगी.बता दें कि मो. अहमद अली को अपराधियों ने शनिवार दोपहर में गला रेत कर हत्या कर दी थी. उसका शव तारा बागान नीचे धौड़ा के पास से बरामद हुआ था. घटनास्थल के समीप खून के धब्बे मिले थे. मो. अहमद अली शमशेर नगर का रहने वाला था. वह एक माह पहले ही अपने घर झरिया लौटा था. इससे पहले वो बाहर काम करता था.

### रैयतों का धरना समाप्त करने पहुंचे सीओ, बैरंग लौटे



**धनबाद।** धनबाद डीसी के निर्देश पर रविवार को धनबाद और बाघमारा के सीओ धरनास्थल पहुंचे. यहां उन्होंने बाघमारा विधायक के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रैयतों से मुलाकात कर धरना समाप्त करने को कहा. साथ ही उन्हें यह आश्वासन भी दिया कि उनके द्वारा दिये गए लिखित आवेदन पर उचित कार्रवाई की जाएगी. बीसीसीएल के महाप्रबंधक से मुलाकात कर बिजली-पानी पर भी बात करेंगे. लेकिन रैयत अधिकारियों की बात नहीं सुनी. इसके बाद अधिकारी धरना स्थल से लौट गए. इस संबंध में जब धनबाद सीओ शशिकांत सिंकर और बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह धनबाद डीसी के निर्देश पर रैयतों द्वारा दी जा रही अनिश्चितकालीन धरना को समाप्त कराने के लिए धरना स्थल पहुंचे थे. लेकिन रैयत नहीं माने. वह अपनी मांगों पर अड़े हैं. उन्होंने कहा कि रैयतों की जमीन का मामला हाइकोर्ट और सिविल कोर्ट में चल रहा है।

## असुरहड्डी जंगल में दर्जनों अवैध पत्थर के खदानों में वन विभाग ने की छापेमारी




**जेसीबी मशीन से डोजरिंग कर दर्जनों खदानों को किया गया ध्वस्त**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड अंतर्गत असुरहड्डी जंगल में चलाए जा रहे दर्जनों अवैध बैरल पत्थर के खदानों में रविवार को वन विभाग द्वारा छापेमारी की कारवाई की गई। साथ ही ख उ इ मशीन द्वारा डोजरिंग कर दर्जनों खंतनुमा खदानों को ध्वस्त किया गया। प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी पवन कुमार चौधरी ने कहा है कि अवैध खदान संचालनकर्ता की पहचान की जा रही है। किसी भी सूरत में वन भूमि पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी अभियान पूर्व में भी लगातार की जा रही थी, आगे भी जारी रहेगी। इस अभियान में प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी पवन कुमार चौधरी के अलावा उप वन परिसर पदाधिकारी सुनील हेम्ब्रम, जिलाजीत कुमार,राजेन्द्र प्रसाद, पबिंद्र गुप्ता समेत गावां रेंज के कई स्टाफ मौजूद थे।

## आयरन फैक्ट्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

**औद्योगिक क्षेत्र में व्याप्त प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह ग्रामीणों ने लोकसभा आम चुनाव में वोट बहिष्कार की बात कही। गिरिडीह औद्योगिक इलाके में संचालित विभिन्न फैक्ट्रियों के द्वारा प्रदूषण नियत्रंण को लेकर नियम का पालन नही करने के कारण इलाके में प्रदूषण का जहर फैलता ही जा रहा है। जिससे जूझ रहे ग्रामीणों के सब्र का बाँध आखिरकार अब टूटने लगा है। रविवार को बालमुकुंद स्पोंज आयरन फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीण गोलबंद होकर सड़क पर उतर आए और फैक्ट्री के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में स्थानीय ग्रामीणों में महिलाओं की संख्या अधिक है और वे काफी आक्रोशित भी हैं। हाथों में तख्तीयां लिए फैक्ट्री और उससे होने वाले प्रदूषण के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रही थी। ग्रामीणों में प्रदूषण को लेकर इतनी नाराजगी थी की वे इस बार लोकसभा आम चुनाव में वोट बहिष्कार की बात भी कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की माने तो फैक्ट्रियों से निकलने वाला धूवां लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। कहा कि फैक्ट्रि संचालकों के द्वारा प्रदूषण नियत्रंण को लेकर किसी भी नियम का पालन नही किया जाता है जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भूगतना पड़ रहा है।

## घटवार-घटवाल को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के भोक्तिया लोहरी में रविवार को आगामी लोक सभा चुनाव में महासभा के प्रत्याशी देने सरीखे मामले को लेकर बैठक का आयोजन किया गया बैठक में घटवार-घटवाल आदिवासी महासभा लोगो ने भाग लिया बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासभा के केंद्रीय महामंत्री लालगोविंद सिंह ने कहा कि महासभा वर्षो से घटवार जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को ले आंदोलनरत है. कहा कि झारखंड गठन के बाद जितनी सरकार बनी किसी ने भी हमारी मांगों पर विचार नहीं किया. मामले को ले अब महासभा उग्र आंदोलन का रासतरा अख्तियार करेगी. बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में महासभा द्वारा प्रत्याशी दिये जाने पर भी चर्चा की गयी. बैठक में मुख्य रूप से बाराती सिंह, लालदेव सिंह, जीवालाल सिंह, रामचंद्र राय, रामकिशोर सिंह, रीतलाल सिंह, श्याम लाल सिंह, धमेंद्र कुमार सिंह, पूरन सिंह, दशरथ सिंह, मोहन राय, कंचन देवी, रेखा देवी, जमनी देवी, डेगनी देवी, कमली देवी समेत कई मौजूद थे।

## गांडेय के राताबहियार में 7 दिवसीय शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ



**निकाली गई भव्य कलश यात्रा, 1001 कन्याओं और महिलाओं ने लिया भाग**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड अंतर्गत झरघंट्टा पंचायत के राताबहियार गांव में कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय शिव पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को किया गया। यह महायज्ञ 3 से लेकर 9 मार्च तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन पूजा का आयोजन किया जाएगा। जबकि रात को कथावाचकों के द्वारा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा कलश मंडप से शुरू होकर लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय करके दुखिया महादेव मंदिर स्थित उतरवाहिणी उसरी नदी पहुंची । नदी के तट पर पहुंचने पर यज्ञ के परोहितों ने पूरे विधि - विधान से कलश की पूजा अर्चना करवाया और कलश में जल भरवाया । पुनः कलश यात्रा यज्ञ मंडप में पहुंचकर समाप्त हो गई । बता दें कि कलश यात्रा में लगभग 1001 कन्याओं और महिलाओं ने भाग लिया।

## पिस्टल तान पेट्रोल पंप संचालक से अपराधियों ने मांगी रंगदारी, जांच शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र में एक बार फिर अपराधियों ने दुस्साहस दिखाया है. पुटकी के करकेन्द स्थित जनता पेट्रोल पंप के संचालक अशोक शर्मा से बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े रंगदारी की मांग की. नहीं देने पर अंजाम भुगतनी की धमकी दी है. पूरी वारदात पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है.घटना को लेकर पंपकर्मियों ने बताया कि बाइक सवार तीन युवक आये और पंपकर्मियों से उलझ गये. यह देख पेट्रोल पंप संचालक के भतीजे ने अपराधियों का विरोध किया. इसके बाद अपराधियों ने उसपर हमला कर दिया. इस हमले में संचालक के भजीते के दो दांत टूट गये. पंप में लोगों की भीड़ जुटता देख अपराधी वहां से भाग निकले. फिर से अपराधी शाम को वापस आए और संचालक पर पिस्टल तान कहा कि नीतीश यादव को प्रतिमाह 50 हजार रंगदारी देनी होगी, अन्यथा बुरे परिणाम के लिए तैयार रहो. वहीं घटना के बाद भयभीत पंप संचालक ने घटना की जानकारी पुटकी पुलिस को दे सुरक्षा की मांग की है. आवेदन मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई.

## एनडीए की सुनामी चल रही, अबकी बार 400 पार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दावा किया है कि एनडीए की सुनामी चल रही है और अबकी बार 400 के पार का नारा सफलीभूत होगा। श्री राज ने कहा की मोदीजी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। श्री राज ने कहा कि पिछले दिनों धनबाद में हुई रैली यह साबित करती है कि एनडीए के पक्ष में सुनामी बह रही है। श्रीराज ने 36000 करोड़ की योजना स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के तरफ से आभार जताया। श्री राज ने कहा की लोकसभा चुनाव के लिए उन्होंने अपने प्रभारी की घोषणा कर दी है। श्री राज ने बताया की रांची के लिए बबलू सागर मुंडा और संजय सिंह हजारीबाग के लिए मुकेश कुमार और रंजीत राम गोड्डा के लिए ऋतुराज और सचिन रवानी दुमका के लिए मुन्नीलाल टाटी राजमहल के लिए रणजीत सिंह और प्रमोद पासवान धनबाद के लिए दिनानाथ ठाकुर और करुण कुमार उर्फ राजकुमार सिंह गिरिडीह के लिए डीपी लाल एवं विनीत कुमार कोडरमा के लिए नितेश कुमार सिंह और मिथुन लाल यादव छात्र के लिए डॉक्टर सीताराम सिंह पलामू के लिए रामाशीष सिंह ३ॅ४ के लिए सुनील कुमार प्रभारी बनाए गए हैं श्री राज ने बताया कि वह पूरे राज्य का दौरा करेंगे और एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में स्टार प्रचारक के रूप में प्रचार प्रसार करेंगे श्रीराज ने बताया धनबाद में आयोजित प्रधानमंत्री की सभा में एनडीए के द्वारा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को जो सम्मान मिला है उस पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित है।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने चार घंटे रोकी तिलक में जा रही गाड़ी, लोगों ने थाने में किया हंगामा



**बिरनी।**बिरनी प्रखंड से कोलडीहा बेटी के तिलक के लिए जा रहे एक परिवार के लोगों को वाहन चेकिंग के दौरान लगभग 4 घंटे तक यातायात पुलिस के द्वारा रोके जाने से पचंबा थाना के पास काफी देर तक गहमागहमी का माहौल रहा। दरअसल सवारी गाड़ी पर सवार होकर दर्जन भर से ज्यादा लोग बेटी के तिलक के देने कोलडीहा जा रहे थे,लेकिन पचंबा थाना के समीप यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान सवारी गाड़ी को जांच के लिए रोक दिया गया, लगभग 4 घंटे तक वहां के रोके जाने से तिलक को जा रहे परिवार के लोग चिंतित हो गए। इसके बाद उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया।उन्होंने यातायात पुलिस पर बेवजह का परेशान करने का आरोप लगाया, कहा कि वह सभी बेटी की तिलक के लिए जा रहे हैं लेकिन उन्हें वाहन चेकिंग के नाम पर लगभग 4 घंटे से रोक रखा गया है उन्होंने कहा कि वाहन जांच के दौरान कुछ कगजातो की कमी का हवाला देकर अधिकारी उन्हें जाने नहीं दे रहे हैं। जिससे उनके तिलक स्थल में पहुंचने पर देरी हो रही है जबकि वहां लड़का पक्ष के लोग उनका इंतजार कर रहे हैं।यातायात पुलिस के इस रवैया से उनमें काफी गुस्सा देखा गया।

### अंबेडकर जयंती के लिए बैठक का आयोजन

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित संत रैदास मंदिर मालडा के प्रांगण में अनुसूचित जाति जागृति संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मोहन रविदास ने की। बैठक में आगामी अंबेडकर जयंती से पूर्व गावां में स्थापित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण किए जाने का निर्णय लिया गया।तय हुआ कि प्रखंड के सभी 17 पंचायतों में बैठक कर प्रतिमा स्थल के जीर्णोद्धार सह सौंदर्यीकरण को ले लोगों से सहयोग की अपील की जायेगी। आगामी बैठक 10 मार्च को अंबेडकर भवन गावां में आयोजित की जायेगी जिसमें पूरे प्रखंड से अनुसूचित जाति के लोग भाग लेंगे। जयंती को भव्यता पूर्वक मनाने पर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक में विनोद कुमार चौधरी, गिरधारी दास, अशोक दास,अरूण चौधरी, संजय दास, सुरेश चौधरी, राजेन्द्र दास, सुरेश चौधरी, लालो भुईयां , एवम विजय दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अंजुमन कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**बोकारो।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के गर्री स्थित अंजुमन कमेटी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का रविवार को झारखंड आंदोलनकारी हाजी गुलाम ख्वाजा एवं ग्रामीणों ने स्वागत कर बधाई दी. इस दौरान अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के नव निर्वाचित सदर मो. शेरे आलम, सचिव सकीब अंसारी और खजांची मोबीन अंसारी को पगड़ी और माला पहना कर सम्मानित किया गया. इस दौरान कसमार प्रखंड और अंजुमन कमिटी की तरक्की के लिए दुआ की गई. इस दौरान सदर शेरे आलम ने कहा कि कमेटी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है, इसका ईमानदारी एवं पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे. उन्होंने भरोसा जताया कि कमेटी में जो भी मामला आएगा, उसे अंजुमन एवं तमाम ग्रामीणों का साथ लेकर निष्पादित करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की खुशहाली एवं अमन-चैन स्थापित कर विकास कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता है. मौके पर हाजी शाकिर, हाजी यूसुफ, हाजी दिल मोहम्मद, हाजी अत्ताउल्लाह, हाजी खाजा गुलाम, इंतखाब आलम, मस्जिद के इमाम समेत कसमार के गणमान्य लोग उपस्थित थे.

### टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने जेएन टाटा की 185वीं जयंती मनाई



धनबाद। टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ रविवार को टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती मनाई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि जामाडोबा ग्रुप के चीफ नरेंद्र कुमार गुप्ता, सिजुआ ग्रुप झरिया डिवीजन टाटा स्टील के चीफ मयंक शेखर, डिवीजन के कई अन्य अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि और कर्मचारियों ने जामाडोबा स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.इसके अलावा टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा जामाडोबा और सिजुआ ग्रुप में समुदाय के सदस्यों के लिए मोबाइल पब्लिक हेल्थ यूनिट (एमपीएचयू) को मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. साथ ही ड्राइंग क्विज प्रतियोगिता, खेल, एथलेटिक गेम्स आदि कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. इसके अलावा शाम को सर दोराबजी टाटा पार्क, जामाडोबा में आकर्षक विद्युत सज्जा का भी उद्घाटन किया जाएगा. इसके बाद पार्क को 3 से 4 मार्च तक जनता के लिए खोल दिया जाएगा. इस दौरान मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 3 मार्च को पूरे टाटा स्टील में टाटा स्टील के संस्थापक जेएन टाटा का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. उन्हीं की बदौलत उद्योग जगत में टाटा स्टील का जन्म हुआ था. टाटा समूह जेएन टाटा की विरासत और मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. इस अवसर पर कर्नल भवानी सिंह निर्वाण हेड एडमिनिस्ट्रेशन, अमन हेड इंजीनियरिंग सर्विसेज झरिया डिवीजन टाटा स्टील, यूनियन प्रतिनिधि और डिवीजन के कर्मचारी उपस्थित थे।

### धनबाद में भाजपा किसके सिर सजायेगी ताज

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा किसे अपना प्रत्याशी बनाती है, इस पर संशय बरकरार है. वर्तमान सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के बीच पेंच फंसा है. पार्टी नेतृत्व हर पहलू पर विचार कर रहा है. पशुपतिनाथ सिंह के टिकट कटने का कोई सीधा कारण नहीं है. तीन बार से लगातार सांसद पीएन सिंह की बढ़ती उम्र उनके टिकट काटने का कारण बनती है तो ऐसे में राज और ढुल्लू दो बड़े दावेदार हैं. पार्टी नेतृत्व किस पर अपना भरोसा जताएगी यह तो समय बताएगा. लेकिन तीनों के समर्थक अपने-अपने नेता को टिकट मिलने को लेकर आश्वस्त हैं. इधर हजारीबाग से जयंत सिन्हा का टिकट कटने के बाद राज सिन्हा की उम्मीद बढ़ी है. यदि पीएन सिंह का टिकट कटता है तो पहले नंबर पर राज सिन्हा का नाम आने की ही संभावना है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार, 04 मार्च, 2024



**अन्धकार में छाया, वृद्धा अवस्था में काया और मौत के समय माया किसी का साथ नहीं देती है : अज्ञात**



# आर्थिक वृद्धि दर में तेजी

वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे। भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, वृंदावन आदि धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की अपार वृद्धि दिखाई दे रही है। अयोध्या में मंदिर के उदघाटन के बाद से लगातार औसतन प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों के चलते एवं पूंजीगत खर्च में लगातार की जा रही बढ़ोतरी से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद पर 7.5 लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च की राशि को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। दूसरे, भारत में कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) के संग्रहण में भी अपार सुधार दिखाई दे रहा है। कर ढांचे को आसान बनाकर सम्बंधित नियमों के अनुपालन में सुधार कर, कर संग्रहण में 20 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल की गई है। देश में अनौपचारिक क्षेत्र भी तेजी से औपचारिक क्षेत्र में बदल रहा है, इससे कर संग्रहण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी औपचारिक क्षेत्र में अधिक निर्मित हो रहे हैं तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलते दिखाई दे रहे हैं। भारत में सकल बचत की दर वित्तीय वर्ष 2023 में 30.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में 32.3 प्रतिशत से अधिक रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है, जो वित्तीय वर्ष 2014 के बाद से सबसे अधिक दर रहने वाली है।

> **वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी।**

**महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती पर विशेष**

# फणीश्वर नाथ रेणु की रचनायें कहती हैं नई बात



विजय केसरी

***हिंदी*** के सुप्रसिद्ध कथाकार मुंशी प्रेमचंद के बाद कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु एक ऐसे लेखक के रूप में सामने उभर कर आएं, जिनकी कृतियां सबसे ज्यादा पढ़ी जा रही हैं। उनकी हर रचनाएं एक नई बात कहती नजर आती हैं। बात ग्रामीण जीवन की हो, शहरी जीवन की हो, देश के सबसे बड़े शहर मुंबई की बात हो, राजनीति की बात हो, चलचित्र की बात हो, सामाजिक जीवन की बात हो, लोकनायक जयप्रकाश आंदोलन की बात हो, नेपाल क्रांति की बात हो.... फणीश्वर नाथ रेणु हर मुद्दे पर अपनी कहानियों के माध्यम से पूरे तथ्य परख के साथ बातों को रखने की कोशिश की है। उनकी हर एक रचना लोगों में जागृति पैदा करती हैं। यह बात उन्हें लेखकों की अग्रिम पंक्ति पर बहुत ही मजबूती के साथ स्थापित करता है। फणीश्वर नाथ रेणु का 'मैला आंचल' उपन्यास भारत में सबसे अधिक पढ़े जाने वाले एक उपन्यास के रूप में पाठकों की पहली पसंद बनी हुई है। इस बात को आज ही प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा ने कहा। प्रख्यात साहित्यकार कवि, संपादक, आलोचक भारत यायावर से फणीश्वर नाथ रेणु के किस्से बराबर सुनता रहता था। उनकी दृष्टि में फणीश्वर नाथ रेणु हिंदी कथा लेखन के एक पुरोधा के रूप में सदा याद किये जाते रहेंगे। ऐसी विभूतियां बरसों बाद इस धरा पर जन्म लेती हैं। भारत यायावर ने महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु के संपूर्ण लेखकीय जीवन को आधार बनाकर दर्ज किया था कि 'रेणु की जीवनी का सबसे प्रेरक तत्व यह है कि कैसे एक लेखक पद और लिप्सा से विरत रहकर रत रहता है और नित नूतन संधान में लगा रहता है। लेखक भौतिक उपलब्धियों को ठुकरा कर रचनाशीलता को ही अपना जीवन सौंप देता है और सतत विरोध झेल कर भी गतिशील रहता है।' उपरोक्त दो वाक्यों के माध्यम से भारत यायावर ने यह बताने की कोशिश की थी कि एक लेखक सतत विरोध झेल कर भी गतिशील रहता है। लेखक कोई बाहर के व्यक्ति नहीं होता है बल्कि हमारे ही आसपास रहता है। वह हमारे दैनंदिन जीवन के सुख - दुख को ही आधार बनाकर अपनी कहानियों और कविताओं में बातों को दर्ज करता है। वह हमारे रहन -सहन, भाषा, रीति - रिवाज, संस्कृति को गहराई से अध्ययन कर कुछ ऐसा रच डालता हैं, जिसे हम सब उनकी कृति को पढ़े बिना नहीं रह पाते हैं। उनकी कृति में गहरी अर्थवत्ता छुपी रहती है। गहरा संदेश होता है। उनकी कृति समाज को संघर्ष करने की एक नई ऊर्जा प्रदान करती है। एक लेखक के गहरे अनुसंधान के बाद रचना के रूप में चंद पंक्तियां उत्पन्न होती हैं। यही कारण है कि



इन पंक्तियों की गूंज सदियों तक बनी रहती हैं। यह तभी संभव हो पाता है, जब लेखक पूरी तन्मयता के साथ अपनी साधना में रत होता है। इस संदर्भ में यह विचार करना जरूरी हो जाता है कि एक लेखक और आम आदमी में क्या फर्क है ? उदाहरण स्वरूप एक दृश्य को सभी लोग देखते जरूर हैं, लेकिन उसी दृश्य को एक लेखक अपने वैचारिक दृष्टिकोण से देखता है। वह उस पर गंभीरता से विचार करता है। उस दृश्य के कारणों तक जाता है। उस दृश्य के मर्म, पीड़ा और संवेदना को समझने की कोशिश करता है। तब वह लेखक कुछ पंक्तियों में अपनी बातों को प्रस्तुत कर पाता है। वह दृश्य उस लेखक को वैचारिक रूप से झकझोर कर रख देता है। उस लेखक के मन में कई तरह की बातें उठती हैं। वह गहन शोध में रत हो जाता है। यही भूमिका उसे आम आदमी से अलग करता है। आम आदमी के लिए वह दृश्य एक सामान्य घटना के समान होती है। भारत यायावर ने रेणु के माध्यम से यह बताने की कोशिश की कि कैसे एक लेखक पद और लिप्सा से विरत रहकर अपनी लेखकीय साधना में रत रहता है। अगर लेखक पद और धन की लिप्सा में दौड़ना प्रारंभ कर दे, तो वह अपनी लेखकीय साधना से विरत हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में वह चाह कर भी महत्वपूर्ण रचनाओं को उत्पन्न नहीं कर पाता है। एक लेखक की रचना समाज के लिए कितना महत्वपूर्ण है ? यह बड़ा सवाल है। कई लेखक गण निरंतर लिख रहे हैं। लेकिन उनकी रचनाएं समाज में कोई असर पैदा कर नहीं पा रही हैं। ऐसा क्यों? इस सवाल पर समाज के बुद्धिजीवियों को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उसी लेखक की रचना महत्वपूर्ण होती है, जो समाज को एक नई दिशा व रौशनी प्रदान कर सके। महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु का संपूर्ण जीवन हिंदी साहित्य की साधना में बीता था। अगर रेणु चाहते तो कई सरकारी पदों पर विराजमान हो सकते थे। उनकी प्रसिद्धि देश और देश के बाहर तक फैली हुई थी। वे धन का अंबार लगा सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया था। उन्होंने कलम की साधना को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। वे जीवन के अंतिम क्षणों तक अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते ही रहे थे। वे नित नूतन संधान में रत होते थे। तभी उनकी रचनाएं कालजई बन पाई। आज की बदली परिस्थिति में अधिकांश लोगों एवं लेखकों की पद प्राप्ति और कई पीढ़ियों के लिए धन संग्रह करने की लालसा ने समाज का रूप ही बदल कर रख दिया है। क्या पद, धन और विलासिता के बीच कोई लेखक अपनी लेखकीय संवेदना को बनाए रख सकता है ? यह यक्ष प्रश्न है। धन के पीछे भागने वाला लेखक क्या धन के अभाव को समझ सकता है ? क्या पद पर आसीन वह लेखक गरीब, असहाय, मजबूर, बेसहारा दलित लोगों की पीड़ा को महसूस कर सकता है ? क्या विलासिता का जीवन जीने वाला लेखक समाज में घट रही घटनाओं पर निष्पक्ष होकर रचना कर्म कर सकता है ? भारत यायावर ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से यह बताने की कोशिश की कि एक लेखक का जीवन सिर्फ और सिर्फ साहित्य साधना में रत होना चाहिए। पद, धन और विलासिता का जीवन उनके स्वतंत्र विचार व संवेदना के पंखों को कतर कर रख देता है। देश के महान कवि निराला जी ने इलाहाबाद एक मोड़ पर तपती धूप में एक महिला को पत्थर को तोड़ते हुए देखा था। उसके बाद कुछ पंक्तियां उनकी कलम से पैदा होती है। यह पंक्तियां कालजई बन जाती है। यह उनकी सतत साधना का प्रतिफल था। आज भी उनकी पंक्तियां पढ़ी जाती है। उनकी पंक्तियों में पसीने से लथपथ, पत्थर तोड़ती महिला की तस्वीर साफ उभर कर सामने आ जाती है। फणीश्वर नाथ रेणु की कहानियां समय के साथ संवाद करती नजर आती है। उनकी कहानियों जितनी बार भी पढ़ी जाती है, कुछ न कुछ नूतन विचार प्रकट होते रहते हैं। कई नई बातें निरंतर उभरकर सामने आती रहती है। यह इसलिए हो पाता है कि रेणु पद और लिप्सा से पूरी तरह विरत होकर अपनी साहित्य साधना में रत थे। एक लेखक का जीवन कैसा होना चाहिए ? इस विषय पर यायावर ने बहुत ही मंथन के बाद यह दर्ज किया कि एक लेखक को भौतिक उपलब्धियों से मुक्त होना चाहिए और रचनाशीलता को ही अपना जीवन सौंप देना चाहिए। तभी कुछ बातें उत्पन्न होती है। अगर लेखक भौतिक उपलब्धियों को ही बटोरने में लगा रहेगा, तब वह चाह कर भी लेखकीय साधना से रत नहीं हो पाएगा। लेखक का जीवन सहज, सरल और संवेदना से भरी होनी चाहिए। फणीश्वर नाथ रेणु की तमाम रचनाएं एक नई बात कहती नजर आती हैं। एक नया संदेश देता नजर आता है। उनका व्यक्तिगत जीवन बहुत ही सहज और सरल था। उनका जीवन कभी भी भौतिक उपलब्धियों को प्राप्त करने में नहीं लगा। फणीश्वर नाथ रेणु अपना संपूर्ण जीवन रचनाशीलता को समर्पित कर दिया था। भारत यायावर नए लेखकों को फणीश्वर नाथ रेणु के माध्यम से यह बताना चाहते थे कि चंद रचनाएं लिख कर, छप कर कोई महान लेखक नहीं बन सकता है। उन्होंने साफ शब्दों में दर्ज किया कि एक लेखक सतत विरोध झेल कर भी साहित्य साधना में रत रहता है। अब विचारणीय बात यह है कि आज के लेखक कितना विरोध झेल कर अपनी साधना में रत हैं? थोड़ी सी परेशानी आने पर कई भाग खड़े होते हैं। क्या रेणु अपनी परेशानियों से कभी भागे ? अगर वे भाग खड़े होते तो उनकी रचनाएं समय से संवाद करती नजर नहीं आती। लेखक का जीवन निश्चित तौर पर सतत विरोध झेल कर भी साधना में रत रहने वाला होता है। तभी वह कुछ महत्वपूर्ण रच पाता है। आज की बदली परिस्थिति में जहां चंहुओर लोग धन के पीछे भाग रहे हैं। पद के पीछे भाग रहे हैं। भाई भतीजावाद के पीछे भाग रहे हैं। समाज जाए भाड़ में। इन विषम परिस्थितियों में एक सच्चे लेखक का उत्पन्न होना भी अपने आप में बड़ी बात है। मैंने पूर्व में दर्ज किया है कि लेखक हमारे ही समाज के बीच के होते हैं। जब सब लोग धन और पद के पीछे भाग रहे हैं, तो कैसे कोई खुद को इन विकृतियों से बचा पाएगा। इन्हीं परिस्थितियों और लोगों के बीच एक सच्चा लेखक जन्म लेता है, जो भौतिक उपलब्धियों को ठुकरा कर रचनाशीलता को ही अपना जीवन सौंप देता है। वह लेखक सतत विरोध झेल कर भी वह गतिशील रहता है। कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु के जीवन से हम सबों को सदा गतिशील बने रहने की सीख लेनी चाहिए।

## आपकी बात

### समसामयिक विषय की अहम जानकारी



विजय केसरी

झारखंड का एक प्रमुख प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के मुख्य पृष्ठ पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल जी का 'शीर्ष पदों पर निजी क्षेत्रों के प्रमुख एक बड़ी शुरुआत' शीर्षक से प्रकाशित आलेख पर मेरी प्रतिक्रिया। भाई सुनील बादल जी, आज आपने एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर अपने पाठकों का ध्यान आकृष्ट किया है। अब निजी क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ लोगों की सरकारी पदों पर सीधी बहाली होगी। आपने इस सीधी बहाली प्रक्रिया से संबंधित विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला है। निश्चित तौर पर केंद्र सरकार का यह कदम बहुत ही दूरदर्शिता पूर्ण है। इस तरह के प्रयोग पश्चिमी देशों से शुरू होकर मध्य पूर्व के देशों में लागू हुआ। इन देशों में इसका बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ा। ऐसी सीधी बहालियों से इन देशों में विकास योजनाओं को जमीन तक उतरने में बहुत ही सफलता मिली है। ऐसी योजनाएं समय से पूर्व और कम राशि में पूर्ण हो गई। इससे समय का बचत भी हुआ तथा राष्ट्रीय खर्च भी काम हुआ। भारत में संयुक्त सचिव, सचिव ,निदेशक, उपनिदेशक के पदों पर वरीय आइएस अधिकारियों की नियुक्तियां होती रही थी। इन्हीं अधिकारियों के जिम्मे विकास से संबंधित योजनाओं को तैयार करने की जवाबदेही होती थी। देश के विकास के लिए इन पदों पर योग्य और अनुभवी विशेषज्ञों की जरूरत होती है।

### काव्य कोना

**अनजान राहें**

अनजान राहें बेखबर अकेला
बढ़ता चला न जाने किधर
सावन की पहली पवन बौराई
भीनी-भीनी माटी की गंध बूंद संग आई।
मीठी फुहारों ने तन की तपिश बढ़ाई
यायावर मन की तृष्णा और जगाई सरगम
के धुन पर गीतों के बोल बन गीतों के
बोल बन सरगम के धुन पर मन कलश
छलक गये, अनायास। राहों में प्यासा मन
तकता रहा इधर-उधर नयनों में भर लिये
अप्रतिम सौंदर्य वहीं अनजान राहें बेखबर
अकेला बढ़ता चला न जाने किधर।

■ नाग मणि

**राजनीति**

# सुक्खू सरकार : बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी?



यशोदा श्रीवास्तव

***हिमाचल*** प्रदेश का खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। सुक्खू सरकार को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के सूझबूझ से मात्र तीन माह तक का जीवन दान भर मिला है। कहना न होगा कि 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 40 सदस्यों के होने के बावजूद वहां से कांग्रेस के बेहद शालीन प्रवक्ता व तेज तर्रार वकील अभिषेक मनु सिंघवी को राज्य सभा के चुनाव में हार जाना पड़ा। कांग्रेस के लिए यह छोटी हार नहीं है। राज्य सभा चुनाव में हारने के बाद सुक्खू सरकार की हालत ऐसी हो गई कि उसे सरकार बचाने के संकट से गुजरना पड़ा। फिलहाल किसी तरह सरकार बच गई, लेकिन हालात 'बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी' जैसे ही हैं। सवाल उठता है कि हिमाचल में राज्य सभा की मात्र एक सीट के लिए भारी बहुमत के बावजूद ऐसे हालात क्यों पैदा हुए और इसके लिए जिम्मेदार कौन है? यहां जवाब फिर वही घूम फिर के आयेगा कि ऐसा कांग्रेस के उन चाटुकारों के नाते हुआ जो चापलूसी के बदौलत हिमाचल प्रदेश में प्रभारी या अन्य महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान हैं। सबकुछ लुट जाने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू का यह बचकाना बयान भी सामने आया कि सीआरपीएफ के गाणियों से उनके 5-6 विधायकों को भर उठा ले जाया गया। आनंद शर्मा कांग्रेस के असंतुष्ट सांसदों में सुमार हैं। इन्हीं महानुभाव ने अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ हवा भरी थी। ठीक है आनंद शर्मा की कोई शिकायत रही होगी लेकिन इसे रोकने य फिर मनाने की कोशिश कहां हुई। हैरत तो यह है कि जब एक मात्र सीट के लिए कांग्रेस के पास बहुमत होते हुए भी भाजपा ने अपना उम्मीदवार उतार दिया तब मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी क्या कर रहे थे? इस मायने में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बारे में कुछ भी कहें लेकिन यह सच है कि उनके जैसा ही था जो कांग्रेस के तीन के तीनों बाहरी उम्मीदवारों को राज्य सभा में भेजने में कामयाब हुए थे, जिसमें एक जनाब राजीव शुक्ला भी हैं जो इस वक्त हिमाचल प्रदेश के प्रभारी बनें बैठे हैं।

> **रास चुनाव में हारने के बाद सुक्खू सरकार की हालत ऐसी हो गई कि उसे सरकार बचाने के संकट से गुजरना पड़ा। फिलहाल किसी तरह सरकार बच गई, लेकिन हालात 'बकरे की मां कब तक खैर मनायेगी' जैसे ही हैं।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया कि मुश्किल हालात में मोदी का नेतृत्व देश के काम आया



प्रह्लाद सबनानी

***हम*** सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है। हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नये अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है।

> **क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था।**

**बोधि वृक्ष**

# गढ़वा जिले का गढ़देवी मंदिर

***इसके*** बाद से ही यह परंपरा अनवरत जारी है। दशमी को भक्त मां दुर्गा की प्रतिमा को अपने कंधों पर लेकर विसर्जित करने जाते हैं। उस दौरान मां की प्रतिमा को कंधा देने की होड़ मच जाती है।

**वर्ष 1990 में हुआ मंदिर न्यास का गठन :** वर्ष 1990 के दशक में तत्कालीन बिहार सरकार में मंत्री रहे और वर्तमान में विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रयास से न्यास का गठन किया गया। इसमें रामचंद्र चंद्रवंशी अध्यक्ष हैं, जबकि सीओ इसके पदेन सचिव होते हैं। समाजसेवी विनोद जायसवाल की अध्यक्षता में मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया है। इनकी देखरेख में मंदिर का काफी विस्तार हो चुका है। मां गढ़देवी मंदिर का गुंबद करीब 109 फीट ऊंचा है। मंदिर का एक एलबम भी बनाया गया है, जिसके गीतों में मां गढ़देवी की महिमा का बखान मिलता है।



**बंद की गयी भैंसा की बलि प्रथा**

मां गढ़देवी मंदिर में नवरात्र के दौरान नवमी तिथि को भैंसा को बलि देने की प्रथा थी। यह कई दशकों तक कायम रही। लेकिन मंदिर का ट्रस्ट बनने के बाद वर्ष 2000 से अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी की पहल से भैंसा की बलि बंद कर दी गयी। यद्यपि इसको लेकर उन्हें विरोध भी झेलना पड़ा था। हालांकि, बकरे की बलि की प्रथा आज भी कायम है।

(समाप्त)

**टेक वर्ल्ड**

# सीसीटीवी की जरूरत पूरा करेगा आपका स्मार्ट फोन

***इसके*** साथ-साथ अपने पुराने स्मार्टफोन को भी एक सर्विलांस सिस्टम की तरह उपयोग में ला सकते हैं। वास्तव में देखा जाय तो नई टेक्नोलॉजी वाले सीसीटीवी कैमरे किसी वर्चुअल सिक्योरिटी गार्ड के रूप में आपके द्वारा काम में लिए जा सकते हैं। कुछ-कुछ तो 360 डिग्री व्यू दिखलाते हैं साथ में इसमें अक बेस्ड मोशन और साउंड डिटेक्शन सिस्टम भी होता है। इसके और फीचर की बात की जाय तो इसमें कलर नाइट विजन साथ ही सर्विलांस सिस्टम द्वारा फैमिली मेंबर से बात करने की सुविधा तक मौजूद होती है। खास बात यह है कि कमरे में यह तमाम सिक्योरिटी इनबिल्ट होती है अर्थात वाईफाई अगर बंद भी हो जाय तो उसे ड्यूरेशन की वीडियो रिकॉर्ड हो जाती है। हालांकि देखा जाय तो लॉन्ग टर्म स्टोरेज के लिए आपको केवल टीवी की तरह सब्सक्रिप्शन लेना पड़ सकता है और इस फील्ड में टाटा प्ले सिक्योर, एयरटेल एक्स सेफ जैसी तमाम कंपनियां मैदान में हैं। अगर आप इन महंगे सर्विलांस कैमरे को नहीं रख सकते तो पुराने स्मार्टफोन को ही सीसीटीवी बना सकते हैं आईये देखते हैं। इसके लिए आपको दो स्मार्टफोन की आवश्यकता पड़ती है, एक पुराना और एक वह स्मार्टफोन जो आप अभी इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके लिए आपको सीसीटीवी होम कैमरा ऐप डाउनलोड करना पड़ेगा। अलफ्रेड DIY सीसीटीवी होम कैमरा आप इस्तेमाल कर सकते हैं।



(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### प्रधानमंत्री एनटीपीसी की दूसरी यूनिट का आज करेंगे लोकार्पण

**टंडवा।** एनटीपीसी की पहली यूनिट का लोकार्पण 1 मार्च को होने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी 660 मेगावाट की दूसरी युनिट का उद्घाटन 4 मार्च को ऑनलाइन करेंगे। इसको लेकर कर्णपुरा प्लांट परिसर में तैयारी पूरी हो चुकी है। उद्घाटन समारोह में शरीक होने के लिए प्लांट प्रमुख एसके पांडा ने सांसद और विधायक समेत जिले के अधिकारियों को आमंत्रित किया है। सितंबर माह में कार्यभार संभालने वाले जीएम प्रोजेक्ट पांडा ने दिन रात पसीना बहाकर दूसरी यूनिट से बिजली उत्पादन का ट्रायल आपरेशन सफल कर लिया है। बहरहाल 72 घंटे बाद एक बार फिर प्लांट परिसर गुलजार हो गया।

### एनडीपीएस का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**गिद्धौर।** गृह करा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार के आदेश पर गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी राजेंद्र दांगी के पुत्र दीपक दांगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। बताया जाता है कि दीपक दांगी पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है और फरार चल रहा था। उसे पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन कर गिरफ्तार किया गया। दल में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### इटखोरी भाजपा मंडल ने किया थाना प्रभारी का स्वागत



**इटखोरी।** थाना के नए थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह का स्वागत भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में रविवार को बुके देकर किया गया। मौके पर जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दांगी समेत अन्य भाजपाई शामिल थे। सभी से प्रभारी ने परिचय लेते हुए क्षेत्र में अमन शांति के लिए सहयोग की बात कही। साथ ही प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस प्रशासन को हर सहयोग का आश्वासन दिया गया।

### भाजयुमो ने किया युवा चौपाल का आयोजन

**इटखोरी।** प्रखंड क्षेत्र के शक्ति केंद्र परसौनी में भाजपा इटखोरी मंडल द्वारा युवा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने की। इसका संचालन मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा ने किया। मंडल अध्यक्ष ने केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अधिराज नारायण सिंह ने अबकी बार 400 पार के बारे में बताते हुए अगले लोकसभा में युवाओं तथा महिलाओं से बढ़-चढ़कर चुनाव में भाग लेने की बात कही। मौके पर मंडल महामंत्री सुकेश कुमार, आदित्य कुमार, पिंटू सिंह, आशीष कुमार दांगी आदि शामिल थे।

मारंगलोईया जंगल में वन विभाग की कार्रवाई, 50 किलो गिला कत्था बरामद

# टंडवा में अवैध कत्था फैक्ट्री का भांडाफोड़

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**



थाना क्षेत्र में सक्रिय अवैध कत्था तस्करों के विरुद्ध वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। वन क्षेत्र पदाधिकारी मुक्ति प्रकाश पन्ना को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापेमारी टीम ने टंडवा-बालूमाथ वन क्षेत्र के सीमावर्ती मारंगलोईया गांव के जंगल में संचालित अवैध कत्था फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 50 किलो गिला कत्था बरामद किया है। इसके अतिरिक्त कत्था बनाने में प्रयुक्त बर्तन सहित अन्य उपकरणों को बरामद किया गया है। वही वन विभाग की कार्रवाई को देख तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। बताया गया कि कई महीनों से क्षेत्र के जंगली इलाके में कत्था बनाने के कारोबार को लेकर सूचना मिल रही थी। इसको लेकर अभियान में निकली टीम को यह सफलता मिली है। कत्था कारोबार में शामिल तस्करों के पहचान के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### टंडवा में लहलहा रही अवैध अफीम की फसल



**टंडवा।** वन विभाग की टीम ने टंडवा थाना क्षेत्र में कत्था के कारोबार पर तो कार्रवाई की है, लेकिन मारंगलोईया गांव में अभी भी कई एकड़ भूमि पर अफीम की खेती लहलहा रही है। इसकी भनक न तो वन विभाग को है और न ही पुलिस प्रशासन को। हालांकि जानकारों की माने तो अफीम की खेती के कारोबार में शामिल माफिया निचले स्तर से लेकर ऊपरी स्तर तक सिस्टम को मैनेज करने का दावा करते हैं। इसके कारण मुख्य सड़क से चंद कदमों की दूरी में नशे का यह कारोबार फल-फूल रहा है। हालांकि देखने वाली बात तो यह है कि पुलिस-प्रशासन की नजर कब तक इस नशे की खेती पर जाती है और कब तक कार्रवाई करते हैं।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच युवक हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित संत जेवियर एकेडेमी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवक अभिषेक नगेसिया, पिता सकलदीप नगेसिया एवं राहुल नगेसिया, पिता कुलदीप नगेसिया महुआडांड प्रखंड के ग्राम कुड़ो के निवासी हैं। मवेशी के लिए चारा लेने बाजार आए हुए थे। इसी दौरान लौटने के क्रम में तेज रफ्तार हाईवे की चपेट में आ गए, जिससे दोनों युवकों का दाहिना पैर टूट गया। एंबुलेंस से दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर रवि ने दोनों युवकों को रेफर कर दिया। दूसरी सड़क दुर्घटना महुआडांड़ से गारू रोड सुग्गाबांध के समीप हुई, जिसमें रेगाई पंचायत के ग्राम परहीकेना टोली के रवि राज बाड़ा, सुभीक नागेशिया और रविनाश नागेशिया घायल हो गए। रवि राज का दाहिना पैर टूटने के साथ सभी को सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई है। सभी घायलों को बारेसाढ़ थाने के जवानों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि तीनों दोस्त बिना हेलमेट पहने स्कूटी में सुग्गाबांध से वापस घर महुआडांड़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात कार की चपेट में आ गए। सभी घायल का इलाज करते हुए डॉक्टर अमित खलखो द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बताते चलें कि जब से वाहन चेकिंग अभियान कम हुआ है, सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। युवा बेखौफ बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे हैं।



### बिजली के खंभे से टकराई बाइक, एक की मौत, एक घायल

वहीं थाना क्षेत्र के कुडो मोड़ समीप बिजली खंभे से टकराने के कारण बाइक सवार शुभम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक अखिलेश राम को गंभीर रूप से चोट आई है। दोनों महुआडांड़ से निकल कर बिना हेलमेट पहने कुडो मोड़ की तरफ घुमने जा रहे थे। मौत की खबर सुन कर मां व परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बिजली तार की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण दो मवेशियों की मौत कुंदा प्रखंड में बिजली तार की चपेट में आने से हो गई। जानकारी के अनुसार प्रखंड के कुंदा पंचायत अंतगर्त बैरियाचक गांव में रविवार को हल्की बारिश में मवेशी चर रहे थे। इसी दौरान कट कर गिरा हुआ ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आ गए और मौके पर दोनों मवेशी (काड़ा) की मौत हो गई। दोनों मवेशी बैरियाचक गांव के रामप्रवेश कुमार गंझू के हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही बिजली तार की चपेट में आए पशुओं को मौके पर मौजूद ग्रामीण सुनील महतो ने देखा तो पावर हाउस में फोन कर बिजली बंद करवा दिया। पशु मालिक का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही



के कारण किसी व्यक्ति की भी जान जा सकती थी। रामप्रवेश ने बताया कि लगभग पचास हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी रामप्रवेश ने कुंदा पंचायत मुखिया मनोज साहू को दिया, उस पर मुखिया ने बिजली विभाग के अधिकारी से बात कर भुक्तभोगी पशुपालक को मुआवजा देने की मांग की है।

# चोर सहित हाईवा 24 घंटे में बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**

टंडवा रोड स्थित ईश्वर दयाल पेट्रोल पंप के पास से हाईवा की चोरी 2 मार्च रात्रि में कर ली गई थी। इस बाबत सिमरिया निवासी वाहन मालिक राम नारायण सिंह द्वारा थाने में प्राथमिक दर्ज कराई गई, जिसमें बताया कि चोरी गए हाईवा में 2 जीपीएस लगा हुआ है, जिसमें एक जीपीएस बंद बता रहा है, जबकि दूसरा सरायकेला खरसावां की ओर बढ़ रहा है। सूचना के आलोक में एसपी विकास कुमार पांडेय द्वारा सीडीपीओ अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार और दरोगा नंदलाल कुमार को शामिल किया गया। टीम ने त्वरित गति से वाहन का पीछा करते हुए इचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय और चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो व स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हाईवा को बांसा के पास रोकने में सफल रहे। वाहन चोर पुलिस को देख कर जंगल की ओर भागने लगे। मोहम्मद अंसारुल ग्राम आरा थाना सदर चतरा को पकड़ लिया गया, जबकि मुख्य सरगना सिमरिया डाडी निवासी मोहम्मद जावेद भागने में सफल रहा। इस अभियान में इचागढ़ और चौका थाने के पुलिस कर्मियों के साथ स्थानीय ग्रामींणो का सहयोग सराहनीय रहा।



### अपराध की योजना बनाते दो युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ओकया गांव में छापेमारी कर अपराध की योजना बनाते दो युवकों को देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक ओकया में किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। छापेमारी में जगरनाथ साव के पुत्र सुनील कुमार और छोटू साव के पुत्र अमन को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की। इनके खिलाफ बालूमाथ थाने में भारतीय दंड विधान की धारा 25 (1बीए) 26 / 35 के तहत कांड संख्या 31/2024 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लातेहार भेज दिया गया है। इस छापामारी अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

## बस व बोलेरो में हुई भीषण टक्कर, छह गंभीर रूप से घायल

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार बस और बोलेरो वाहन में हुई भीषण टक्कर में बोलेरो सवार एक 10 वर्षीय मासूम बच्ची सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सदर थाना क्षेत्र के चतरा-सिमरिया मुख्य पर स्थित नवोदय विद्यालय के समीप घटी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं घटना में घायल 10 वर्षीय मासूम बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स मे रेफर कर दिया है। घटना में घायल सभी लोग शहर के आजाद नगर मोहल्ले के रहने वाले हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सिंहवाहिनी नामक बस चतरा से सिमरिया की ओर तेज गति में जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो वाहन के साथ टक्कर हो गई। यह भी बताया जा रहा है कि बस का टाइम फेल हो गया था, जिसके कारण वह तेज गति में जा रही थी।

# गिद्धौर में आईपीएल की तर्ज पर होगी प्रीमियर लीग



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू मैदान में प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा।

इसको लेकर रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता संतोष दांगी व संचालन भोला कुमार ने किया। बैठक में गिद्धौर प्रीमियर लीग के अध्यक्ष के रूप में प्रेम राणा को चयनित किया गया, जबकि निरंजन कुमार को सचिव मनोनीत किया गया। बताया गया कि गिद्धौर प्रीमियर

### प्रेम राणा को बनाया गया अध्यक्ष, निरंजन कुमार सचिव मनोनीत

लीग को लेकर प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर दिया गया है। बताया गया कि जल्द ही तिथि निर्धारित कर खिलाड़ियों की बोली लगाई जाएगी। इसके पश्चात टूर्नामेंट की भव्य शुरुआत की जाएगी। बैठक में मीडिया प्रभारी लक्ष्मण दांगी, बबलू कुमार साव, गुड्ड कुमार, दिलीप कुमार, सोनू सिंह, राहुल कुमार, सुमित कुमार, श्रवण कुमार, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

# अली हसन अंसारी नेशनल अवार्ड से किए गए सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

झारखंड चिन्हित आंदोलनकारी सह राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी को रांची में नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जानकारी रांची रेडिएशन ब्लू होटल में पुलिस-पब्लिक रिपोर्टर संस्था द्वारा आयोजित 12वें नेशनल अवार्ड कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से सामाजिक समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपना अहम योगदान देने वाले एक दर्जन से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। इसमें बरवाडीह प्रखंड से झारखंड चिन्हित आंदोलनकारी सह राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अली हसन अंसारी को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर रांची के विधायक सीपी सिंह द्वारा नेशनल अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम साहब, रांची के पूर्व मेयर अजय नाथ शहदेव, पूर्व एसपी सुबोध कुमार, रांची के समाजसेवी जितेंद्र सिंह पुलिस पब्लिक रिपोर्टर संस्था के सभी सदस्यों समेत रांची के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। अवार्ड मिलने पर प्रखंड के कई लोगों ने अली हसन को बधाई दी है।

## छिपादोहर के लोगों ने रामचंद्र सिंह का आभार प्रकट किया

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शनिवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा छिपादोहर को प्रखंड बनाने की मांग उठाने पर छिपादोहर के लोगों ने अभारण प्रकट करते हुई धन्यवाद दिया। जानकारी हो कि प्रखंड के सात पंचायतों को काटकर छिपादोहर को अलग प्रखंड बनाने की मांग काफी दिनों से चली आ रही है। विधायक द्वारा छिपादोहर को प्रखंड बनाने को मांग को लेकर शून्य काल में सरकार का ध्यान आकर्षित कराए जाने पर विधायक का आभार प्रकट करने वालों में विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, तेतर यादव, श्रवण सिंह, राजू प्रसाद, निजाम अंसारी, नंदू प्रसाद, दीपक प्रसाद, देवनाथ सिंह, मुन्ना गुप्ता, डॉक्टर सुशील कुमार, कृष्ण प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी, अनिल प्रसाद, मुखिया बलदेव परहिया, मुखिया बेरोनिका कुजूर आदि शामिल हैं।

# वैदिक मंत्रोचार के बीच यजमान व ब्राह्मणों को कराया यज्ञ मंडप प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ले में आयोजित सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को मुख्य यजमान एवं ब्राह्मणों का यज्ञ मंडप में प्रवेश पंडित शेष नारायण आचार्य के सानिध्य में विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच कराया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने यज्ञ शाला मंडप की परिक्रमा प्रारंभ की। बता दें कि आयोजित इस महायज्ञ को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है और चारों ओर वैदिक मंत्र की गूंज सुनाई दे रही है। वहीं आयोजन समिति के द्वारा महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दोपहर 1:00 बजे से भंडारे की व्यवस्था के साथ-साथ दोपहर 2:00 से संध्या 5:00 बजे तक विद्वानों द्वारा प्रवचन एवं संध्या 7:00 बजे से बाहर से आए कलाकारों द्वारा



रासलीला कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महायज्ञ को लेकर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के महायज्ञ मंडप शाला परिसर से 1 किलोमीटर की दूरी तक प्रकाश की व्यवस्था एवं ध्वनिक विस्तारक यंत्र लगाए गए हैं। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में इस महायज्ञ को लेकर काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और सभी वर्ग के लोग इस महायज्ञ में भाग लेने के लिए अपने शुभचिंतकों के साथ-साथ रिश्तेदारों को आमंत्रित करते दिख रहे हैं। आदर्श नगर मुहल्ले मे आयोजित महायज्ञ को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारी के साथ-साथ कार्यकर्ता भी काफी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस महायज्ञ के दौरान कई जनप्रतिनिधि और बड़े हस्तियों की भाग लेने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। यह महायज्ञ 2 मार्च से प्रारंभ होकर आगामी 9 मार्च तक चलेगी।

## प्रजापति कुम्हार महासंघ सम्मेलन का आयोजन

**बारियातु।** प्रखंड के मुख्याल स्थित बरछिया में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन किया गया। प्रखंड स्तरीय कमेटी का पूर्णगठन करने के लिए बैठक भी की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में निववर्तमान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, विशिष्ट अतिथि प्रदेश युवा अध्यक्ष शंभू प्रजापति, पूर्व जिला परिषद सदस्य नीरा देवी, लातेहार वकील रमन कुमार महतो, महेंद्र प्रजापति, पंकज प्रजापति, भुनेश्वर प्रजापति, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित हुए। वहीं सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति, प्रखंड सचिव सोनु प्रजापति, कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, उपाध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, डॉक्टर रणधीर प्रजापति को चुना गया। मौके पर राजेश प्रजापति, अयोध्या, दिलीप, संदीप, राकेश, अवध, नरेश, भीम, राजेंद्र, रविंद्र, मनराज आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** हरिजन जनता उच्च विद्यालय का मनाया गया 37वां स्थापना दिवस

# छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड की मंझगावां पंचायत स्थित हरिजन जनता उच्च विद्यालय का 37वां स्थापना दिवस रविवार को समारोहपूर्वक मनाया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, मुखिया मंजीत सिंह व सुजित भारती द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इसके पश्चात प्राचार्य सचित कुमार सिंह ने विद्यालय की स्थापना काल 1987 से लेकर अब तक की उपलब्धियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इसमें दहेज प्रथा, शिक्षा का महत्व, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, देश-प्रेम से ओत प्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुति की



गई। वहीं पूर्व विधायक ने विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी से विधायक को अवगत कराया गया। इस पर विधायक दास ने मंच से 10 लाख रुपये अपने मद से विद्यालय को कमरा निर्माण के लिए देने की घोषणा के साथ ही विधिवत पूजन कर शिलान्यास भी किया। वहीं विधायक द्वारा विद्यालय के नामकरण हरिजन जनता उच्च विद्यालय में सुधार करने का सुझाव विद्यालय प्रबंधन को दिया गया। उन्होंने इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक झारखंड से बात करने की बात कही। इस पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई।

समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रसिक शिरोमणि, रामदहिन सिंह, अवध किशोर सिंह, रामचंद्र सिंह, बालगोविंद बैठा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, भृगु सिंह, रामचंद्र सिंह के अलावे विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी प्राचार्य और बड़ी संख्या में इटखोरी, चौपारण, मयूरहंड के शिक्षा प्रेमी प्रबुद्धजन मौजूद थे।

# हाईवा संघ ने निवर्तमान थाना प्रभारी को विदाई देकर नए का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**

हाईवा संघ ने रविवार को थाना परिसर में स्थानांतरित निवर्तमान थाना प्रभारी विवेक कुमार को समारोह आयोजित कर भावपूर्ण विदाई देने के साथ नए थाना प्रभारी चंदन कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह ने की। इस दौरान कुमार के 20 महीने के कार्यकाल की सराहना की।

पूर्व जिप सदस्य सह समाजसेवी जयप्रकाश सिंह एवं संघ के सदस्यों ने निवर्तमान प्रभारी कुमार एवं वर्तमान थाना प्रभारी चंदन कुमार का अभिनंदन करते हुए कहा कि कई लोग दिलों में छाप



छोड़ जाते हैं उन्हीं में से एक कुमार हैं। वहीं कुमार ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सिमरिया कि जनता की असीम प्यार को मैं कभी भूल नहीं सकता। वहीं नए थाना प्रभारी कुमार ने कहा कि जनता की सेवा के लिए 24 घंटे मोबाइल ऑन रहेगा। आपकी हर समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि कुमार का स्थानांतरण दूसरे जिले में हुआ है। मौके पर हाईवा संघ के संजय सिंह, रुपू सिंह, अजय पांडेय, महेंद्र केसरी, उपन कुमार, पप्पू सिंह, सुमन कुमार, पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

# टी20 विश्व कप में ईशान और श्रेयस के खेलने पर संशय, सिर्फ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन काफी नहीं





**एजेंसी। नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से श्रेयस अय्यर और ईशान किशन काफी चचाओं में हैं। इनका भविष्य अनिश्चितताओं के घेरे में है। दोनों को हाल ही में जारी बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया गया था। बीसीसीआई ने बयान में कहा, वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। हालांकि बीसीसीआई की प्रेस रिलीज में दोनों की अनुपस्थिति का कोई और स्पष्टीकरण नहीं था। पिछले एक साल से भारतीय क्रिकेट टीम की योजना में होने के बावजूद बोर्ड ने दोनों के नाम पर विचार नहीं किया। हालांकि, प्रेस रिलीज में ईशान-श्रेयस को बाहर करने के कारण के संकेत जरूर मिले थे। बीसीसीआई ने प्रेस रिलीज में कहा, 'सभी खिलाड़ी उस अवधि के दौरान घेरलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें जब वे राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों।' दरअसल, ईशान और श्रेयस दोनों ने राष्ट्रीय जिम्मेदारी में न होते हुए घेरलू क्रिकेट को तवज्जो नहीं दिया था और आईपीएल की तैयारी में व्यस्त थे। ईशान ने भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बीच में ही राष्ट्रीय कर्तव्यों से ब्रेक लिया था।

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि उन्हें वापसी करने के लिए घेरलू क्रिकेट या क्रिकेट के किसी अन्य प्रारूप में खेलने की जरूरत है। हालांकि, तब उनकी टीम झारखंड रणजी ट्रॉफी खेल रही थी, लेकिन ईशान ने दूरी बनाने का फैसला किया था। उन्होंने अपने आईपीएल कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ भी ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि यह बीसीसीआई को पसंद नहीं आया था। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर ने चोट का हवाला देते हुए मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया था। हालांकि, इसके बाद एनसीए की रिपोर्ट सामने आई थी जिसमें बताया गया था कि वह पूरी तरह फिट हैं।

भारत का यह स्टार बल्लेबाज पिछले कुछ समय से टेस्ट मैचों में खराब फॉर्म से जूझ रहा था और इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। इतना ही नहीं श्रेयस रणजी न खेलकर आईपीएल की तैयारी के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के कैंप से जुड़े थे। इसी वजह से बीसीसीआई नाराज था। हालांकि, श्रेयस मुंबई के लिए सेमीफाइनल मैच जरूर खेल रहे हैं। अब एक और रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया है कि दोनों आईपीएल तो जरूर खेलेंगे, लेकिन अगर वे घेरलू क्रिकेट में बड़े पैमाने पर खेलते हैं तो ही दोनों के नाम पर राष्ट्रीय टीम के चयन के लिए विचार किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार- ईशान को एक ब्रेक दिया गया था जिसकी उन्होंने मांग की थी, लेकिन उन्होंने एनसीए या राज्य इकाई को रिपोर्ट नहीं किया और अकेले ट्रेनिंग जारी रखा।

## न्यूजीलैंड क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए सेवानिवृत्त वैगनर को वापस बुलाने पर विचार




**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट में सेवानिवृत्त नील वैगनर को मैदान में उतारने की संभावना से इनकार नहीं किया है। तेज गेंदबाज विल ओरूर्के को हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान छोड़ना पड़ा, हालांकि वे वेलिंगटन में चौथी पारी में बल्लेबाजी करने आए, जहां न्यूजीलैंड 172 रनों से मैच हार गया। वैगनर ने पहले टेस्ट की शुरूआत से कुछ ही दिन पहले आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, क्योंकि उन्हें बताया गया था कि उन्हें टीम में नहीं चुना जाएगा, लेकिन थोड़े समय के लिए स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में मैदान पर आए और बेसिन रिजर्व में भीड़ से तालियां बटोरीं।

## अध्यक्ष के रूप में कल्याण चौबे ने एआईएफएफ की छवि को नुकसान पहुंचाया: बाईचुंग भूटिया



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया का कहना है कि कल्याण चौबे ने अध्यक्ष के रूप में अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) की छवि की नुकसान पहुंचाया है। फीफा की हालिया रैंकिंग में भारत 15 स्थान गिरकर 117वें नंबर पर आ गया है - जो पिछले सात वर्षों में सबसे खराब है। आईएएनएस से विशेष रूप से बात करते हुए, सिकीमीज स्नाइपर ने कहा कि कल्याण चौबे (एआईएफएफ अध्यक्ष) ने भारतीय फुटबॉल को विफल कर दिया है और लगातार अंदरूनी लड़ाई एक प्रमुख कारण है कि टीम चुनौतियों का सामना करने और वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने में विफल रही है। यह स्वयं अध्यक्ष सहित शीर्षतम लोगों द्वारा किया गया पूर्ण कुप्रबंधन है। आज भी देखा जाए तो प्रशासनिक गतिविधियों में काफी कुप्रबंधन है। धन का खूब दुरुपयोग हो रहा है. एआईएफएफ में पूरी तरह से गड़बड़ी है और अध्यक्ष के रूप में कल्याण ने वास्तव में एआईएफएफ की छवि को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने अफसोस जताया, और आज, मुझे लगता है कि महासंघ में वित्तीय चीजों को लेकर हो रहे बहुत सारे विवादों को पढ़ना बहुत दुखद है। एआईएफएफ के वकील ने अध्यक्ष के खिलाफ मामला दायर किया है. महासचिव ने अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है. मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद मामला है और भारतीय फुटबॉल के लिए यह बहुत दुखद है कि अध्यक्ष और उनके नेतृत्व ने खेल को किस तरह से लिया है। रैंकिंग में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर भूटिया ने कहा कि टीम को प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला और कोचिंग स्टाफ को भी लड़कों के साथ मिलकर काम करने का मौका नहीं दिया गया।

# अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग सेरेमनी में दिखे धोनी ब्रावो सचिन और कई नामचीन खिलाड़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली।** अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग सेरेमनी में डांडिया खेलते दिखे धोनी, ब्रावो और साक्षी, सामने आया वीडियो धोनी के अलावा सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, जहीर खान, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, कीरोन पोलार्ड, ट्रेंट बोल्ट, राशिद खान और कई अन्य बड़े क्रिकेटरों को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। बॉलीवुड के अलावा खेल जगत के दिग्गज भी अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग समारोह के लिए जामनगर में हैं। अनंत मुकेश अंबानी के बेटे हैं, जो रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख हैं। इस समारोह में एमएस धोनी और उनकी पत्नी साक्षी भी जामनगर पहुंचे हैं और दोनों वहां के माहौल का खूब आनंद ले रहे हैं। इस जोड़ी को ड्वेन ब्रावो के साथ डांडिया खेलते हुए देखा गया। ब्रावो चेन्नई सुपर किंग्स के बॉलिंग कोच भी हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास लेने के बाद उनके कोचिंग स्टाफ में शामिल हो गए।धोनी के अलावा सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, जहीर खान, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, कीरोन पोलार्ड, ट्रेंट बोल्ट, राशिद खान और कई अन्य बड़े क्रिकेटरों को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। धोनी लीग के आगामी सत्र में एक्शन में लौटेंगे। दिग्गज क्रिकेटर ने घुटने की गंभीर चोट के बावजूद 2023 में सीएसके को अपने पांचवें खिताब तक पहुंचाया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में येलो आर्मी ने गुजरात टाइटंस को हराया था। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी के बचपन के दोस्त परमजीत सिंह ने खुलासा किया है कि 42 वर्षीय यह खिलाड़ी आगामी सत्र के बाद इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास नहीं लेगा।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा, अंक तालिका में शीर्ष पर




**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका**

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ जीत हासिल करता है तो टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखेगा। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 172 रन से हरा दिया। वेलिंगटन में खेले गए इस मुकाबले में कंगारुओं ने कीवियों के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 196 रन पर ऑलआउट हो गई। पिछले दो दशक में यह ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 20 टेस्ट में से 17वीं जीत रही। कंगारू ने इस दौरान सिर्फ एक मैच गंवाया है। ऑस्ट्रेलिया की जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है। टीम इंडिया इस अंक तालिका में न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत 75 से घटकर 60 रह गया है। उसने अभी तक पांच टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। एक में कीवी टीम को हार मिली है। कीवी टीम 36 अंक और 60 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर लुढ़क गई है। वहीं, भारत का अंक प्रतिशत 64.58 है। उसने अपने आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दो में हार मिली है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत के 62 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 59.09 है। उसके 78 अंक हैं। कंगारुओं ने अभी तक 11 टेस्ट खेले हैं और सात में जीत हासिल की है। तीन में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। बांग्लादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से चौथे टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 19.44 है और टीम आठवें स्थान पर लुढ़क गई है।

## विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में भारत खाली हाथ रहा

**ग्लासगो।** भारत के जेसविन एल्ड्रिन और प्रवीण चित्रावेल को कड़ी हार का सामना करना पड़ा, जिससे विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में भारत खाली हाथ रहा। ग्लास्गो में केवल दो भारतीय एथलीटों ने मंच संभाला, जिसमें एल्ड्रिन लंबी कूद में 13वें स्थान पर और चित्रावेल ट्रिपल जंप में 11वें स्थान पर रहे। पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में, एल्ड्रिन ने 16 प्रतियोगियों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 7.69 मीटर की छलांग लगाई, लेकिन दुर्भाग्य से अगले दो प्रयास में फाउल हो गए, जिससे वह शीर्ष आठ से बाहर हो गए। एल्ड्रिन का प्रदर्शन उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 7.97 मीटर से काफी कम रहा, जो उन्होंने पिछले साल एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में बनाया था, जिससे उन्हें रजत पदक मिला था। चित्रावेल 14 सदस्यीय पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में 11वें स्थान पर आए।

## खुद को सर्वोपरि समझने वाले खिलाड़ियों को सुनील गावस्कर का सख्त संदेश




**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत को इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह बड़े नामों के लिए एक संदेश है जो सोचते हैं कि भारत उनके बिना नहीं जीत सकता। भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज कई मायनों में रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए एक एसिड टेस्ट थी। न केवल यह भारत के सामने एक ऐसी टीम की प्रतिद्वंद्विता थी, जिसने पिछले कुछ वर्षों में अपने रास्ते में आने वाली लगभग हर टीम के खिलाफ जीत हासिल की थी, बल्कि टीम इंडिया खुद भी कुछ सीनियर खिलाड़ी की गैरमौजूदगी झेल रही थी। विराट कोहली, मोहम्मद शमी विभिन्न कारणों से पूरी सीरीज में नहीं खेल पाए जबकि चोट और खराब फॉर्म ने कुछ अन्य बड़े नामों को टीम से बाहर कर दिया। भारत ने सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ियों को डेब्यू कराया और फिर भी एक मैच शेष रहते सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की।भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज कई मायनों में रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए एक एसिड टेस्ट थी।

## दिल्ली पहुंचना और परिस्थितियों को पढ़ना है: हरमनप्रीत



**एजेंसी। बेंगलुरू।** गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर द्वारा निर्धारित 132 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में हासिल कर 2024 डब्ल्यूपीएल में शनिवार का मैच सात विकेट से जीत लिया और अब उसके चार मैचों में छह अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम अब 5 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टूनामेंट के दिल्ली चरण की शुरूआत करेगी और कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाईं, ने कहा कि वे अब अपनी योजना बनाने के लिए परिस्थितियों को पढ़ेंगे, पिच और आउटफील्ड का मूल्यांकन करेंगे। हरमनप्रीत ने जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स18 पर मैच सेंटर लाइव शो में कहा, स्थल बदल रहा है और हम दिल्ली जा रहे हैं। पहली बात यह है कि वहां पहुंचें और शर्तों को पढ़ें। हम उसके अनुसार योजना बनाएंगे। अभी यहां से इतनी आगे की योजना बनाना कठिन है। दूसरी बार हम उतरेंगे,मैदान पर जाएंगे और पिच, आउटफील्ड का मूल्यांकन करेंगे और उसके अनुसार टीम और भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। भारत की पूर्व महिला क्रिकेटर रीमा मल्होत्रा ??को लगता है कि मुंबई इंडियंस अपने डब्ल्यूपीएल खिताब की रक्षा के लिए फिर से खिताब की दावेदार है। ह्लयह एक ऐसी टीम है जो चैंपियन रही है और अभी भी चैंपियन की तरह खेलती है। हरमनप्रीत कौर एक चैंपियन (फिट होने पर) की तरह खेलीं। उन्होंने आज रात आरसीबी को उसके घरेलू मैदान पर हराया जबकि आरसीबी एक मजबूत टीम है। इस टीम के चारों ओर सकारात्मक माहौल है, और उनके पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में नेट शिवर-ब्रंट ने अच्छी कप्तानी की और हेली मैथ्यूज ने अच्छा खेला। गेंदबाजी इकाई ने अपना काम किया। उनके भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर पूजा और साइका ने अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे हमेशा लगता है कि अगर आपके भारतीय खिलाड़ी अच्छा खेलेंगे तो आप सफल होंगे। अपनी जर्सी पर सात नंबर पहनने के बारे में बात करते हुए हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि नंबर 7 आईपीएल के लिए भाग्यशाली रहा है।

## मैरी कॉम, मनु भाकर ने फरीदाबाद में मैराथन प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया



**एजेंसी। फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और निशानेबाज मनु भाकर ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में फरीदाबाद में मैराथन प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। मैरी कॉम ने युवाओं से ऊंचे लक्ष्य रखने का आग्रह करते हुए कहा कि कठिन समय में सफलता आसान हो जाती है और इसे कड़ी मेहनत से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया, जो युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए खेल और मैराथन को बढ़ावा दे रही है। अर्जुन पुरस्कार विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने युवाओं को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत खेल सहित हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और शारीरिक रूप से फिट रहने के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री खट्टर ने कहा कि नए संकल्प के साथ सभी को स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाना होगा और समृद्ध पर्यावरण की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास करना होगा। हाफ मैराथन स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत की थीम को समर्पित थी। मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन, 10 किमी, पांच किमी और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मैराथन सहित विभिन्न श्रेणियों की मैराथन को हरी झंडी दिखाने के दौरान फरीदाबाद के सूरजकुंड मेला मैदान में प्रतिभागियों से सीधे बातचीत की। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित भी किया। हाफ मैराथन में 90 वर्षीय शंकरी देवी ने अपनी स्वस्थ जीवन शैली का प्रदर्शन करते हुए पांच किलोमीटर की फन रन मैराथन में भाग लिया।

## मुझे अच्छा लगेगा कि लियोन 2027 तक टेस्ट क्रिकेट खेलें : कमिंस

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पर 172 रन की जीत से दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना ??है कि अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 2027 तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं। वेलिंगटन में जीत में, लियोन ने 6-65 के प्रदर्शन के साथ न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 196 रन पर आउट कर दिया और मैच का अंत 10-108 के विकेट आंकड़े के साथ किया। कमिंस ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे अच्छा लगेगा कि वह 2027 तक खेलते रहें। वास्तव में एकमात्र बाधा उसका शरीर है, इसलिए यदि वह अपने शरीर की देखभाल करता है और सुनिश्चित करता है कि वह एक वर्ष में 10 टेस्ट मैचों के लिए उपयुक्त है, या जो भी हो, मुझे बहुत अच्छा लगेगा। उन्हें 2027 तक खेलना है। और मुझे नहीं लगता कि उनके रास्ते में बहुत कुछ आने वाला है।

## खबरें व्यापार जगत की

### उत्तर प्रदेश सरकार ने 53.7 लाख टन धान खरीदा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन सीजन 2023-24 में करीब 53.79 लाख टन धान खरीदा है। इसके लिए किसानों को 11,745 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। हालांकि, सरकार का लक्ष्य 70 लाख धान खरीदने का था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1 अक्टूबर 2023 को धान की खरीद शुरू हुई। इसके लिए सरकार ने सामान्य धान के लिए 2,183 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2,203 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया था। हालांकि, राज्य सरकार 70 लाख टन खरीद के अपने लक्ष्य को पूरा करने में विफल रही, क्योंकि कथित तौर पर किसानों ने सीधे खुले बाजार में धान बेचा। एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, पश्चिमी यूपी से खरीद 1 अक्टूबर को शुरू हुई। जबकि लखनऊ और अयोध्या मंडलों के लिए 20 अक्टूबर को और पूर्वी मंडलों के लिए 1 नवंबर को धान की खरीददारी शुरू हुई। 5,207 केंद्रों पर 8,01,624 किसानों से धान खरीदा गया। लखनऊ मंडल ने 7.52 लाख टन से अधिक के साथ सबसे अधिक खरीद की सूचना दी। वहीं बरेली मंडल 6.49 लाख टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि वाराणसी मंडल 6.18 लाख टन से अधिक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### ईवी के विकास के साथ कई प्रमुख खनिजों की बढ़ेगी मांग

**सोल।** इलेक्ट्रिक कार और पवन ऊर्जा उद्योगों में विस्तार के चलते दक्षिण कोरिया में प्रमुख खनिजों की मांग 2021 से 2040 तक 19 गुना बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। कोरिया एनर्जी इकोनॉमिक्स इंस्टीट्यूट (केईईआई) की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक कार बैटरी के लिए आवश्यक लिथियम, निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट की मांग 2040 तक क्रमशः 15 गुना, 12 गुना, 19 गुना और 4 गुना बढ़ जाएगी। इलेक्ट्रिक कार मोटरों के लिए आवश्यक नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग 10 गुना बढ़ जाएगी। इसी अवधि में दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 11 गुना बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पवन ऊर्जा सुविधाएं 2022 से 2040 तक आठ गुना बढ़ जाएंगी, जिससे इन सामग्रियों की मांग बढ़ेगी, जैसे कि नियोडिमियम, प्रेजोडायमियम, डिस्प्रोसियम और टेरबियम की मांग क्रमशः 2.6 गुना, 3.1 गुना, 21.6 गुना और 2.7 गुना बढ़ने की संभावना है। केईईआई ने कहा कि दक्षिण कोरिया को इलेक्ट्रिक वाहन और सेकेंड्री बैटरी उद्योगों को मजबूत करने के प्रयासों के तहत चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपनी प्रमुख खनिज आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव लाने के लिए काम करना चाहिए। केईईआई के अनुसार, 2022 तक, दक्षिण कोरिया ने चीन से अधिकांश निकेल, मैंगनीज और कोबाल्ट आपूर्ति का आयात किया था।




### विश्लेषकों ने कहा, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में हो रहा करेक्शन

**नई दिल्ली।** जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा है कि मिड और स्मॉल कैप में करेक्शन चल रहा है और यह आगे भी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बेहतर आर्थिक आंकड़ों के दम पर बैंकिंग शेयरों ने शुरूआती कमजोरी को पलट कर अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आईटी और फार्मा क्षेत्रों में कमजोरी बनी रही, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था से अधिक निकटता से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका से पीएमआई और पेरोल डेटा जारी होने के साथ-साथ चीन से मुद्रास्फीति के आंकड़े बाजार की गतिशीलता को प्रभावित कर सकते हैं। आर्थिक आंकड़े जारी होने के साथ निवेशक सतर्क हैं। हालांकि, पिछले सत्र में सूचकांकों में तेजी आई, जो भारतीय जीडीपी के शानदार आंकड़ों और भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन से प्रेरित थी, क्योंकि उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि मजबूत आर्थिक आंकड़ों से भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसा बढ़ा है, लेकिन उच्च तरलता तथा मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच रिजर्व बैंक के नीतिगत फैसलों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने के बाद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट आई है, जिससे इक्विटी बाजार को भी समर्थन मिला है।



### पंजाब में जीएसटी संग्रह 15.69 प्रतिशत बढ़ा

**चंडीगढ़।** पंजाब ने 2022-23 की तुलना में मौजूदा वित्त वर्ष में फरवरी के अंत तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 15.69 प्रतिशत और उत्पाद शुल्क संग्रह में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता संभालने के बाद से राज्य का वित्तीय ग्राफ सुधरा है। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक शुद्ध जीएसटी संग्रह 19,222.5 करोड़ रुपये है, जबकि 2022-23 में इसी अवधि में यह 16,615.52 करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें 2,606.98 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि उत्पाद शुल्क से प्राप्त राजस्व में भी 842.72 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है और यह 8,093.59 करोड़ रुपये पर पहुँच गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 7,244.87 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा, बेहतर योजना और कार्यान्वयन के साथ, फरवरी के अंत तक राज्य का शुद्ध कर राजस्व 13.85 प्रतिशत बढ़कर 34,158 करोड़ रुपये के पार पहुँच गया है।



### भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट ने यूपीआई हैंडल लॉन्च किया

**बेंगलुरु, 3 मार्च।** ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने रविवार को अपने 500 मिलियन से अधिक ग्राहकों सहित सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान को और बेहतर बनाने के लिए अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) हैंडल लॉन्च किया। फ्लिपकार्ट यूपीआई के साथ, ग्राहक अब फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के भीतर और बाहर ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन के लिए अपना स्वयं का यूपीआई हैंडल बना सकते हैं। एक शानदार ग्राहक अनुभव के लिए, यूपीआई लॉन्च के बाद सुपरकॉइन्स, कैशबैक, ब्रांड वाउचर, माइलस्टोन के अलावा बहुत सारे लाभों को को प्रदान किया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा, फ्लिपकार्ट ऐप पर, फ्लिपकार्ट यूपीआई का उपयोग किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के भुगतान के लिए किया जा सकता है, जिसमें ई-कॉमर्स लेनदेन, यूपीआई आईडी को स्कैन, भुगतान, रिचार्ज और बिल भुगतान शामिल है। अपने पहले चरण में, फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है, जिसमें ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐप का उपयोग कर अपने डिजिटल लेनदेन के लिए @एफकेएक्सिस हैंडल के साथ यूपीआई के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।



# हेमंत के समर्थन में 18 वें दिन भी झामुमो का उपवास, गांव-गांव निकल रही न्याय यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के मोहराबदी मैदान के पास बापू बाटिका में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में 18 वें दिन भी उपवास का कार्यक्रम जारी है। इस उपवास कार्यक्रम में हर अलग-अलग जिलों के झामुमो कार्यकर्त्ता शामिल हो रहे है, 18 वें दिन रांची जिला के कार्यकर्त्ता जिला अध्यक्ष मुस्ताक अहमद के नेतृत्व में उपवास पर बैठे । झामुमो के नेताओं ने कहा जिस जमीन के मालिकाना हक को लेकर भाजपा ने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया है, उससे झामुमो कार्यकताओं में काफी आक्रोश है, हमलोग गिरफ्तारी के विरोध में सड़क पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन झामुमो नेताओं ने शांतिपूर्ण ओंदोलन करने को कहा , जिसके बाद ही वे लोग अनिश्चितकालीन उपवास पर धरने पर बैठ कर न्याय की आस लगा रहे हैं । झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि जिस जमीन को लेकर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है, उसका ट्रांसफर भी नहीं हो सकता है, हेमंत सोरेन का नाम भी नहीं है, फिर भी ईडी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । इसकी कीमत भाजपा को लोकसभा और विधानसभ चुनाव में भुगतना पड़ेगा । जिला सचिव हेम लाल मेहता ने कहा कि राज्य के हर प्रखंड के सभी पंचायतों में न्याय यात्रा निकला जा रहा है, हर घर में संपर्क अभियान चल रहा है, गाँव में भाजपा के प्रति काफी आक्रोश है, लोग भाजपा का झंडा उठाने और नाम लेने को तैयार नहीं हैं।




## हेमंत को सलाखों के पीछे भेज कर सबूत खोज रही है भाजपा : बिनोद



झामुमो के केन्द्रीय महासचिव बिनोद पाण्डेय ने भाजपा को निशाने पर लेते कहा कि पूरा देश भाजपा का राजनितिक चरित्र देख रहा है, पहले हेमंत सोरेन को सलाखों के पीछे भेज दिया , और सबूत खोज रही है, जिस जमीन को लेकर राजभवन से ही हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया जाता है, उस जमीन का अब सबूत ही नहीं मिल रहा है, झामुमो नेता ने सवालिया सहजे में कहा कि क्या सीएम हेमंत सोरेन भगोड़ा थे , जो उन्हें इस तरह गिरफ्तार किया गया । भाजपा ने राजीनीतिक साजिश के तहत हेमंत को फंसाया है , झामुमो नेता ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि आखिर भाजपा के पास हेमंत की गिरफ्तारी का क्या आधार है उन्हें जनता के समक्ष लाना चाहिए। भाजपा सिर्फ डरा धमका कर सरकार गिराना चाहती थी जिसमें वह सफल तो हो गयी। लेकिन देश कि जनता भाजपा के राजनीतिक कृत्य को देख रही है।

## कानून के दायरे में हुई कार्रवाई, कोर्ट का रास्ता है खुला : बावरी



भाजपा विधायक दल के नेता अमर बावरी ने कहा कि एनडीए कि सरकार किसी भी नेता को बेवजह न तो परेशान करती है और न ही किसी सरकार को गिराने का प्रयास करती है। लोगों के भ्रष्टाचार पर केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई करती है और वे अपने मेंडेट पर काम करती है। हां... दूसरे दलों के नेताओं को परेशान यूपीए सरकार में जरुर किया जाता था थे, जिसके एक नहीं कई उदहारण देश में मौजूद हैं । भाजपा नेता ने कहा कि यदि झामुमो को लगता है कि हेमंत सोरेन बेगुनाह हैं तो उनके लिए कोर्ट का रास्ता हमेशा खुला है, वैसे देश के बड़े-बड़े वकील जिनमे कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंधवी हेमंत का पैरवी कर रहे है, इसके बावजूद हेमंत को कोर्ट से राहत नहीं मिल रही है।

# बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाए जाने पर जल्द होगा निर्णय : चंपाई

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन रविवार को सड़क मार्ग से गढ़वा जाने के दौरान लातेहार पहुंचे। लातेहार परिसदन में उन्होंने कार्यकताओं से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाए जाने के सवाल पर कहा कि आज तो वह इस विषय पर कुछ नहीं बता पाएंगे लेकिन प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रोजगार के संबंध में कहा कि झारखंड सरकार बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए तत्पर है। लातेहार में संचालित विभिन्न कोयलरी में भी स्थानीय लोगों को रोजगार मिले, इस पर फोकस किया जाएगा। लातेहार जिले में सरकारी डिग्री कॉलेज की कमी और साइंस की पढ़ाई नहीं होने के मामले में उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले में बेहतर काम करने के लिए सरकार प्रयासरत है। जल्द ही यहां बेहतर शिक्षा की व्यवस्था होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय कार्यकताओं से भी मुलाकात की।



# फल और फूल का संबंध काफी पुराना : नेता प्रतिपक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी ने रविवार को कहा कि भाजपा का आजसू के साथ पुराना संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि फल और फूल एक साथ है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए। लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट आजसू के खाते में है। यहां से आजसू जिसे भी प्रत्याशी देगा उसे भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मेहनत कर जिताएंगे। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जलवा ऐसा है कि प्रत्येक सीट पर हमारी जीत होगी। चुनाव चिन्ह कोई रहे, चेहरा कोई रहे, भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि पहली सूची में 11 लोगों के नाम तय कर दिए गए हैं। सभी के सभी चुनाव जीतेंगे। साथ ही कहा कि जल्द ही धनबाद और चतरा सीट पर प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### ओरमांझी के मंदरो में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**ओरमांझी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार जब से झारखंड में बनी तब से लूटपाट मची थी। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का आप लोग आशीर्वाद दें। देश के लोगों का नरेंद्र मोदी सरकार पर विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि दूसरे दल के लोग भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। वे रविवार को ओरमांझी के मंदरो गांव में कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टी के 50 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू और पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने सदस्यता ग्रहण कराई।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी में 1100 करोड़ की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही खूंटी संसदीय क्षेत्र में 1100 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास कार्यक्रम पांच मार्च को प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खूंटी समेत रांची को लोहरदगा से जोड़ने वाली मुख्य सड़क, रांची से बंदगांव को जोड़ने वाली सड़क और दुमका में करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास करेंगे। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि पांच मार्च को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की भी पांच मार्च को खूंटी आने की संभावना है। लेकिन फिलहाल उनके दौरे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। झारखंड के रघुवर दास के कार्यकाल में खूंटी बाइपास सड़क के निर्माण को मंजूरी दी गयी थी, लेकिन राजनीतिक साजिश और उदासीन रवैये के कारण अधिकारियों ने सड़क निर्माण पर रोक लगा दी। अर्जुन मुंडा के सांसद बनने के बाद बाइपास निर्माण की मांग तेज हो गयी और अर्जुन मुंडा ने खूंटीवासियों को बाइपास देने का वादा किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल के बाद नया डीपीआर तैयार हुआ और एनएचआई ने इसे मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय राजमार्ग 75ई पर तुपुदाना से बंदगांव फुलझड़ी पुल तक करीब 50 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1100 करोड़ रुपये की लागत से एनएचएआई द्वारा किया जायेगा। रांची के तुपुदाना को जैतगढ़ से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 75ई पर खूंटी और मुरहू में दो अलग-अलग बाईपास सड़कें और कई अंडरपास भी बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग 75ई पर तुपुदाना से बंदगांव फुलझड़ी पुल तक भी सड़क निर्माण होना है।



### मोटिया मजदूर संघ के अध्यक्ष समर्थकों के साथ जद यू में शामिल, जद यू ने माँगा एक सीट

**रांची ।** मोटिया मजदूर संघ की स्थापना दिवस पर केन्द्रीय अध्यक्ष संतोष सोनी ने सैकड़ों समर्थको के साथ जनता दल यू में शामिल हो गए। जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो ने मोटिया मजदूर संघ के सदस्यों को पार्टी का पटा और पहना कर स्वागत किया। मिलन समारोह में जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा पार्टी के अंदर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी परिपक्व व्यक्ति हैं इन्हें पूरा सम्मान दिया जाएगा एवं जनता दल यूनाइटेड को प्रदेश सहित पूरे देश स्तर में आगे ले जाने का काम किया जाएगा। जद यू की सदस्यता ग्रहण करने वाले मोटिया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड एवं वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो से काफी दिनों से प्रभावित रहा हूं और मुझे आज मौका मिला की जनता दल यूनाइटेड में अपनी सहभागिता देकर इस पार्टी को प्रदेश और देश स्तर पर और भी अधिक सशक्त और मजबूत कर सकूँ । जद यू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा के दो सीटों पर अभी सीट शेयरिंग को लेकर क्लियर नहीं किया गया है, उम्मीद है कि दो सीटों में एक सीट पर झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड को मिलेगा।

## एग्रोटेक किसान मेला में कर्रा के किसान दिलीप शर्मा सम्मानित

**खूंटी।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शनिवार और रविवार को कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एग्रोटेक किसान मेला में कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के प्रगतिशील किसान दिलीप कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। दो दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला का उद्घाटन कृषि एवं कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा किया गया था। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने रविवार को कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के प्रगतिशील किसान दिलीप कुमार शर्मा को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने लिए सम्मानित किया गया। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष दीपक राय ने बताया कि सम्मानित किसान द्वारा सात एकड़ भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के तहत गेंहू, चना, सरसों, मूंग तथा अन्य फसलों का उत्पादन किया गया है।

# जयंत सिन्हा के राजनीतिक सक्रियता के बावजूद सन्यास लेने के पीछे पारिवारिक कारण तो नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है, जिसमे झारखण्ड के 11 सीटों के नाम भी घोषित किया गया है । जिसमें दो सांसदों का टिकट काटा गया है । इसके साथ ही तमाम अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम हजारीबाग के भाजपा सांसद जयंत सिन्हा का नाम था, हालाँकि सूची घोषित होने के पहले ही सोशल मीडिया पर सांसद जयंत सिन्हा ने चुनाव लड़ने से इनकार करने की जानकारी दी । जयंत सिन्हा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे मेरे प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है, ताकि मैं भारत और दुनियाभर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने पर अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर सकूं। आगे उन्होंने पोस्ट में लिखा कि बेशक मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखूंगा। बीजेपी सांसद जयंत सिन्हा ने यह भी कहा कि वे आर्थिक और गर्वनेंस संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है।



## पिता के फैसलों से हमेशा असहज रहे जयंत

जयंत सिन्हा का अचानक सन्यास लेने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, क्योकि बे पिछले कई महीनों से काफी सक्रिय थे , लेकिन अचानक सन्यास क्र घोषणा कर सभी चौंका दिया । उनका टिकट काटा गया या खुद संयास लिया , यह अभी साफ नहीं है, लेकिन टिकट कटाने या सन्यास लेने के पीछे एक कारण उनके पिता के फैसले भी हो सकते हैं । जयंत सिन्हा के पिता यशवंत सिन्हा भाजपा के कद्दावर नेता मने जाते थे , पूर्व अटल बिहारी वाजयेपी के शासन में यशवंत सिन्हा विदेश मंत्री और वित्त मंत्री रहे थे। लेकिन, 2018 में उन्होंने भाजपा छोड़ दिया था । 2021 में वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये थे और टीएमसी के टिकट पर वह राज्यसभा के सदस्य भी बने । 2022 में वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ चुनाव भी लड़ चुके हैं । पिता के इन्ही सब फैसलों के कारण जयंत भाजपा में दूसरे कार्यकाल में हाशिये पर चले और अंततः उन्हें संयास लेने का फैसला करना पड़ा है ।

## दो दशक से सिन्हा परिवार का कब्जा

झारखंड की हजारीबाग सीट पर पिछले दो दशक से भाजपा के पूर्व विदेश और वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और उनके पुत्र जयंत सिन्हा का वर्चस्व रहा । पिता -पुत्र दोनों ने ही भारतीय जनता पार्टी का झंडा यहां बुलंद रखा और बीजेपी के खेवनहार बनते रहे । जब-जब पिता पुत्र की जोड़ी ने चुनाव लड़ा तो जीत ही मिली, सिर्फ 2004 की हार को छोड़ दे तो हजारीबाग लोकसभा के अखाड़े में इसी परिवार का दबदबा और वजूद रहा । लेकिन, अब जयंत सिन्हा का चुनावी राजनीति से संन्यास के एलान के बाद अब मनीष जयसवाल नये उम्मीदवार होगे ।

## दो बार जीते और केन्द्रीय मंत्री भी बने

जयंत सिन्हा 2014 में पहली बार हजारीबाग से लोकसभा चुनाव लड़े और जीते थे । पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें अपने पहले कार्यकाल में मंत्री बनाया था । 2016 से 2019 तक राज्य मंत्री रहे थे । इसके अलावा 2014 से 2016 तक वह वित्त राज्य मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 2019 में दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीते लेकिन उन्हें कोई मंत्रालय नहीं दिया गया था।

# पूर्ण योजना और पूर्व योजना से 400 पार का संकल्प पूरा करें : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार देर शाम नवगठित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई, जिसमें अलग-अलग विभागों की रचना के अनुसार कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव कार्य का प्रबंधन एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पार्टी हमेशा पूर्व योजना और पूर्ण योजना पर काम करती है, जिसके कारण सफलता मिलती है। मरांडी ने कहा कि सभी विभाग महत्वपूर्ण है, जिन्हें जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरा कराना है। हमारा लक्ष्य अपने विभाग को यशस्वी बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कार्यकर्ता को बूथ तक के कार्यकर्ता को सहयोगी बनना है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता एक बूथ, एक गांव को गोद ले। वहां सर्वाधिक वोट पार्टी के पक्ष में मिले इसे सुनिश्चित कराना भी हमारा दायित्व है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अब बड़े लक्ष्य को आसानी से पूरा करने के लिए अपने-अपने विभाग के सुचारू संचालन में जुट जाएं। रोड मैप बनाकर काम करने से सफलता आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि जनता का मिजाज भाजपा के साथ है। हम सब को उनके दरवाजे पर बार बार दस्तक देना है। उन्होंने कार्यकताओं को सभी विभागों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यों पर चर्चा की। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, समिति के संयोजक एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, मृत्युंजय शर्मा सहित प्रदेश के पदाधिकारी, विभाग के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे।




## ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**खूंटी।** खूंटी-रांची रोड में निमार्णाधीन बस स्टैंड के समीप रविवार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बाइक को सामने से चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उठाकर एंबुलेंस से सदर अस्पताल खूंटी भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान खूंटी थानांतर्गत ग्राम बरकरगी डुंडीगड़ा निवासी सुखराम पूर्ति के पुत्र नरसिंह पूर्ति उर्फ चरकू पूर्ति (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में खूंटी थाना में एक मामला दर्ज किया गया है । जानकारी के अनुसार रांची की ओर से खूंटी की ओर तेज रफ्तार में आ रहे एक टेलर घटनास्थल के समीप एक पिकअप वैन को ओवरटेक कर रहा था। उसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल आ गई, जिसे टेलर अपनी चपेट में लेते हुए मौके से फरार हो गया।

# सूबे में औद्योगिक आधारभूत संरचना के लिए अनुकूल माहौल प्रसंशनीय

**अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के अधिकारियों से झारखंड चैंबर ने की वार्ता**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोलकाता के आर्थिक और राजनीतिक मामलों के जानकार काजी रुम्मन दस्तमीर और राजनीतिक विशेषज्ञ टिंकू रॉय ने झारखंड प्रवास के दौरान झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ अनौपचारिक मुलाकात की। होटल रेडिशन ब्लू में हुई मुलाकात के दौरान झारखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास की सम्भावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही सुझावों का आदान-प्रदान हुआ। काजी रुम्मन दस्तमीर ने झारखंड में औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए तैयार अनुकूल माहौल और यहां के कुशल श्रमबल की प्रशंसा की। साथ ही अर्थव्यवस्था के विकास के लिए जरूरी संभावनाओं की लक्ष्य प्राप्ति के लिए उद्योग जगत को और किन संसाधनों में बेहतरी की आवश्यकता है पर चैंबर का मंतव्य जाना। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने माईनिंग, टेक्सटाइल, सिल्क, वन उत्पाद, हॉर्टिकल्चर और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में झारखंड के बढ़ते कदम पर संतोष जताते हुए कहा कि कुटीर उद्योग से जुड़ी महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने की दिशा में भी चैंबर निरंतर प्रयासरत है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा वन उत्पाद से निर्मित वस्तुओं को बेहतर मार्केट मिल सके, इसके लिए प्रत्येक जिले में महिला मार्केट की स्थापना की मांग सरकार से की गई है। यदि बेहतर मार्केट उपलब्ध कराने में सहयोग मिले तब कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को विश्वस्तरीय मार्केट मिल सकेगा। राज्य से पलायन को रोकने के लिए उन्होंने स्थानीय स्तर पर औद्योगिकीकरण को और अधिक प्रोत्साहन देने की बात कही। दूतावास के अधिकारियों ने राज्य के औद्योगिक विकास के लिए चैंबर के सुझावों को गंभीरता से सुना और उनके स्तर से होने वाले कार्यों के लिए उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## पृष्ठ एक के शेष

**सात आईएएस अधिकारियों का...**

के संयुक्त सचिव घोलप रमेश गोरख को चतरा डीसी, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी को पशुपालन विभाग का निदेशक, पशुपालन विभाग के निदेशक आदित्य रंजन को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मध्यान भोजन प्राधिकार झारखंड के निदेशक और झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

**पीएम मोदी आज तेलंगाना को...**

85 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति करेगी। इसकी बिजली उत्पादन दक्षता लगभग 42 प्रतिशत होगी जो एनटीपीसी के सभी बिजली स्टेशनों में सबसे ज्यादा है। इसका शिलान्यास भी प्रधानमंत्री ने ही किया था।

**कल्पना सोरेन गिरिडीह में पहली...**

आपसे साझा करती रहूंगी, आपकी सेवा करती रहूंगी। विश्वास है, जैसा स्नेह और आशीर्वाद आपने अपने बेटे और भाई हेमन्त जी को दिया है, वैसा ही स्नेह और आशीर्वाद, मुझे यानी हेमन्त जी की जीवन संगिनी को भी देंगे। जय जोहार! जय झारखण्ड! हेमन्त है तो हिम्मत है! झारखंड झुकेगा नहीं। इससे पहले कल्पना सोरेन ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ससुर शिबू सोरेन और सास रूपी सोरेन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं कल्पना सोरेन ने जेल में जाकर पति हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की है। अब ऐसे में यह माना जा रहा है कि कल्पना सोरेन अब सक्रिय रूप से झारखंड की राजनीति में अपनी भूमिका निभाएंगी। हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं हैं और मूल रूप से ओडिशा के मयूरभंज जिले की रहने वाली हैं। हालांकि वह काफी पढ़ी लिखी हैं। कल्पना की शादी 7 फरवरी 2006 को हेमंत सोरेन से हुई थी। 1976 में रांची में जन्मी कल्पना ने इंजीनियरिंग और एमबीए की पढ़ाई की है।

**स्पेनिस महिला से गैंगरेप मामले में...**

का बयान दर्ज हुआ। इधर, हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट के कांजो गांव घटना स्थल पर स्पेशल ब्रांच, फॉरेंसिक टीम एवं सीआईडी की टीम जांच-पड़ताल कर रही है। न्यायालय में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विश्वनाथ भगत समेत अन्य न्यायाधीश के समक्ष अपराधियों का पहचान परेड हुआ। न्यायिक प्रक्रिया तेजी से पूरी हो रही है। फॉरेंसिक टीम ने सभी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की है। महिला के पति को न्यायालय परिसर में बने वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से ब्राजील एवं स्पेन की एम्बेसी से बात कराया गया। हालांकि, पुलिस की पकड़ से अब भी चार अपराधी दूर हैं। सभी आरोपित शादीशुदा हैं। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि एसआईटी की दो टीमें गठित की गई हैं। एक टीम अनुसंधान एवं दूसरी टीम गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। अनुसंधान के दौरान विदेशी दंपति से लूटी गई घड़ी, चांदी के विदेशी सिक्के एवं बांग्लादेश का टाका घटनास्थल से बरामद हुए हैं।

**ब्राजील और स्पेनिस दूतावास ने...**

गंभीरता और बर्बरता को देखते हुए वे भारतीय प्रशासन और स्पेनिश प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। स्पेन के दूतावास ने एक बयान में कहा कि आपके समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद। हमें दुनिया में हर जगह महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता में एकजुट होने की जरूरत है।

**बाइक से विश्व भ्रमण पर...**

को बांध दिया और महिला को टेंट से बाहर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं आरोपितों ने दंपति के साथ मारपीट की और विदेशी मुद्रा लूट लिया। शुक्रवार की देर रात गश्त पर निकली हंसडीहा थाना पुलिस ने उन्हें सड़क किनारे देखा और महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

# इंटक नेता रवि चौबे भाजपा में शामिल, बाबूलाल ने दिलाई सदस्यता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंटक नेता रवि चौबे अपने समर्थकों के साथ रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण ली । प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इंटक नेता रवि चौबे और उनके समर्थकों को माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया । इस मौके पर भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बावरी भी मौजूद थे । कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधन में कहा कि पिछले वर्षों में विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर प्रयासरत है । आगामी चुनाव में उनके कार्यों को देखते हुए एक बार फिर दिल से मोदी सरकार बनाएं । बाबूलाल मरांडी ने दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में हुए स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर मामले में सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार इसमें लीपापोती कर रही है । यह राज्य का ही नहीं बल्कि पूरे देश की बदनामी से जुड़ा मामला है और यह पहली घटना नहीं ऐसे सैकड़ो घटनाएं घट चुकी है। जहां महिलाओं को उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, यह सरकार बस लूट खसोट में लगी है।


## आईजी, डीआईजी और एसपी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिसकर्मियों व मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और सभी जिलों के एसपी को चुनाव के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। चुनाव संबंधित प्रशिक्षण के लिए रविवार को सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी और एसपी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव में प्रतिनियुक्त जवानों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया गया। उन्हें मतदान सामग्री की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के तरीके भी बताये गए। मतदाताओं को असुविधा न हो, उन्हें कोई मतदान से वंचित न कर पाये और उन्हें अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई दबाव बनाये, वैसे लोगों से कैसे निपटना है, उन्हें यह भी बताया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण चल रहा है। इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति, खासकर नक्सली इलाकों में मतदान कैसे कराया जाये, पिछले दिनों चुनाव के दौरान किस तरह की गड़बड़ी का सामना करना पड़ा, किन इलाकों में कौन से नक्सली ग्रुप सक्रिय हैं और उनसे कैसे निपटना है, चुनाव आयोग ने इस संबंध में निर्देश दिये हैं। यह सब बातें झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी अमोल होमकर ने प्रशिक्षण सत्र में पुलिस अधिकारियों को विस्तार से बतायी। झारखंड पुलिस के आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार लोकसभा चुनाव के दौरान वीआईपी सुरक्षा के नोडल पदाधिकारी हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री से लेकर कई वीआईपी और स्टार प्रचारकों का आना-जाना रहेगा। ऐसे में वीआईपी सुरक्षा में किस तरह के प्रोटोकॉल का पालन करना है, इसकी जानकारी भी प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों को दी गयी है।






## एक नजर

### पीएम ने विश्व वन्यजीव दिवस पर पशु प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को विश्व वन्यजीव दिवस पर पशु प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारी धरती पर जीवों की अविश्वसनीय विविधता का उत्सव मनाने और इनकी रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, विश्व वन्यजीव दिवस पर सभी पशु प्रेमियों को बधाई। आज का दिन अपनी धरती पर जीवों की अविश्वसनीय विविधता का उत्सव मनाने और इनकी रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर है। मैं उन सबकी सराहना करता हूं जो वन्यजीव संरक्षण के लिए सतत प्रयासों में सबसे आगे हैं और इसमें पूरा सहयोग कर रहे हैं।

### मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में रविवार सुबह मुठभेड़ में एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली मारा गया, जबकि बस्तर फाइटर्स का एक जवान आरक्षक रमेश कुरेठी गोली लगने से बलिदान हो गया। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलसेला ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिले के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र के हिदूर वनक्षेत्र में बड़े नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर बीएसएफ, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स का संयुक्त बल नक्सल उन्मूलन अभियान पर सुबह रवाना किया गया था। अभियान के दौरान सुबह 08 बजे हिदूर वनक्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। लगभग एक घंटे तक चली मुठभेड़ में वर्दीधारी एक पुरुष नक्सली मारा गया।

### जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग सभी राज्य एवं केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संरचनाओं के प्रवर्तन प्रमुखों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन सोमवार, 04 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित कर रहा है। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण इस एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी और मुख्य भाषण देंगी। सम्मेलन में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी शामिल होंगे।

# भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। पटना**

राजधानी पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि देश से भाजपा को हटाकर आईएनडीआईए की सरकार बनाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में जब भी बदलाव आता है तो बिहार से तूफान शुरू होता है और यहां से तूफान देश के दूसरे राज्यों तक जाता है। बिहार देश की राजनीति का सेंटर है और बदलाव की शुरूआत बिहार से ही होती है। आज देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश के नागरिकों के दिल में नफरत नहीं, बल्कि मोहब्बत और एक-दूसरे का आदर है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है। नफरत का सबसे बड़ा कारण देश में अन्याय है। युवाओं के खिलाफ अन्याय, किसानों के खिलाफ अन्याय, सामाजिक और आर्थिक अन्याय। चालीस साल से सबसे अधिक बेरोजगारी हिंदुस्तान में है। राहुल गांधी ने कहा कि पब्लिक सेक्टर में पहले गरीबों को रास्ता मिलता था। सरकार में रोजगार और नौकरी मिल जाती थी। जैसे बिहार में तेजस्वी और छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने किया लेकिन केंद्र ने ये सभी रास्ते बंद कर दिए।



### भारत जोड़ो न्याय यात्रा बीच में ही छोड़कर पटना पहुंचे राहुल


**ग्वालियर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में छोड़ दिया और वे पटना के लिए रवाना हो गए। इससे पहले न्याय यात्रा के दूसरे दिन रविवार को उन्होंने देश में बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश में पिछले 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। यह पाकिस्तान की तुलना में दोगुनी है। हमारे पास बांग्लादेश-भूटान से भी अधिक बेरोजगार युवा हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी लागू कर छोटे व्यवसायों को खत्म कर दिया है। इसके बाद न्याय यात्रा शिवपुरी जिले के ग्राम मोहना तक गई। यहां जीप पर सवार होकर राहुल गांधी ने रोड शो किया।

# उत्तराखंड में चार धाम यात्रा की तैयारियां शुरू

### श्रद्धालुओं के लिए 11 भाषाओं में जारी होगी एसओपी

### बदरीनाथ-केदारनाथ में जल्द शुरू होंगे अस्पताल, यात्रा में मरीजों के उपचार में कोताही बर्दाश्त नहीं

### इस बार चारधाम में 150 की मेडिकल टीम, 15-15 दिनों के लिए की जाएगी तैनाती



**एजेंसी। देहरादून**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने में स्वास्थ्य महकमा की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चारधाम यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पताल शुरू हो जाएंगे। इस बार मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) 11 भाषाओं में जारी की जाएगी। ताकि देश के विभिन्न हिस्सों और देशों से आने वाले श्रद्धालु यात्रा संबंधी जरूरी सूचनाएं पढ़ सकें। स्वास्थ्य सचिव ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वह चारधाम यात्रा से पहले अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करा लें। स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने एक जारी विज्ञप्ति में बताया है कि बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पतालों के लिए उपकरण खरीदने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक से मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा चारधाम यात्रा मार्ग पर अनुभवी और उच्च हिमालय में काम करने के लिए प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जा रहा है ताकि तीर्थयात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देशानुसार विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुट गया है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्यसचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्देश प्राप्त हुए थे। इसके क्रम में चारधाम यात्रा को लेकर सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सभी विभागों से समन्वय किया जा रहा है। सभी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि बदरीनाथ और केदारनाथ के अस्पताल में उपकरण यात्रा से पहले उपलब्ध हो जाएंगे। इसके लिए शार्ट टेंडर जारी होंगे। इस बार चारधाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 150 लोगों की मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी। इस टीम को हाई एल्टीट्यूड में काम करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है : मोहन भागवत



### शाखा से प्राप्त शिक्षा के अनुरूप आचरण रखें स्वयंसेवक, भोग नहीं त्याग की करें साधना

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि अनुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता है जबकि अपनी गति बढ़ाकर कार्य करने वाले को विजयश्री मिलती है। उन्होंने कहा कि खरगोश और कछुआ की कहानी का सारांश यही है। आज देश में अनुकूल माहौल है। हमारा लक्ष्य अभी दूर है। यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है। पटना के राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में प्रातः काल आयोजित गणवेशधारी स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक गमले के पुष्प नहीं, बल्कि वन के फूल हैं जो अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है। हम लोगों को समाज ने सम्मान दिया है। स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं। हमें विनम्रता और शील नहीं छोड़ना चाहिए। हम लोग बलशाली हो सकते हैं लेकिन उन्मुक्त नहीं। भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए चार काम सुनिश्चित करें। पहला कार्य शाखा की नित्य साधना। दूसरा कार्य शाखा से प्राप्त शिक्षा के आधार पर आचरण रखना। तीसरा कार्य जैसा समाज चाहिए उस अनुरूप अनुशासन के साथ प्रामाणिकता से आचरण और चौथा कार्य भोग नहीं, बल्कि त्याग का सिद्धांत व्यवहार में उतरना। शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर पांच करणीय कार्य निश्चित किए गए हैं। पहला कार्य सामाजिक समरसता, दूसरा कार्य कुटुंब प्रबोधन, तीसरा स्वदेशी, चौथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और पांचवां कार्य नागरिक कर्तव्य बोध का जागरण है। कार्यक्रम में मंच पर दक्षिण बिहार प्रांत के संघचालक राजकुमार सिन्हा और महानगर के संघचालक डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने की राजनीति से संन्यास की घोषणा, कहा

# ईएनटी क्लीनिक उनकी वापसी का रहा है इंतजार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के नेता एवं पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने कैरियर का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपनी जड़ों से दोबारा जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा, कृष्णा नगर में मेरा ईएनटी क्लीनिक भी मेरी वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वे तंबाकू और मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ, जलवायु परिवर्तन और सरल व टिकाऊ जीवन शैली सिखाने के लिए काम करेंगे। अपने तीस साल से अधिक के करियर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन तीस सालों में पांच विधानसभा और दो संसदीय चुनाव लड़े और अनुकरणीय अंतर से जीते और पार्टी संगठन तथा राज्य और केंद्र की सरकारों में कई प्रतिष्ठित पदों पर काम किया। उन्होंने कहा कि संघ के कहने पर वे राजनीति में आए थे। वे (संघ) मुझे केवल इसलिए मना सके क्योंकि मेरे लिए राजनीति का मतलब हमारे तीन मुख्य शत्रुओं- गरीबी, बीमारी और अज्ञानता से लड़ने का अवसर था।

### भाजपा ने किया असम लोस क्षेत्रों के नाम की सूची में संशोधन

भाजपा ने अपनी सूची में असम से जुड़ी सीटों के नामों में संशोधन जारी किया है। भाजपा ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसमें मंगलदाई और कलियाबोर सीटें भी शामिल थीं। यह दोनों सीटें हाल ही में हुए परिसिमन के बाद अब लोकसभा क्षेत्र नहीं हैं। भाजपा ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर जारी करते हुए कहा कि असम राज्य के उम्मीदवारों की सूची में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की संख्या और नाम को सही किया गया है। नई संशोधित सूची में लोकसभा क्षेत्र दारंग उदालगुरी से दिलीप सैकिया, दीफू (एसटी) क्षेत्र से अमर सिंह तिस्सो, करीमगंज क्षेत्र से कृपानाथ मल्लाह, काजीरंगा क्षेत्र से कामाख्या प्रसाद तासा, सोनितपुर क्षेत्र से रंजित दत्ता उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र से बिजुली कलिता मेधी, लखीमपुर से प्रदान बरुआ, सिलचल (एससी) से परिमल शुक्लाबैद्य, डिब्रूगढ़ से सबानंद सोनोवाल, नौगांव से सुरेश बोरा और जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से तोपोन कुमार गोगोई उम्मीदवार होंगे।

### आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह, तृणमूल बोली खेला शुरू



**कोलकाता।** भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के आसनसोल से उम्मीदवार के तौर पर घोषित किए गए भोजपुरिया स्टार और मशहूर सिंगर पवन सिंह ने यू टर्न ले लिया है। शनिवार शाम जब उन्हें पार्टी ने उम्मीदवार बनाया तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जता रहे थे और कहा था कि वह आसनसोल की जनता पर भरोसा करते हैं। इसके बाद रविवार दोपहर उन्होंने अचानक घोषणा कर दी है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। इधर, दूसरी ओर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने पवन सिंह के इस पीछे हटने के कदम पर भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि खेला शुरू हो गया है। पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी ने पवन सिंह के चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान पर कहा है कि यह पश्चिम बंगाल के लोगों की अदम्य भावना और शक्ति की जीत है। तृणमूल ने पवन सिंह के पुराने गानों में बंगाल की महिलाओं के चित्रण पर सवाल खड़े किए थे। कुछ ही घंटों में यह विवाद काफी बढ़ गया। तृणमूल ने इसे बंगाल की महिला सम्मान से जोड़ दिया था।

### जज अभिजीत गंगोपाध्याय इस्तीफा देंगे, राजनीति में आने के दिये संकेत



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय राज्य में स्कूल भर्ती घोटाले जैसे संवेदनशील मामलों की सुनवाई से जुड़े थे। उन्होंने रविवार को एक स्थानीय चैनल को दिए साक्षात्कार में बताया कि वह मंगलवार को अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज देंगे। न्यायमूर्ति ने बताया कि उन्होंने गतिविधियों के बड़े परिदृश्य में कदम रखने का फैसला किया है। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा, अगर मैं किसी राजनीतिक दल में शामिल होता हूं और वे मुझे नामांकित करते हैं, तो मैं निश्चित रूप से उस फैसले पर विचार करूंगा। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय अगस्त 2024 में न्यायिक सेवाओं से सेवानिवृत्त होने वाले थे। वह वर्तमान में श्रम मामलों और औद्योगिक संबंधों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण दूसरे दिन भी बंद

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण रविवार को लगातार दूसरे दिन बंद है। यातायात विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रामबन जिले में लगातार बारिश के कारण कई जगह पर भूस्खलन हुए हैं। यातायात के लिए राजमार्ग को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। राजमार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे श्रीनगर और जम्मू में हमारे नियंत्रण कक्ष से संपर्क किए बिना यात्रा न करें।

## डोनाल्ड ट्रंप ने मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में हासिल की जीत

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कॉकस में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। मध्य-पश्चिमी राज्य में संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली पर ट्रम्प की जीत पूर्व राष्ट्रपति के लिए एक और अच्छी खबर है, जिन्होंने पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा और दक्षिण कैरोलिना में जीत हासिल की थी। एक प्रमुख राज्य मिशिगन में, ट्रम्प ने मंगलवार को रिपब्लिकन प्राइमरी में 68 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर जीत हासिल की थी। शनिवार को, रिपब्लिकन सम्मेलन के दौरान उन्हें अधिक प्रतिनिधियों का समर्थन मिला, इससे उत्तरी राज्य में उनकी जीत पक्की हो गई। ट्रम्प ने अब तक 100 से अधिक प्रतिनिधियों को एकत्र किया है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन हासिल करने के लिए कम से कम 1,215 प्रतिनिधियों का समर्थन हासिल करने की आवश्यकता होगी। राष्ट्रपति पद के प्राथमिक चक्र का वह दिन जब अधिकांश राज्य मतदान करते हैं, सुपर ट्यूजडे, नजदीक आ रहा है। इस वर्ष का सुपर ट्यूजडे 5 मार्च को है, जब लगभग 15 राज्य मतदान करेंगे। 2024 का राष्ट्रपति पद का चुनाव 5 नवंबर को होगा।

# मिनिकॉय द्वीप समूह में भारत ने बनाया नया नौसेना बेस

### मिनिकॉय द्वीप में आईएनएस जटायु तैनात कर परिचालन क्षमता बढ़ाएगी नौसेना

### नौसेना प्रमुख की मौजूदगी में 6 मार्च को शुरू होगा नया नौसैनिक हवाई अड्डा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मालदीव के साथ रिश्तों में आई खटास के बाद हिंद महासागर में अपनी नजर बनाए रखने के लिए भारतीय नौसेना ने लक्षद्वीप द्वीप समूह में एक नौसैनिक हवाई अड्डा बनाया है। यह अरब सागर में भारतीय मिनिकॉय द्वीप मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, जहां भारतीय नौसेना 06 मार्च को आईएनएस जटायु को तैनात करेगी। यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के मद्देनजर नौसेना की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना 06 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय को आईएनएस जटायु के रूप में तैनात करेगी। यह नौसेना बेस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के नौसेना के संकल्प में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय की स्थापना 1980 के दशक की शुरूआत में नौसेना ऑफिसर इन चीफ (लक्षद्वीप) की परिचालन कमान के तहत की गई थी।

कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि मिनिकॉय, लक्षद्वीप का सबसे दक्षिणी द्वीप है, जो संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों (एसएलओसी) तक फैला हुआ है। अपेक्षित बुनियादी ढांचे और संसाधनों के साथ एक स्वतंत्र नौसेना इकाई की स्थापना से द्वीपों में भारतीय नौसेना की समग्र परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। यह बेस परिचालन पहुंच को बढ़ाएगा और पश्चिमी अरब सागर में एंटी-पायरेसी एवं एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशंस की दिशा में भारतीय नौसेना के परिचालन प्रयासों को सुविधा प्रदान करेगा।

### अमेरिकी 'सीहॉक्स' एमएच-60आर छह को भारतीय नौसेना में होगा शामिल

भारतीय नौसेना 06 मार्च को कोच्चि के आईएनएस गरुड़ में शामिल किए गए अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को अपने बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल करेगी। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है, जिसे समुद्र में 'उड़ता फ्रिगेट' कहा जाता है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी।

# अब 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान

### 10 मार्च को देशभर में रोकी जाएंगी रेलगाड़ियां

### विधानसभा में किसान आंदोलन के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे सरकार: पंधेर

**एजेंसी। चंडीगढ़**

शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब 6 मार्च को दिल्ली कूच व 10 मार्च को देशभर में चार घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान किया है। यह जानकारी रविवार को किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने दी। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान शुभकरण की अंतिम अरदास के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर के किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बजाए रेलगाड़ियों, बसों तथा अन्य साधनों से 6 मार्च तक दिल्ली पहुंचने का आहवान किया गया है। शंभू, खनौरी व अन्य स्थानों पर धरना दे रहे किसान भी 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे। पंधेर ने कहा कि दिल्ली कूच को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। हरियाणा-पंजाब को छोड़कर दूसरे राज्यों के किसान अपने-अपने तरीके से दिल्ली पहुंचे। चाहे वे ट्रेन से आए या फिर पैदल आए। वे सभी दिल्ली के लिए कूच करें। उन्होंने कहा कि इससे सरकार की मंशा साफ हो जाएगी कि क्या वह किसानों को बिना ट्रैक्टर ट्रॉली के दिल्ली आने देगी। हरियाणा-पंजाब के खनौरी-शंभू बॉर्डर पर ऐसे ही आंदोलन चलेगा। पंधेर ने कहा कि देशभर के किसान संगठनों की मदद से 10 मार्च को भारत में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक रेलगाड़ियां रोकी जाएंगी। रेलगाड़ियों को कहां-कहां रोका जाएगा, इसका कार्यक्रम बहुत जल्द जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि ट्रेन-बस से किसान दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली जा रहे बिहार-कर्नाटक के किसानों को पुलिस ने ट्रेन से गिरफ्तार किया। अब दोनों संगठन किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) ने फैसला लिया कि 6 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली कूच करेंगे। पंजाब सरकार को भी घेरते हुए पंधेर ने कहा कि शुभकरण केस में एफआईआर दर्ज करने के नाम पर खानापूर्ति की गई है।